

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

कारगिल विजय दिवस आज



haribhoomi.com भोपाल, शनिवार 26 जुलाई 2025

### मुख्यमंत्री ने हमीदिया अस्पताल में किया सीटी स्कैन और एमआरआई मशीन का लोकार्पण

# मप्र का 'स्वास्थ्य मॉडल' आज पूरे देश में एक उदाहरण



**अस्पतालों को मेडिकल कॉलेज बनाने एक रुपए में दी जा रही 25 एकड़ जमीन**

**अब तक चार मेडिकल कॉलेजों को इस योजना के तहत जमीन दी जा चुकी**

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

मध्यप्रदेश का स्वास्थ्य मूडल आज पूरे देश में एक उदाहरण के रूप में काम कर रहा है। हमने अस्पतालों को मेडिकल कॉलेज के रूप में विकसित करने के लिए एक नया मॉडल अपनाया है, जिसमें 25 एकड़ जमीन मात्र एक रुपए में उपलब्ध कराई जा रही है।

यह देश का पहला ऐसा मॉडल है। अब तक चार मेडिकल कॉलेजों को इस ▸▸शेष पेज 4 पर



**मप्र में 40 से अधिक मेडिकल कॉलेज**

मुख्यमंत्री ने बताया कि मप्र में 40 से अधिक मेडिकल कॉलेज हैं, जो हमारी सरकार की स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमने यह भी सुनिश्चित किया है कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तत्काल अस्पताल पहुंचाया जाए। यदि मरीज की स्थिति गंभीर है, तो पहले घंटे में इलाज के लिए सरकार द्वारा 25 हजार रुपए की अनुदान राशि प्रदान की जाएगी।

## छह करोड़ रु. में सीटी स्कैन तो 18 करोड़ से लगी एमआरआई

- *हमीदिया अस्पताल के अधीक्षक डॉ. सुनीत टंडन ने बताया कि अस्पताल ने मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नए भवन ब्लॉक-1 में छह करोड़ रुपए की सीटी स्कैन और 18 करोड़ रुपए की एमआरआई मशीनें स्थापित की हैं। इन्हें इमरजेंसी विभाग के ठीक पीछे लगाया गया है, ताकि गंभीर मरीजों की जांच तुरंत की जा सके।*
- *सीटी स्कैन मशीन वॉल्यूमेट्री, फ्यूजन और पर फ्यूजन जैसी आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित है।*
- *एमआरआई मशीन में डेडिकेटेड ब्रेस्ट कॉइल्स हैं, जिससे ब्रेस्ट कैंसर की गहन जांच आसान होगी।*
- *दोनों मशीनें फास्ट स्क्रीनिंग में सक्षम हैं और हृदय रोगों की उन्नत जांच के लिए हाई-क्वालिटी कार्डियक पैकेज उपलब्ध कराती हैं।*










### उदयपुर फाइल्स की रिलीज पर रोक नहीं



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बड़ा फैसला लेते हुए कहा कि उसकी ओर से उदयपुर फाइल्स की रिलीज पर कोई रोक नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, इस अदालत ने गुण-दोष पर कोई टिप्पणी नहीं की है। उचित आदेश पारित करना दिल्ली हाईकोर्ट पर निर्भर है। फिल्म राजस्थान के दर्जी कन्हैयालाल के मर्डर पर आधारित होने का दावा करते हुए इसका विरोध किया जा रहा है। मामले को दिल्ली हाईकोर्ट भेजा है। याचिकाकर्ताओं को हाईकोर्ट में दलीलें देने को कहा है। हाईकोर्ट से सोमवार को ही सुनवाई करने को कहा गया है।

### 28 को लोकसभा और 29 को राज्यसभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर होगी चर्चा

# राजनाथ, शाह, जयशंकर रखेंगे सरकार का पक्ष, प्रधानमंत्री भी ले सकते हैं हिस्सा

रिजिजू ने बताया कि राज्यसभा में जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग के प्रस्ताव के लिए विपक्ष की ओर से प्रायोजित नोटिस को उच्च सदन में स्वीकार नहीं किया गया है, जिससे निचले सदन में इस प्रक्रिया को शुरू करने का रास्ता साफ हो गया है



एजेंसी ⏭नई दिल्ली

संसद के दोनों सदनों में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में होगी। सोमवार यानी 28 जुलाई को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की शुरुआत करेंगे। चर्चा में भाग लेने वाले अन्य मंत्रियों में गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर भी शामिल हैं।

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर और निशिकांत दुबे भी इसमें भाग लेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी चर्चा में हिस्सा ले सकते हैं। ऐसे ही ▸▸शेष पेज 4 पर

स्पीकर ओम बिरला ने संसद में प्रश्नकाल, चर्चा और संवाद को जारी रखने की अपील की और कहा कि सभी सांसदों को संसदीय मर्यादा का पालन करते हुए जनहित के मुद्दों पर बहस करनी चाहिए

सर्वदलीय बैठक में सदन चलाने पर बनी सहमति, लोकसभा में सोमवार से नियमित होगी कार्यवाही

21 जुलाई से शुरू हुआ मानसून सत्र लगातार हंगामे के चलते एक भी दिन सुचारु रूप पर नहीं चल सका

**दोनों सदनों में इस विषय पर 16 घंटे की चर्चा होगी**



**केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सभी मुद्दों पर एक साथ चर्चा नहीं हो सकती**

***पहले ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होगी। उसके बाद हम तय करेंगे कि किन मुद्दों पर चर्चा होगी?***

**न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को हटाने का प्रस्ताव लोकसभा में लाया जाएगा**

रिजिजू ने बताया कि भ्रष्टाचार के मामले में फंसे न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को हटाने का प्रस्ताव लोकसभा में लाया जाएगा। हमें किसी भी संदेह में नहीं रहना चाहिए। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को हटाने की कार्यवाही लोकसभा में शुरू होगी। राज्यसभा में इसी तरह के प्रस्ताव के लिए विपक्ष की ओर से प्रायोजित नोटिस को उच्च सदन में स्वीकार नहीं किया गया है, जिससे निचले सदन में इस प्रक्रिया को शुरू ▸▸शेष पेज 4 पर

**न्यायाधीश (जांच) अधिनियम क्या कहता है?** न्यायाधीश (जांच) अधिनियम के अनुसार, लोकसभा में कार्यवाही समाप्त होने के बाद कार्यवाही राज्यसभा में स्थानांतरित की जाएगी। सत्तारूढ़ गठबंधन और विपक्ष के 150 से अधिक सांसदों ने लोकसभा में नोटिस पर हस्ताक्षर किए थे।

### विपक्षी दलों से संसद की कार्यवाही बाधित न करने का आग्रह

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मानसून सत्र शुरू होने से पहले कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों ने मांग की थी कि ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम आतंकी हमले पर संसद में चर्चा होनी चाहिए। सरकार ने कहा कि हम इस पर चर्चा के लिए तैयार हैं। विपक्ष पहले दिन से ही संसद के अंदर और बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहा है। सदन को चलने नहीं दे रहा है। संसद के मानसून सत्र के पहले हफ्ते में हम केवल एक विधेयक पारित कर पाए हैं। मैं सभी विपक्षी दलों से संसद की कार्यवाही बाधित न करने का आग्रह करता हूं। उन्होंने यह भी कहा कि सभी मुद्दों पर एक साथ चर्चा नहीं हो सकती। विपक्ष ने बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया समेत कई मुद्दे उठाए हैं। हमने उन्हें बताया है कि पहले ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होगी। उसके बाद हम तय करेंगे कि किन मुद्दों पर चर्चा होगी।

▸▸पढ़ें पेज 07 भी

*छत टपक रही थी फिर भी उनको कमरे में ही बैठाए रखा*



# 'प्रार्थना' के वक्त 'मौत'

## झालावाड़ में स्कूल की छत गिरने से 10 बच्चों की मौत, 5 शिक्षक निलंबित

***करीब 30 बच्चे घायल, इनमें से 11 की हालत गंभीर***

***गांव वालों ने मलबे से बच्चों को निकाला***

- जिस कक्षा में हादसा हुआ उसमें करीब 30-35 बच्चे थे
- हद है-शिक्षा मंत्री ने इस घटना को कांग्रेस का पाप बताया

एजेंसी ⏭झालावाड़

राजस्थान के झालावाड़ जिले के पिपलोदी गांव में शुक्रवार सुबह स्कूल की छत गिरने से दर्दनाक हादसा हुआ। यहां एक सरकारी स्कूल की बिल्डिंग की छत अचानक गिर गई, जिससे स्कूल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। प्रार्थना सभा के दौरान हुई इस घटना में 10 बच्चों की मौत हो गई है।

शिक्षा विभाग ने पांच शिक्षकों को निलंबित किया है। हादसा उस वक्त हुआ जब प्रार्थना चल रही थी। हादसे के समय स्कूल के शिक्षक भवन के बाहर थे। जबकि छात्र स्कूल भवन के अंदर प्रार्थना कर रहे थे। इस वजह से शिक्षक हादसे का शिकार नहीं हुए हैं। इस हादसे में करीब 30 बच्चे घायल हुए हैं । इनमें से 11 की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर रूप से घायल बच्चों को झालावाड़ के अस्पताल में भर्ती किया गया है।

जहां उनका इलाज चल रहा है। स्कूल की छत गिरने के बाद गांव वालों ने मलबे से बच्चों को निकालना शुरू किया। इसके बाद जेसीबी मशीन की मदद ली गई। स्कूल की छत काफी समय ▸▸शेष पेज 4 पर

### *जर्जर स्कूल की शिकायत भी की गई थी*

*घटना के चश्मदीद बनवारी ने बताया कि बच्चे स्कूल में जाकर बाहर वापस बाहर निकलने लगे थे। फिर उनको स्कूलों में जबरन अंदर भेजा गया। इसके बाद भवन की छत भरभराकर गिर गई। बच्चे उसी में दब गए। स्कूल जर्जर था। हम गांव वालों ने शिकायत भी की थी। शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद भी बच्चों को स्कूल में बैठाया जा रहा था। जिस कक्षा में हादसा हुआ उसमें करीब 30-35 बच्चे थे। शिकायत करने पर कहा कि पंचायत बनवाएगी भवन। सब एकदूसरे पर टालते रहे।*

**प्रधानमंत्री मोदी ने जताया दुख, मदद का दिया आश्वासन**

झालावाड़ स्कूल हादसे में बच्चों की मौत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख प्रकट किया। एक्स के माध्यम से पीएम ने कहा कि दुर्घटना अत्यंत दुःखद है। इस कठिन घड़ी में मेरी संवेदनाएं प्रभावित छात्रों और उनके परिवारों के साथ हैं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। साथ ही प्रधानमंत्री ने हर संभव मदद की बात भी कही।

### विरोध के बावजूद चुनाव आयोग का ऐलान

## अब पूरे देश में होगा मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण का काम




एजेंसी ⏭नई दिल्ली

चुनाव आयोग द्वारा बिहार में किए जा रहे मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विपक्ष द्वारा संसद से लेकर सड़क तक विरोध किया जा रहा है। भारी विरोध के बावजूद चुनाव आयोग ने शुक्रवार को बड़ा ऐलान किया। दरअसल, चुनाव आयोग ने कहा है कि देशभर में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण का काम अब शुरू करने का फैसला किया गया है और जल्द ही इसके लिए शेड्यूल जारी कर दिया जाएगा।

चुनाव आयोग ने बीती 24 जून को ही इस संबंध में आदेश जारी कर दिया था और कहा था कि संवैधानिक कर्तव्य के तहत और मतदाता सूची की अखंडता और सुरक्षा के लिए यह मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का काम किया जाएगा। अब चुनाव आयोग ने उसकी शुरुआत कर दी है। चुनाव आयोग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि मतदाता सूची की अखंडता को बनाए रखना निष्पक्ष और मुक्त चुनाव के लिए आधारभूत जरूरत है। जनप्रतिनिधि कानून, 1950 और रजिस्ट्रेशन ▸▸शेष पेज 4 पर

### जल्द जारी हो सकता है इसका शेड्यूल

**एसआईआर पर क्यों हो रहा विवाद?**


पिछले महीने 24 जून को निर्वाचन आयोग ने बिहार में विशेष मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का निर्देश दिया था। यह 25 जून से 26 जुलाई 2025 के बीच होना है। चुनाव आयोग का कहना है कि मतदाता सूची में फर्जी, अयोग्य और दो जगहों पर पंजीकृत मतदाताओं को हटाने के उद्देश्य से पुनरीक्षण किया जा रहा है। वहीं विपक्षी पार्टियों का आरोप है कि चुनाव आयोग इस विशेष गहन पुनरीक्षण के जरिए पिछले दरवाजे से लोगों की नागरिकता की जांच कर रहा है। साथ ही विपक्ष का आरोप है कि इसकी आड़ में बड़े पैमाने पर लोगों से मतदान का अधिकार छीना जा सकता है। हालांकि, चुनाव आयोग ने आश्वासन दिया है कि अगर कोई व्यक्ति मतदाता सूची से बाहर हो जाए, तो इसका मतलब यह नहीं होगा कि उसकी नागरिकता समाप्त हो गई है।

### कर्मचारी 20 दिन का अवकाश आधे वेतन के साथ ले सकेंगे

### केंद्रीय कर्मियों के लिए राहत भरी खबर

## बुजुर्ग माता-पिता की सेवा के लिए हर साल मिलेगी 30 दिन की छुट्टी

एजेंसी ⏭नई दिल्ली



केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए एक राहत भरी खबर सामने आई है। केंद्रीय कर्मी अपने बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल सहित किसी भी व्यक्तिगत कारण का हवाला देकर हर साल अन्य पात्र अवकाशों के अलावा 30 दिन की अतिरिक्त छुट्टी ले सकते हैं। ये पात्र अवकाशों के अलावा प्रति वर्ष 30 दिन के अर्जित अवकाश के रूप में होगी। इसके अलावा कर्मचारी 20 दिन का अवकाश आधे वेतन के साथ ले सकते हैं। केंद्रीय कर्मियों को 8 दिन का आकस्मिक अवकाश और 2 दिन का प्रतिबंधित अवकाश लेने की भी छूट है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में बताया कि केंद्रीय सिविल सेवा (छुट्टी) नियम, 1972 में अन्य पात्र छुट्टियों के अलावा, केंद्र सरकार के कर्मचारियों को प्रति वर्ष 30 दिन की अर्जित छुट्टी, 20 दिन की आधे वेतन की छुट्टी, 8 दिन की आकस्मिक छुट्टी और 2 दिन की प्रतिबंधित छुट्टी का प्रावधान है। इसका लाभ वे अपने बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल सहित किसी भी व्यक्तिगत कारणों से उठा सकते हैं।



**मंत्री ने एक सवाल पर राज्यसभा में दी जानकारी**

### *प्रधानमंत्री मोदी ने तोड़ा इंदिरा गांधी का रिकॉर्ड*

# 'सबसे लंबे समय' तक पद पर रहने वाले दूसरे पीएम बने

## पीएम मोदी ने पूरा किया 4078 दिन का कार्यकाल, हालांकि जवाहर लाल नेहरू अभी भी इस मामले में सबसे आगे

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी से लगातार पीएम बने रहने के मामले में इंदिरा गांधी को पीछे कर दिया है। दरअसल, इंदिरा गांधी ने 4077 दिनों तक लगातार प्रधानमंत्री पद का कार्यकाल संभाला था। पीएम मोदी शुक्रवार को इससे आगे निकल गए। इसके साथ ही अब वह दूसरे प्रधानमंत्री बन गए हैं, जो लगातार इतने लंबे समय तक पीएम बने रहे। फिलहाल पीएम मोदी का कार्यकाल अभी भी जारी है। हालांकि, पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू अब भी सबसे आगे हैं। वहीं स्वतंत्र भारत में जन्मे पहले प्रधानमंत्री मोदी सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री भी हैं। दरअसल, नरेंद्र मोदी शुक्रवार को इंदिरा गांधी को पीछे छोड़कर लगातार सबसे लंबे समय तक भारत के प्रधानमंत्री पद पर रहने वाले दूसरे शख्स बन गए हैं।

इंदिरा गांधी 24 जनवरी, 1966 से 24 मार्च, 1977 तक लगातार 4,077 दिनों तक प्रधानमंत्री रही थीं। लगातार तीन लोकसभा चुनावों में अपनी पार्टी को जीत दिलाने के मामले में नरेंद्र मोदी ने जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। नरेंद्र मोदी 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री बने और 2014 में प्रधानमंत्री पद संभालने से पहले तक इस पद पर बने रहे।





**ये रिकॉर्ड भी पीएम मोदी के नाम**

*वहीं आजादी के बाद जन्मे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री भी हैं। गुजरात में जन्मे नरेंद्र मोदी केंद्र सरकार के मुखिया के रूप में दो पूर्ण कार्यकाल पूरा करने वाले एकमात्र गैर-कांग्रेसी नेता भी हैं। एक अधिकारी ने कहा, मोदी भारत के सभी प्रधानमंत्रियों और मुख्यमंत्रियों में से एकमात्र ऐसे नेता हैं, जिन्होंने एक पार्टी के नेता के रूप में लगातार छह चुनाव जीते हैं। इसमें 2002, 2007 और 2012 में गुजरात विधानसभा चुनाव और 2014, 2019 और 2024 में लोकसभा चुनाव शामिल हैं।*


विंध्य की विरासत से समृद्ध होगी
मध्यप्रदेश पर्यटन की पहचान
मध्यप्रदेश पर्यटन
क्षेत्रीय पर्यटन कॉन्क्लेव
26-27 जुलाई, 2025 | रीवा
अद्भुत वन्यजीवन-अनोखे गंतव्य
शुभारंभ
सायं 6:00 बजे। कृष्ण राज कपूर ऑडिटोरियम, रीवा, मध्यप्रदेश
एवं
कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम
सायं 5:00 बजे। सैनिक स्कूल परिसर, रीवा
मुख्य अतिथि
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
पर्यटन विकास को नए आयाम
होटल, रिसॉर्ट, वेलनेस और ईको-टूरिज्म क्षेत्रों में निवेश करने वाले 6 प्रमुख निवेशकों को प्रदान किए जाएंगे 'लेटर ऑफ अवॉर्ड'
पर्यटन विभाग द्वारा राज्य में संचालित 'पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा' की बुकिंग अब जुड़ेगी IRCTC पोर्टल से
ग्रामीण होम-स्टे अब मेक माय ट्रिप, यात्रा, ईज़ माय ट्रिप जैसे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ट्रैवल एजेंसियों से जुड़ेंगे
2 प्रमुख डिजिटल मार्केटिंग कंपनियों, Barcode Experiential और Qyuki Digital के साथ रणनीतिक साझेदारी हेतु एमओयू
शहडोल में फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट का उद्घाटन युवाओं को मिलेंगे रोज़गार के अवसर
कला और हस्तशिल्प केंद्र स्थापित करने के लिए ग्राम सुधार समिति एमएम फाउंडेशन और समर्थ संस्था के साथ होगा अनुबंध
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
D-11071/25

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



## आज 19 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट

# सिंगरौली के माडा में 50 साल का रिकॉर्ड टूटा, 7 इंच बारिश, आज स्कूलों में छुट्टी

**राजघाट डैम के 12 गेट खोले, एमपी-यूपी का हाईवे बंद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में झमाझम बारिश का दौर जारी है। जिससे भोपाल, ग्वालियर समेत कई जिलों में शुक्रवार सुबह से हल्की और तेज बारिश का दौर जारी रहा। शुक्रवार को प्रदेश के 37 से अधिक जिलों में मध्यम और तेज बारिश का सिलसिला जारी रहा। सीधी में 9 घंटे में ही 4.8 इंच पानी गिर गया। वहीं, सिंगरौली में 7 इंच बारिश दर्ज की गई। इसके चलते सिंगरौली के स्कूलों में ▶▶ शेष पेज 4 पर



डिंडोरी में मार्ग बंद

सिंगरौली में बाढ़

- ग्वालियर में सबसे ज्यादा 3.7 इंच बारिश
- डिंडौरी में नर्मदा घाट पर मंदिर डूबे

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के सरकारी बंगले में पानी भर गया

### 37 जिलों में अलर्ट

शनिवार को भी 19 जिलों में अति भारी और 18 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह का कहना है कि प्रदेश में दो द्रोणिका और दो पश्चिमी विक्षोव सक्रिय हैं।

### कहां-कितना पानी गिरा?

पिछले 24 घंटे के दौरान ग्वालियर में सबसे ज्यादा 3.7 इंच पानी गिरा। रायसेन में 2.4 इंच, पचमढ़ी में 1.9 इंच, सिवनी में 1.6 इंच, भोपाल, दतिया-मलाजखंड में 1.1 इंच बारिश दर्ज की गई।

### छिंदवाड़ा में 20 गांवों से संपर्क टूटा

छिंदवाड़ा जिले के हर्रई विकासखंड में लगातार 12 घंटे से हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कट्टा नदी और नाले उफान में होने की वजह से करीब 20 गांवों से संपर्क टूट गया है।

### ये हैं हालात?

*तवा डैम के गेट सीजन में पहली बार खुले*

*जबलपुर में बरगी डैम के दो गेट और खोले गए हैं। इससे पहले 5 गेट खोले गए थे। अब कुल 7 गेटों से 40,259 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। बैतूल के सारणी में सतपुड़ा डैम के भी 7 गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है। मुरैना जिले में पगारा डैम का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर 655.88 फीट तक पहुंच गया है। इसके सभी 6 ऑटोमैटिक गेट खुल गए हैं।*

## खबर संक्षेप

### उमा कांजीलाल बनीं इग्नू की पहली महिला कुलपति

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की नई कुलपति प्रोफेसर उमा कांजीलाल को नियुक्त किया गया है। वह इग्नू की पहली महिला कुलपति नियुक्त हुईं। यह जानकारी शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों के द्वारा साझा की गई है। प्रोफेसर उमा कांजीलाल ने शुक्रवार को विश्वविद्यालय की कुलपति के रूप में पदभार संभाल लिया। वह 25 जुलाई 2024 से कार्यवाहक कुलपति के रूप में कार्यरत थीं।



### सहारा प्रमुख के बेटे के खिलाफ एफआईआर

**भोपाल।** भोपाल, जबलपुर और कटनी सहित अन्य स्थानों पर निवेशकों की 72.82 करोड़ की राशि के गबन मामले में ईओडब्ल्यू ने सहारा प्रमुख के बेटे सीमांतो राय, कंपनी के डीजीएम जेबी राय, डिप्टी मेनेजिंग वर्कर ओपी श्रीवास्तव सहित अन्य अफसरों पर एफआईआर दर्ज की है। इस मामले की जांच में गंभीर वित्तीय अनियमितताएं, और निवेशकों की राशि के दुरुपयोग का मामला पाया था। ▶▶ पढ़ें पेज 09 भी




### सैटेलाइट इंटरनेट की सेवाएं 140 देशों में बंद

**नई दिल्ली।** स्टारलिंक जो एलन मस्क की स्पेसएक्स द्वारा संचालित सैटेलाइट-आधारित इंटरनेट सेवा है, शुक्रवार को एक बड़े स्तर की आउटेज का शिकार हो गई। यह सेवा दुनिया के 140 से अधिक देशों में अपनी उच्च विश्वसनीयता के लिए जानी जाती है, लेकिन अचानक इसकी सेवाएं ठप हो गईं, जिससे लाखों यूजर्स को इंटरनेट एक्सेस नहीं मिल पाया। वजह आंतरिक सॉफ्टवेयर में गंभीर खराबी रही।



---

भारत और मालदीव के राष्ट्राध्यक्षों के बीच माले में हुई द्विपक्षीय बैठक के बाद पीएम मोदी ने की यह घोषणा

# ब्रिटेन के बाद अब मालदीव के साथ होगा भारत का 'एफटीए', शुरू हुई बातचीत

**शीर्ष नेताओं की वार्ता के बाद दोनों देशों के बीच हुए 8 समझौतों पर हस्ताक्षर**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मालदीव के दौरे पर हैं। मालदीव द्वारा उन्हें स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ के लिए मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। जब प्रधानमंत्री मोदी माले एयरपोर्ट पर पहुंचे तो उनका भव्य स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी का यह तीसरा मालदीव का दौरा है। मुइज्जू के कार्यकाल के दौरान किसी भी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष की पहली यात्रा है।

यह यात्रा दोनों देशों के लिए काफी अहम माना जा रहा है। भारत ने प्रधानमंत्री की मालदीव यात्रा के दौरान नए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत मालदीव को 4,850 करोड़ की लोन सहायता प्रदान किया है। यह कदम भारत और मालदीव के द्विपक्षीय संबंधों को और मज़बूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस वित्तीय सहायता ▶▶ शेष पेज 4 पर

*भारत और मालदीव के बीच मुक्त व्यापार समझौता (आईएमएफटीए) पर बातचीत भी शुरू हो चुकी है। आईएमएफटीए के माध्यम से मालदीव के कई उत्पादों को भारत के बाजार में प्रवेश मिलेगा, जबकि भारत के उत्पाद भी मालदीव में अधिक कॉम्पिटिटिव बनेंगे*

- *भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित ऋणों की वार्षिक पुर्नभुगतान बाध्यता में छूट*
- *हुलहुमाले में 3300 सामाजिक आवास इकाइयों का हस्तांतरण*

**मालदीव को 72 सैन्य वाहन की सहायता भी मिलेगी**

**6 हाई-इम्पैक्ट सामुदायिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन**

अड्डू शहर में सड़क और जल निकासी प्रणाली परियोजना का उद्घाटन





*उद्घाटन और हस्तांतरण कार्यक्रम*

*भारत की बायर्स क्रेडिट सुविधा के अंतर्गत निर्मित 3,300 सामाजिक आवास इकाइयों का सफलतापूर्वक हस्तांतरण किया गया। ये आवासीय इकाइयां मालदीव के लोगों के लिए किफायती और सुरक्षित रहने की व्यवस्था प्रदान करेंगी, जिससे स्थानीय समुदाय का जीवन स्तर बेहतर होगा। इसी दौरान, मालदीव के आड्डू सिटी में सड़क एवं जलनिकासी परियोजना का भी भव्य उद्घाटन हुआ। इस परियोजना से आड्डू सिटी के निवासियों को* ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 08 भी

प्रेस वार्ता में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा

### भारत मालदीव का सबसे भरोसेमंद मित्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि भारत, मालदीव का सबसे निकटतम और विश्वासपात्र पड़ोसी है। मालदीव न केवल भारत की नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी का अहम हिस्सा है, बल्कि महासागर विजन में भी एक विशेष स्थान रखता है। भारत को इस बात पर गर्व है कि वह मालदीव का सबसे भरोसेमंद मित्र रहा है। एक ऐसा मित्र जो हर संकट की घड़ी में सबसे पहले साथ खड़ा होता है। चाहे प्राकृतिक आपदा हो या महामारी ▶▶ शेष पेज 4 पर

---

150 घरों में जांच में 64 मरीज मिले

# श्योपुर में उल्टी-दस्त से 4 लोगों की मौत, 10 की हालत गंभीर

*कराहल बीएमओ सुरेश सोनी को सस्पेंड करने का प्रस्ताव कमिश्नर को भेजा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले से करीब 56 किमी दूर कराहल तहसील की सहरिया आदिवासियों की बस्ती में गुरुवार रात को उल्टी-दस्त से 2 साल के बच्चे की मौत हो गई। यहां पिछले 10 दिनों में उल्टी-दस्त से तीन बच्चों सहित चार लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 10 लोगों की हालत ▶▶ शेष पेज 4 पर

पानी के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे



4 लोगों की मौत के बाद स्वास्थ्य, महिला बाल विकास विभाग और पंचायत के अफसर सक्रिय हुए। गांव में मौतों के कारण जानने के लिए पानी के सैंपल कलेक्ट जांच के लिए भेजे गए। आसपास की गंदगी को भी साफ कराया गया। बस्ती के साथ ही पूरे गांव में पंचायत ▶▶ शेष पेज 4 पर

विधानसभा अध्यक्ष के स्थायी आदेश के तहत लगाई रोक

# विधानसभा परिसर में नारेबाजी प्रदर्शन नहीं कर सकेंगे विधायक

*कांग्रेस का विरोध, नहीं बंद कर सकते विधायकों का मुंह बंद*

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

विधानसभा के 28 जुलाई से प्रारंभ हो रहे सत्र के दौरान विधायक अब विधानसभा परिसर में नारेबाजी और प्रदर्शन नहीं कर सकेंगे। विधानसभा अध्यक्ष के स्थायी आदेश ▶▶ शेष पेज 4 पर

किसी को गाड़ी में बैठा कर न लाएं विधायक



*विधायकों से यह भी आग्रह किया गया है कि वे सत्र के दौरान विधानसभा भवन में किसी गैर या बिना प्रवेश पत्र धारी व्यक्ति को अपने साथ वाहन में बैठाकर या पैदल विधानसभा परिसर और सदन की लॉबी में प्रवेश* ▶▶ शेष पेज 4 पर

---

मृत्युदंड के प्रावधान पर केंद्र चिंतित

## राज्यपाल ने अपराजिता विधेयक ममता सरकार को 'वापस' भेजा



गृह मंत्रालय ने विधेयक के कई प्रावधानों को समस्या से ग्रस्त बताया

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने भारतीय न्याय संहिता में प्रस्तावित बदलावों पर केंद्र की ओर से उठाई गई गंभीर आपत्तियों पर विचार के लिए अपराजिता विधेयक को राज्य सरकार को वापस भेज दिया है। केंद्र ने पाया कि सितंबर 2024 में विधानसभा में पारित अपराजिता महिला एवं बाल (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून संशोधन) विधेयक, भारतीय न्याय संहिता की कई धाराओं के तहत दुष्कर्म की सजा में ▶▶ शेष पेज 4 पर

हज यात्रा के नियमों में फिर बड़ा बदलाव

## पति और पत्नी अब एक साथ एक कमरे में नहीं रह सकेंगे



पुरुष महिला के कमरे में जा भी नहीं सकता

**नई दिल्ली।** सऊदी अरब सरकार ने हज यात्रा 2026 के लिए नए नियम जारी किए हैं, जिसके अनुसार पति-पत्नी को हज यात्रा के दौरान एक ही कमरे में रहने की अनुमति नहीं होगी। महिला और पुरुष यात्रियों को अलग-अलग कमरों में ठहराया जाएगा और पुरुषों को महिलाओं के कमरों में जाने की अनुमति नहीं होगी। यह फैसला सऊदी सरकार ने लिया है। इस बार महिला और पुरुष आजमीन को अलग-अलग कमरों में ठहराया जाएगा। ▶▶ शेष पेज 4 पर

बच्चे की मां बना रही थी नमकीन

## ढाई साल का बच्चा खौलते तेल में गिरा गया, चली गई जान




खौलता हुआ तेल निकालकर एक टंकी में रख दिया था

**उमरिया।** जिले के चंदिया नगर में शुक्रवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। ढाई वर्षीय हितेश साहू खेलते समय खौलते तेल में गिर गया। घटना उस समय हुई जब बच्चे की मां बिमला साहू नमकीन बना रही थीं। नमकीन बनाने के बाद बिमला ने कड़ाही से खौलता हुआ तेल निकालकर एक टंकी में रख दिया था। इसी दौरान खेलते हुए हितेश अनजाने में उस गर्म तेल की टंकी में गिर गया। बच्चे के चीखने की आवाज सुनकर परिजन तुरंत मौके पर ▶▶ शेष पेज 4 पर

25 जुलाई को डॉ. सिंह को कॉल आया

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह को जान से मारने की धमकी



■ शख्स बोला... तू जल्द मरने वाला है, डीजीपी से शिकायत

**भिंड।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह को जान से मारने की धमकी मिली है। उत्तर प्रदेश के एक शख्स ने 25 जुलाई को डॉ. सिंह को फोन किया और उनको जान से मारने की धमकी के साथ उनका मकान तोड़ने की बात भी कही। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए डॉ. गोविंद सिंह ने प्रदेश के डीजीपी कैलाश मकवाना को एक पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने अपनी सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और पूरे मामले की जांच कराने की मांग की है। सिंह ने पत्र में बताया है कि 25 जुलाई को सुबह 9.10 बजे उनके फोन पर एक कॉल आया और उसने ▶▶ शेष पेज 4 पर

---

इनमें उल्लू से लेकर अल्ट के नाम भी


इन पर आपत्तिजनक एड व अश्लील कंटेंट थे

# भारत सरकार ने सॉफ्ट पोर्न 25 एप और वेबसाइट्स पर लगाया 'बैन'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार ने ऑनलाइन अश्लील सामग्री के प्रसार पर लगाम कसने के लिए 25 ओटीटी एप्स और वेबसाइट्स को ब्लॉक करने का आदेश दिया है।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने इंटरनेट सेवा प्रदाताओं को इन प्लेटफॉर्म्स की सार्वजनिक पहुंच रोकने का निर्देश दिया है यानी इन एप्स पर पूरी तरह से बैन लगा दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार मंत्रालय को ये पता चला कि ये एप्स और वेबसाइट्स आपत्तिजनक विज्ञापन और अश्लील कंटेंट प्रसारित कर रही थीं, जो कई भारतीय कानूनों का उल्लंघन कर रहा था। इसके बाद मंत्रालय ने इन सभी पर कार्रवाई करते हुए देश भर में एक्सेस ब्लॉक करने का आदेश जारी किया। बैन होने वाले ये हैं



प्लेटफॉर्म- उल्लू, अल्ट, बिग शॉट एप, जलवा एप, वो एंटरटेनमेंट, लुक, हिट प्राइम, फेनो, शो-एक्स, सोल टॉकीज, कंगन, बुल एप, अड्डा टीवी, हॉट एक्स वीआईपी, देसीफ्लिक्स, बूमैक्स,नवरासा लाइफ, गुलाब, फुगी, मोजफ्लिक्स, हलचल, मूडेक्स, नियोन एक्स वीआईपी और ट्राइफ्लिक्स।

यह आपात स्थिति उस समय उत्पन्न हुई जब पायलट को उड़ान के दौरान कार्गो डोर के खुले होने का अलर्ट मिला

एयर इंडिया की ओर से यात्रियों को वैकल्पिक उड़ान की व्यवस्था की गई

# मुंबई जा रही एयर इंडिया की उड़ान में आई तकनीकी खराबी, 18 मिनट बाद ही कराई गई 'इमरजेंसी लैंडिंग'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजधानी जयपुर के एयरपोर्ट पर शुक्रवार को उस वक्त अफरातफरी मच गई जब मुंबई के लिए उड़ान भरने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-612 को उड़ान भरने के मात्र 18 मिनट बाद इमरजेंसी में लौटकर लैंडिंग करनी पड़ी। यह आपात स्थिति उस समय उत्पन्न हुई जब पायलट को उड़ान के दौरान कार्गो डोर के खुले होने का अलर्ट मिला। फ्लाइट ▶▶ शेष पेज 4 पर



**कंपनी के अधिकारिक बयान का इंतजार**

अब तक एयर इंडिया की ओर से इस आपात लैंडिंग को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन घटनास्थल पर मौजूद सूत्रों के अनुसार, विमान की स्थिति की बारीकी से जांच की जा रही है। घटना के दौरान विमान में सवार यात्रियों के बीच हल्का ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पायलट की सतर्कता से टली बड़ी दुर्घटना

एटीसी से हरी झंडी मिलने के बाद फ्लाइट एआई-612 की इमरजेंसी लैंडिंग सफलतापूर्वक कराई गई। विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। एयरपोर्ट की तकनीकी टीम मौके पर पहुंच चुकी है और विमान की जांच की जा रही है। पायलट को जैसे ही कार्गो गेट के साइन ऑन की सूचना मिली, उन्होंने खतरे को भांपते हुए कोई जोखिम नहीं लिया और तत्काल वापसी का निर्णय लिया। यह त्वरित निर्णय यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया और बड़ी अनहोनी टल गई।

# मुख्यमंत्री आज रीवा में करेंगे दो दिवसीय 'रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव' का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 26 जुलाई शनिवार को दो दिवसीय रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का शुभारंभ करेंगे। इस



कॉन्क्लेव का उद्देश्य मप्र में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि के साथ-साथ पर्यटन व्यवसायियों, टूर ऑपरेटर्स और होटल इंडस्ट्री के बीच सहयोग और साझेदारी को बढ़ाने तथा मध्यप्रदेश में आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि तथा विंध्य क्षेत्र की पर्यटन क्षमताओं को पहचानते हुए राज्य में पर्यटन निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मप्र टूरिज्म बोर्ड की ओर से रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है।

### निवेश, डिजिटल बुकिंग, ग्राम पर्यटन और सांस्कृतिक साझेदारियों की होंगी ऐतिहासिक घोषणाएं

## उपमुख्यमंत्री शुक्ल और पर्यटन व संस्कृति मंत्री लोधी भी रहेंगे मौजूद

रीवा के कृष्ण राज कपूर ऑडिटोरियम में होने वाले इस रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल और पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी भी मौजूद रहेंगे। प्रबंध संचालक मप्र टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि कॉन्क्लेव में अभिनेता मुकेश तिवारी और पंचायत वेबसीरीज की अभिनेत्री सान्विका सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### डिजिटल बुकिंग के नए युग की शुरुआत

पर्यटन विभाग की ओर से राज्य में संचालित पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा की बुकिंग अब आईआरसीटीसी पोर्टल पर भी संभव होगी। इस वायु सेवा के माध्यम से भोपाल, इंदौर, रीवा, सतना और सिंगरौली जैसे शहरों को हवाई नेटवर्क से जोड़कर पर्यटन की पहुंच को विस्तार दिया जा रहा है।

### ग्राम होमस्टे बुकिंग प्लेटफॉर्म का शुभारंभ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मौजूदगी में 18 जून को ग्रामीण रंग, पर्यटन संग कार्यक्रम के दौरान एमपी पर्यटन विकास निगम एवं पर्यटन बोर्ड के बीच एमओयू साइन हुआ था। प्रदेश के 61 चयनित पर्यटन ग्रामों के ग्राम होमस्टे अब डिजिटल बुकिंग प्लेटफॉर्म से जुड़े हैं। इस प्लेटफॉर्म की विशेषता है कि यह डीजेयूबीओ जैसे आधुनिक प्रॉपर्टी मैनेजमेंट इंफर्मेशन सिस्टम से संचालित होता है, जो सेंट्रल रिजर्वेशन सिस्टम से युक्त है। इससे ग्रामीण होमस्टे अब मार्केट माई ट्रीप, यात्रा, इजी माई ट्रीप जैसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसियों (ओटीए) से भी जुड़ पाएंगे।

### निवेश प्रस्तावः प्रदेश में पर्यटन अधोसंरचना को नई गति

*कॉन्क्लेव के पहले सत्र में होटल, रिसोर्ट, वेलनेस और ईको-टूरिज्म क्षेत्रों में निवेश करने वाले छह प्रमुख निवेशकों को लेटर ऑफ अवॉर्ड दिए जाएंगे। इन प्रस्तावों के तहत धार, मंदसौर, रायसेन, विदिशा, जबलपुर और अलीराजपुर में निवेश प्रस्तावित है। प्रखर पाव की ओर से मंदसौर में ईको-टूरिज्म गतिविधियों और धार में मिनी रिसोर्ट की स्थापना की योजना है। गांधी सागर क्षेत्र में ईको टूरिज्म गतिविधि संचालित करने के लिए एक करोड़ रुपए की राशि का निवेश किया जाएगा। सिद्धार्थ सिंह तोमर रायसेन जिले के ढकना चपना में होटल, रिसोर्ट के माध्यम से आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों को आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के लिए 5 करोड़ का निवेश करेंगे। कैलाश फुलवानी द्वारा विदिशा जिले के नेहरयाई क्षेत्र में होटल, रिसोर्ट के सुविधाएं के लिए 3 करोड़ रुपए का निवेश प्रस्तावित है। इसी तरह रितु यादव, अफोर्ड मोटर्स जबलपुर की ओर से जबलपुर जिले में भेड़ाघाट के समीप नन्हाखेड़ा क्षेत्र में होटल, रिसोर्ट पर 1 करोड़ रुपए का निवेश प्रस्तावित है। आनंद ताम्रकार, पुष्पा इंटरप्राइजेस अलीराजपुर जिले के जूनाकट्ठीवाड़ा क्षेत्र में रिसोर्ट एवं वेलनेस सेंटर के लिए 1 करोड़ रुपए का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। इन परियोजनाओं से स्थानीय समुदाय को पर्यटन आधारित रोजगार प्राप्त होगा और क्षेत्रीय पर्यटन को स्थायित्व के साथ बल मिलेगा।*

---

## खबर संक्षेप

### यांगचेन बनीं इंदौर ग्रामीण एसपी

**भोपाल।** राज्य सरकार ने इंदौर ग्रामीण की एसपी हितिका बंसल का ट्रांसफर कर दिया है। उनके स्थान पर यांगचेन डोलकर भूटिया को इंदौर ग्रामीण का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। शासन द्वारा शुक्रवार को जारी आदेश के अनुसार 2013 बैच की आईपीएस और फिलहाल इंदौर में ही 15वीं बटालियन की कमांडेंट यांगचेन डोलकर भूटिया का तबादला इंदौर ग्रामीण एसपी के पद पर किया गया है, जबकि हितिका बंसल को इंदौर ग्रामीण एसपी से हटाकर 15वीं बटालियन में सेनानी बनाया गया है।

### आर्थिक अनियमितता के कारण लेखापाल को हटाया

**भोपाल।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के लेखापाल ज्ञानेन्द्र शर्मा को वित्तीय प्रक्रियाओं का उल्लंघन करने के गंभीर आरोप के कारण पद से हटा दिया गया है। विभागीय जांच में यह तथ्य सामने आया है कि जशर्मा ने लेखापाल के पद पर रहते हुए बिना सक्षम स्वीकृति और बिना अधिकृत भुगतान आदेश के डीडीओ की लॉगइन आईडी का दुरूपयोग कर भुगतान की कार्रवाई की थी। जांच में यह प्रक्रिया वित्तीय नियमों के प्रतिकूल और धोखाधड़ी में आती है। नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे ने शर्मा को पद से हटाने के आदेश दिए हैं।

---

### 5138 करोड़ लागत वाली कुंभराज परियोजना से 30 हजार हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित

# पीकेसी के साथ कुंभराज वृहद सिंचाई परियोजना से गुना के खेत होंगे सिंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश का कोई भी गांव, कोई भी खेत पानी से वंचित न रहे, इसके लिए हमारी सरकार ने प्रदेश में तीन बड़ी नदी जोड़ो परियोजनाओं पर काम शुरू किया है। पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजना इन्हीं में से एक है। गुना जिले को पीकेसी के साथ-साथ कुंभराज वृहद सिंचाई परियोजना का भी बड़ा लाभ मिलेगा। इससे गांव-गांव और खेत-खेत तक पानी पहुंचेगा। यह परियोजना गुना जिले की तस्वीर बदल देगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को गुना जिले की चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्र के बीनागंज में पीकेसी नदी लिंक परियोजना के लिए आयोजित आभार सभा में बोल रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने करीब 5138 करोड़ रूपए की लागत वाली कुंभराज वृहद सिंचाई परियोजना का लोकार्पण किया। इस परियोजना से गुना जिले की 30 हजार हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि को बारहमासी सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो गई है। गुना जिले के समग्र विकास के लिए कुल 175.76 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न श्रेणी के 604 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया।

**1** गुना जिले में 175.76 करोड़ लागत से 604 विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

**2** मुख्यमंत्री ने किया पीकेसी नदी लिंक परियोजना के शुभारंभ के बाद आभार सभा को संबोधित



### चंबल और मालवा अंचल के 13 जिले लाभान्वित होंगे

*जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) नदी लिंक परियोजना की लागत 72 हजार करोड़ की है। इससे चंबल और मालवा अंचल के 13 जिले लाभान्वित होंगे। आज लोकार्पित कुंभराज वृहद सिंचाई परियोजना से 30 हजार हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। लागत 5 हजार करोड़ से अधिक है। केन-बेतवा लिंक नदी जोड़ो परियोजना 44 हजार 605 करोड़ की योजना है। तीसरी बड़ी नदी परियोजना तापी मेगा रिचार्ज परियोजना 19 हजार करोड़ की है। इससे दो जिले खंडवा और बुरहानपुर लाभान्वित होंगे। गुना जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि दोनों व्रिज आपद्वय के संयुक्त मार्गदर्शन में प्रदेश को इतनी बड़ी परियोजना की सौगात मिली।*

### लिवर ट्रांसप्लांट के लिए 4 लाख रुपए देने की घोषणा



मुख्यमंत्री ने बीनागंज के राजेश खंडेलवाल की बेटी के लिवर ट्रांसप्लांट के लिए 4 लाख रुपए देने की घोषणा की। बेटी के इलाज के लिए सरकार एक लाख रुपए पहले ही दे चुकी है। मुख्यमंत्री ने ममता विश्वकर्मा को 1 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने बीनागंज में गोशाला के संपूर्ण विकास के लिए 12 लाख रुपए देने की घोषणा की। क्षेत्रीय बहनों ने श्रावण मास पर मुख्यमंत्री को दो बड़ी राखियां भेंट की।

### राहवीर को 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राहवीर योजना के माध्यम से सड़क दुर्घटना में घायल लोगों की सहायता करने और अस्पताल पहुंचाने पर मदद करने वाले राहवीर को 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। हमारी सरकार ने गौपालकों को अनुदान देने की शुरुआत की है। गौशालाओं के लिए प्रति गाय अनुदान 20 रुपए से बढ़ाकर 40 रुपए कर दिया गया है।

### सावन में बहनों को 250 रुपए का शगुन मिलेगा

*मुख्यमंत्री ने कहा कि सावन का महीना चल रहा है, बहनों को 250 रुपए का शगुन मिलेगा। प्रदेश की लाड़ली बहनों को इसी साल दीपावली से 1500 रुपए हर माह भेजे जाएंगे। लाड़ली बहनें यदि फैक्ट्री में काम करेंगी, उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप 14 हजार रुपए मेहनताना दिलवाएंगे। युवाओं को भी रोजगार के लिए फैक्ट्री में काम करने पर सरकार 5 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत हम केन्द्र सरकार के साथ मिलकर पात्र किसानों को 12 हजार रुपए दे रहे हैं। सरकार प्रदेश को विकास की धारा से जोड़ रही है।*

---

# प्रधानमंत्री मोदी ने बढ़ाया विश्व में भारत का मान-सम्मान

### पीएम मोदी को मिला सबसे लंबे समय तक लगातार कार्यरत दूसरे प्रधानमंत्री बनने का गौरवः मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज हमारे देश के लिए बेहद गर्व का दिन है। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की सेवा में एक और ऐतिहासिक मील का पत्थर स्थापित किया है।

उन्होंने भूतपूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को पीछे छोड़ते हुए देश के सबसे लंबे समय तक लगातार कार्यरत दूसरे प्रधानमंत्री बनने का गौरव हासिल कर लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत की महान लोकतांत्रिक परम्पराओं से ओत-प्रोत परिपक्वता, सुदीर्घ विकास यात्रा और जनविश्वास की एक सशक्त अभिव्यक्ति है।

### सीएम ने दी बधाई

*सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने न केवल देश के भीतर अभूतपूर्व परिवर्तन देखे, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी बड़ी खूबी से अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। मैं मप्र की सम्पूर्ण जनता की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को इस उपलब्धि के लिए हृदय से बधाई देता हूं। यही कामना करता हूं कि वे दीर्घायु हों और इसी तरह देश का नेतृत्व करते हुए नये-नये कीर्तिमान स्थापित करते रहें। मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल एवं दूरदर्शी नेतृत्व में हमारा भारत विश्वगुरु बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।*

### उद्योग-व्यापार और वैश्विक संबंधों को नई ऊंचाई प्रदान करेगा ब्रिटेन से मुक्त व्यापार समझौता

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारत और यूनाइटेड किंगडम (ब्रिटेन) के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते यानि फ्री ट्रेड एग्रीमेंट-एफटीए की उल्लेखनीय उपलब्धि पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिनंदन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गरीब, किसान, युवाओं के साथ-साथ समूचा भारत गौरवान्वित हो रहा है। ब्रिटेन के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को लेकर जो करार किया है, यह न केवल उद्योग, व्यापार और रोजगार की दृष्टि से, बल्कि वैश्विक संबंधों की दृष्टि से भी भारत को नई ऊंचाईयों पर लेकर जाएगा। भारत सरकार के मेक इन इंडिया और वोकल फॉर लोकल जैसे अभियानों से वैश्विक स्तर पर मिला विस्तार देश की बढ़ती प्रतिष्ठा का अतुलनीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि हम सभी को एफटीए के स्वर्णिम अवसर का लाभ उठाते हुए आगे बढ़ने का संकल्प लेना चाहिए। मप्र को भी भविष्य में ब्रिटेन के साथ हुए इस मुक्त व्यापार समझौते का भरपूर लाभ मिलेगा।

---

# संयुक्त पंजीयक पर कार्रवाई करने के पहले मामले की वाइस रिकॉर्ड की जांच सबसे पहले कराए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईओडब्ल्यू सागर ने सहकारिता विभाग के संयुक्त पंजीयक शिवेन्द्र देव पाण्डेय के विरूद्व दर्ज किए गए प्रकरण में कोई कार्रवाई करने के पहले उस मामले की वाइस रिकॉर्ड की जांच सबसे पहले कराए जाने और उस मामले की विवेचना भोपाल मुख्यालय के अधिकारियों से कराए जाने की मांग की जा रही है। यह मांग मप्र राज्य सहकारी अधिकरण अधिवक्ता संघ ने की है।

संघ ने कहा कि बगैर वायस रिकॉर्ड की जांच के कार्रवाई करना प्राकृतिक न्याय के खिलाफ है, चूंकि इससे सच्चाई का पता लग सकेगा। संघ के अध्यक्ष ओम पाटीदार ने कहा कि सहकारिता विभाग के संयुक्त पंजीयक पाण्डेय के विरूद्ध राशि 50 हजार रुपए लेने का प्रकरण दर्ज किया है, जिसके बारे में समाचार पत्र में समाचार प्रकाशित हुआ है। हम इस आवेदन से ईओडब्लयू पर कोई आरोप नहीं लगा रहे हैं, किन्तु पाण्डेय संयुक्त पंजीयक की ईमानदारी की मिशाल सदैव दी जाती रही है। हमारी जानकारी के अनुसार डॉ. पाण्डेय की ओर से किसी भी आदमी से रिश्वत नहीं ली है और न ही कोई वस्तु ली है। सहकारिता विभाग में डॉ. पाण्डेय की ईमानदारी की कसमें खाई जाती हैं।

---

### टीटी नगर तहसील का भी लिया जायजा



# हुजूर तहसील कोर्ट पहुंचे कलेक्टर बोले-टाइम लिमिट में निपटाएं केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिले की तहसील और वृत्तों में प्रोटोकाल, वीआईपी ड्यूटी, सर्वे सहित अन्य तरह के फील्ड कामों के लिए अलग से अफसरों को जिम्मेदारी देने के बाद शुक्रवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह हुजूर और टीटी नगर तहसील पहुंचे।

हुजूर में तहसीलदार अनुराग त्रिपाठी डाइस पर केस निपटाते मिले, जहां कलेक्टर ने सभी केसों को टाइम लिमिट में निपटाने की हिदायत दी। कलेक्टर ने हुजूर तहसील के दोनों कोर्ट तहसीलदार, नायब तहसीलदार और अनुविभागीय अधिकारी कोर्ट का जायजा लिया। कलेक्टर ने आरसीएमएस केसों का मिलान कर केसों को निपटाने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि कोई भी केस बिना पेशी के न हो। उन्होंने आदेशों पर अमल कर खसरे में दर्ज करते हुए आवेदक को प्रति देने की बात कही। यहां से वह टीटी नगर वृत्त पहुंचे, जहां भी उन्होंने केसों को निपटाने की हिदायत दी।

---

# हिंदी फीचर फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' कर मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने फीचर फिल्म तन्वी द ग्रेट को कर मुक्त करने की घोषणा की थी। इसी क्रम में राज्य शासन ने फिल्म को मध्यप्रदेश में कर मुक्त करने के आदेश जारी किए है।

फीचर फिल्म के मध्यप्रदेश में प्रदर्शन की अवधि 25 जुलाई से 23 अगस्त तक के लिए मध्यप्रदेश मॉल एवं सेवा कर अधिनियम 2017 के अधीन स्टेट जीएसटी की संपूर्ण राशि की प्रतिपूर्ति करते हुए दर्शकों को छूट मिलेगी। फिल्म का निर्देशन मशहूर फिल्म अभिनेता अनुपम खेर ने किया है। संबंधित सिनेमाघरों और मल्टीप्लेक्स की ओर से स्टेट जीएसटी की राशि को घटाकर दर्शकों को इस फिल्म के टिकट का विक्रय किया जाएगा। इस सेवा प्रदाय पर देय एवं भुगतान किए गए राज्य जीएसटी के अंश के बराबर की राशि की प्रतिपूर्ति राज्य शासन की ओर से सेवा प्रदाता को की जाएगी। फिल्म के प्रदर्शन के लिए संबंधित सिनेमाघरों मल्टीप्लेक्स के प्रचलित सामान्य प्रवेश शुल्क में वृद्धि नहीं की जाएगी।

---

कर्मचारी मंच ने महापौर को सौंपा पांच सूत्रीय ज्ञापन

# दैवेभो कर्मचारी के नियमितीकरण प्रस्ताव को जल्द कराएं स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे के नेतृत्व में महापौर मालती राय को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। महापौर ने आश्वासन दिया कि दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का एरियर शीघ्र भुगतान कराया जाएगा तथा अन्य मांगों पर भी कार्रवाई शीघ्र की जाएगी।

अशोक पांडे ने बताया कि गुरूवार को नगर निगम की एमआईसी की बैठक में नगर निगम के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने का प्रस्ताव पारित किया। उसे मप्र शासन से शीघ्र स्वीकृत कराने के लिए महापौर



मालती राय को सौंपा है। इस अवसर पर कृष्ण कुमार, बद्री गौर, संजय हरियाले, महेश महावर, लीलाराम, प्रशांत, कमलेश, मेघलाल, सलीम, राहुल राजपूत, प्रीतम राजपूत और राकेश महावर आदि शामिल थे।

---




### इस बार विश्वविद्यालय के बेहतर परिणाम की उम्मीद

राजधानी के एक विश्वविद्यालय में नैक (नेशनल असिस्मेंट एंड एक्रीडिटेशन काउंसिल) की टीम विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों का मूल्यांकन कर चुकी है। टीम जब से विवि में आई, तब से लेकर वापसी तक विवि के कुलगुरु और कुलसचिव विवि के हर जगह, हर कोने पर किसी न किसी कार्य में नजर आए। दरअसल, कुलगुरु ने पिछले साल भी विवि में नैक की टीम के सवालों के जवाब दिए थे और विवि के विभागों के प्रेजेंटेशन के लिए तैयारियों पर पूरा फोकस किया था, इसके बावजूद कई कमियां रह गई थीं, जिससे नैक टीम ने विवि को ए ग्रेड देते-देते बी ग्रेड दे दिया। अब विवि के दोनों अधिकारी ही नहीं, विवि की पूरी टीम पूरी तरह तैयारी में है कि इस बार यह मौका नहीं गंवाया। हालांकि, इस विवि की पूरी कमियां दूर करना आसान नहीं है, लेकिन फिर भी उम्मीद है कि पिछले साल से इस बार ग्रेड बेहतर ही रहेगा।

### विवि में ऐसी लापरवाही किसकी ढील का नतीजा

राजधानी के एक विश्वविद्यालय में यूं तो कार्य में लापरवाही होना कोई नई बात नहीं, लेकिन केवल एक अधिकारी की लापरवाही से किसी विभाग की मान्यता रुक जाना हैरान करने वाली बात है। आमतौर पर विवि में हर काम कई अधिकारियों की कलम के नीचे से गुजरता ही होगा। ऐसे में अगर एक कलम के नीचे फाइल नहीं आई या लापरवाही की बात सामने आई होगी तो दूसरी और तीसरी या इसके आगे-पीछे की कलमों को यह क्यों नहीं पता लगा। खैर, जो भी हो, लेकिन विवि में महत्वपूर्ण माने जाने वाले इस विभाग की मान्यता नहीं मिलने के पीछे जिसे भी दोषी माना गया हो, उसे सजा मिल ही गई होगी, लेकिन अब भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो पाए, क्या इसके लिए भी वरिष्ठों ने कोई जमीनी स्तर पर तैयारी की है। यह भी समझना होगा कि विवि में ऐसी लापरवाही किसकी ढील का नतीजा हो सकती है।

### विभाग में अटैचमेंट भी बड़ी सुविधा का आदेश

स्कूल शिक्षा विभाग में आला अधिकारी वैसे तो अटैचमेंट व्यवस्था खत्म होने की बात कहते हैं, लेकिन इस पर विभाग अभी तक अमल नहीं कर पाया है। प्रदेशभर में अटैचमेंट की व्यवस्था के चलते कई शिक्षक, कर्मचारी अपनी सुविधा के अनुसार वर्षों से एक ही जगह पर जमे हुए हैं। जब भी कोई विवादित मामला सामने आता है, इस सुविधा का उपयोग किया जाता है। ऐसा ही हाल राजधानी भोपाल का है। हाल ही में जिला पंचायत सदस्य के विरोध के बाद एक महिला प्राचार्य को स्कूल से हटाया गया। हालांकि विभागीय अधिकारी इसके लिए तैयार नहीं थे, लेकिन डीईओ को लेकर धरना-प्रदर्शन और समर्थन बल को देखते हुए प्राचार्य को हटाया गया। इस पूरे मामले में इस बात का भी ध्यान रखा गया कि भेजना कहां है। ऐसे में बागसेवनिया स्थित सरकारी स्कूल भेजा गया, ताकि विरोध भी रूक जाए और प्राचार्य को असुविधा भी न हो।

### संगठन के पदाधिकारी को बचाने में जुटी टीम

शासन द्वारा तीन बच्चों को लेकर जारी आदेशों के बाद कई बार अनोखे मामले सामने आते रहते हैं, जहां बच्चों की जानकारी छिपाने के मामले भी शामिल है। ऐसा ही एक मामला इन दिन स्कूल शिक्षा विभाग में चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थिति यह है कि इस बार शिकायत शिक्षकों के नाम पर नेतागिरी करने वाले एक संगठन के पदाधिकारी की हो गई है, जिसके बाद उनके साथी भी जोर-शोर से सक्रिय हो गए हैं। यहां तक नियम को बदलवाले की बात कही जा रही है, इसके लिए खूब पत्र घुमाए जा रहे हैं, ताकि इसका तोड़ निकाला जा सके। विभागीय सूत्रों की माने तो इस काम में पूरी एक टीम जुट गई है, ताकि पदाधिकारी पर कोई आंच न आ सके। हालांकि यह मामला कोई सामान्य शिक्षक का होता तो शायद इतनी मेहनत नहीं होती।

**संजीव सक्सेना**

---

### सत्र के दौरान सरकार को घेरने पर होगी चर्चा

# 27 को कांग्रेस विधायक दल की बैठक में बनेगी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आगामी 27 जुलाई को भोपाल में कांग्रेस विधायक दल की बैठक बुलाई है। ये बैठक भोपाल के होटल पलाश में होगी। इस बैठक में 28 जुलाई से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र की रणनीति और रूपरेखा पर विधायकों से चर्चा की जाएगी।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने बताया कि मांडू में आयोजित हुए कांग्रेस के नव संकल्प शिविर में जनहित के जिन मुद्दों पर चर्चा हुई है और जो सुझाव निकलकर सामने आए हैं, विधायक दल की बैठक में बातचीत कर सत्र के दौरान उन मुद्दों को मजबूती से उठाने की रूपरेखा तैयार की जाएगी। साथ ही प्रदेश की भाजपा सरकार की विफल नीतियों और घपलों-घोटालों को जनता के सामने लाने और विधानसभा में उसे हथियार बनाकर सरकार को घेरने पर भी चर्चा होगी।

### ड्रग्स हटाओ, भोपाल बचाओ के नारे के साथ जिला कांग्रेस कमेटी भोपाल का प्रदर्शन

भोपाल में पकड़ी गई एमडी ड्रग्स के मामले में जिला कांग्रेस कमेटी ने रोशनपुरा चौराहे पर प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों और



कार्यकर्ताओं ने ड्रग्स की सप्लाई और नशे की बढ़ती गिरफ्त को लेकर जनजागरूकता एवं सरकार की विफलता के विरोध में प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि मध्यप्रदेश में ड्रग्स माफिया को भाजपा नेताओं का संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते भोपाल जैसे शांति प्रिय शहर में भी अब नशे की जड़ें गहरी होती जा रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि युवाओं को नशे के दलदल में धकेलने वाले इन माफिया के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। पूर्व मंत्री पीसी शर्मा और भोपाल के अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना ने कहा कि यदि शीघ्र ही ड्रग्स की रोकथाम के लिए सरकार ने ठोस और पारदर्शी कदम नहीं उठाए, तो कांग्रेस सड़क से लेकर विधानसभा तक संघर्ष करेगी। इस प्रदर्शन में सहित युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस एवं जिला कांग्रेस भोपाल शहर के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

### विवादित बयान के मामले में एसआईटी ने दर्ज किए विजय शाह के बयान

**भोपाल।** कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित बयान देने के मामले में आरोपी मंत्री विजय शाह से स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने पूछताछ की है। एसआईटी ने जबलपुर में तलब कर उनके बयान दर्ज कराए हैं। इस दौरान एसआईटी ने उनसे घटनाक्रम से संबंधित करीब आठ से दस सवाल किए। करीब आधा घंटे तक मंत्री से बयान लिए गए। इस मामले में शाह पूर्व में सार्वजनिक रूप से कई बार माफी मांग चुके हैं। अब मामला सुप्रीम कोर्ट में हैं। 28 जुलाई को स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत की जानी है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद विगत 19 मई को तीन सदस्यीय का गठन किया गया था। एसआईटी के मुखिया प्रमोद वर्मा अब जबलपुर रेंज के आईजी है। इसलिए शाह के बयान जबलपुर में लिए गए।

# इंटरसिटी एक्सप्रेस में खराबी, जंगल में 30 मिनट तक खड़ी रही, यात्रियों का हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल रेल मंडल में ट्रेनों के मेंटेनेंस को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन हकीकत बिलकुल अलग है। लगातार कुछ न कुछ खामियां देखने को मिल रही हैं। ऐसा ही एक मामला गुरुवार देर रात अधारताल से रानी कमलापति (आरकेएमपी) आ रही गाड़ी संख्या 22188 इंटरसिटी एक्सप्रेस में देखने को मिला। दरअसल ट्रेन जैसे ही इटारसी स्टेशन पर अपने निर्धारित स्टॉपेज के बाद रात करीब 9:20 बजे आरकेएमपी की ओर रवाना हुई। ट्रेन के छूटने के 8 से 10 मिनट बाद ही एक कोच के टॉयलेट का पाइप पटरियों से टकराने लगा। इसकी जोर-जोर आवाज आ रही थी। हादसे की आशंका को ध्यान में रखते हुए यात्रियों ने ट्रेन के स्टाफ से मामले की शिकायत की। साथ ही ट्रेन को बीच जंगलों में रुकवा दिया गया। यात्रियों की सूझबूझ की बदौलत एक बड़ा हादसा टल गया।

## रेन के टॉयलेट का पाइप पटरियों से टकरा रहा था, यात्रियों की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा


*गाड़ी संख्या 22188 में देखने को मिला*

*आ रही थीं आवाजें, ट्रेन स्टाफ से की शिकायत*



### रेलवे कर्मचारी बोले, ट्रेन चलने दो, नर्मदापुरम स्टेशन पहुंचकर चेक करेंगे


इस दौरान कुछ यात्रियों ने रेलवे मदद पर शिकायत की। इसके बाद भोपाल रेल मंडल के कंट्रोल रूम से यात्रियों के पास फोन पहुंचा। इस दौरान कंट्रोल में ड्यूटी कर रहे कर्मचारियों ने कहा कि ट्रेन की यहां बीच जंगलों में जांच नहीं की जा सकती। नर्मदापुरम में चेक की जाएगी। लेकिन इसके बाद भी यात्री नहीं माने, हंगामा जारी रखा। इसके बाद एक टीम को भेजा गया। इसके बाद पाइप को ऊपर खींचकर रस्सियों से बांधा गया। इसके बाद ट्रेन आगे रवाना की गई। नर्मदापुरम स्टेशन पर समस्या को दूर किया गया, तो वहीं इस मामले को लेकर रेल यात्री कुछ भी कहने से बच रहे हैं।



## यात्री बोले-शिकायत के बाद भी गंभीरता से नहीं ले रहे थे कर्मचारी



ट्रेन में सफर कर रहे यात्री प्रियांक भार्गव ने बताया कि इटारसी स्टेशन से ट्रेन के रवाना होने के कुछ देर बाद में जिस कोच में सफर कर रहा था। उसमें जोर-जोर से आवाज सुनाई दे रही थी। इस पर कोच में कुछ समझ नहीं आया। लेकिन टायलेट के पास से आवाज आ रही थी। वहां देखा पता चला यहीं पर कुछ खराबी है। इसके बाद ट्रेन को रुकवा दिया। साथ ही रेल मदद पर शिकायत की। इसके बाद कंट्रोल रूम से फोन आया। तो नर्मदापुरम तक ऐसे ही ट्रेन को चलने की बात कहने लगे। लेकिन हादसे की अंशाका के चलते ट्रेन आगे नहीं बढ़ने दी। एक अन्य यात्री मनीष गुप्ता ने बताया कि पाइप के पटरियों पर घर्षण की जोर-जोर आवाज आ रही थी। इससे कोच के सभी यात्री डर गए थे।



# जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सहित शहर के कई सरकारी स्कूलों की स्थिति जर्जर

# सरकारी स्कूलों की छत से गिर रहा प्लास्टर जगह-जगह सीलन, दीवारों पर जमी काई

**बार-बार हादसों की घटनाओं के बाद भी नहीं जाग रहा प्रशासन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हरिभूमि लाइव

राजधानी में सरकारी स्कूलों की दयनीय स्थिति ने एक बार फिर शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। वह भी तब जब राजस्थान के झालावाड़ में एक सरकारी स्कूल की छत ढहने से 7 बच्चों की मौत हो गई हो। इसके अलावा हाल ही में बरखेड़ा पठानी इलाके में स्थित शासकीय पीएम श्री स्कूल में कक्षा के भीतर अचानक छत का प्लास्टर गिरने का मामला हो या फिर शासकीय सुल्तानिया कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को लेकर सोशल मीडिया पर वायरल हुई तस्वीरें, इन्होंने अधिकारियों के सुस्त रवैये को उजागर किया। हालात यह हैं कि इन स्कूलों के अलावा बड़ी संख्या में स्कूल हैं, जहां कक्षाओं की स्थिति ठीक नहीं है।

यहां तक कि जिले की स्कूली व्यवस्था को संभालने वाले जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय भी दयनीय स्थिति में है। हरिभूमि की टीम द्वारा राजधानी के तुलसी नगर स्थित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सहित कुछ स्कूलों का जायजा लिया गया। बता दें कि भोपाल जिले में करीब 1235 सरकारी मिडिल-प्राइमरी स्कूल और 132 सरकारी हाई स्कूल और हायर सेकंडरी स्कूल संचालित किए जा रहे हैं।

### डीईओ कार्यालय की दीवारों पर जगह-जगह सीलन, कभी भी हो सकता है हादसा




भोपाल जिले की स्कूल शिक्षा व्यवस्था की बागडोर संभालने वाला जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय भी विभाग की अनदेखी का शिकार नजर आता है। वर्षों पुराने भवन में संचालित डीईओ कार्यालय में जगह-जगह से छज्जा निकल रहा है और दीवारों पर सीलन लगी हुई है। कर्मचारियों का कहना है कि किसी भी दिन यहां कोई बड़ा हादसा हो सकता है।



### शास. नवीन उमा विद्यालय (ओल्ड कैंपियन), अरेरा हिल्स

अरेरा हिल्स स्थित शास. नवीन उमा विद्यालय (ओल्ड कैंपियन) में करीब 50 वर्ष पुराने भवन में संचालित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कुछ नए कमरे भी बनाए गए हैं। स्कूल में शैक्षणिक व गैरशैक्षणिक मिलाकर करीब 40 लोगों का स्टाफ है। 950 से अधिक बच्चे हैं। इसमें लगभग 450 छात्राएं और 500 छात्र हैं। स्कूल के अधिकतर कमरों में सीलन आ रही है। इसके अलावा छत का प्लास्टर भी जगह-जगह से गिर रहा है।





#### सुधार कराए गए हैं

कुछ समय पहले पीडब्ल्यूडी द्वारा स्कूल का सर्वे किया गया था। पुरानी बिल्डिंग में पिलर नहीं होने के कारण इसके उपर नहीं बनाया जा सकता है। ऐसे में इसके नया ही बनाया जाएगा। नगर निगम के माध्यम से सुधार कराए गए है।

संजय चौधरी प्राचार्य
शास. नवीन उमा विद्यालय (ओल्ड कैंपियन) अरेरा हिल्स

#### नए कमरों के लिए स्वीकृति

स्कूल के कक्षों में बारिश के पहले काफी सुधार कराए गए हैं। सुविधाएं लगातार बढ़ाई जा रही हैं। हाल ही में कुछ नए कमरों के लिए स्वीकृति मिली है।

किरण जैन, प्रभारी प्राचार्य
शास. नवीन उमा विद्यालय, बागसेवनिया

**शासकीय नवीन उमा विद्यालय, बागसेवनिया के हैं ये हाल**

बागसेवनिया स्थित शासकीय नवीन उमा विद्यालय में कुल 17 कमरे हैं, जिसमें 14 कमरों का उपयोग कक्षाओं के संचालन में किया जाता है। इस स्कूल में करीब 859 बच्चे हैं। इसमें लगभग 410 छात्र और 449 छात्राएं हैं। स्कूल में लगभग 39 शैक्षणिक और गैरशैक्षणिक स्टाफ है। यहां अधिकतर कक्षाओं में सीलन है। जगह-जगह कई जम गई है। इसके अलावा कुछ कमरों में दरारें भी आई हुई हैं।

**नंबर-वीडियो के आधार पर हो रही जांच**

# ड्रग तस्कर शाहवर की रिमांड दो दिन बढ़ी निकाला जुलूस, क्राइम ब्रांच प्रदेश के बाहर कनेक्शन पर भी कर रही जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में क्लब में पार्टी आर्गनाइज करने वाले चाचा-भतीजे की कल शनिवार को रिमांड खत्म होने वाली है। शुक्रवार को क्राइम ब्रांच शाहवर को लेकर जिला अदालत पहुंची थी। वहां रिमांड की अवधि दो दिन बढ़ाने की गुजारिश की। इस दौरान शाहवर की रिमांड दो दिन बढ़ा दी गई है। शनिवार को क्राइम ब्रांच यासीन (मछली) को कोर्ट में पेश करेगी। वहां उसकी भी रिमांड बढ़ाने क्राइम ब्रांच आवेदन कर सकती है। इसके साथ ही शाहवर का बुधवारा इलाके से जुलूस निकाला गया। मोहल्ले में घुमाए जाने पर शाहवर की आंखों से आंसू निकल पड़े। एडिशनल डीसीपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि ड्रग तस्करी यासीन मछली और शाहवर के मोबाइल की जांच की जा रही है। मोबाइल में क्लब 90 सहित अन्य क्लब के नंबर मिले हैं। मोबाइल में मिले नंबर के आधार पर क्लब के मैनेजरों को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। इसके अलावा अन्य अन्य जानकारियां ड्रग सप्लाई की जो मिल रही है उस पर टीम काम कर रही है। सूत्रों की मानें तो ड्रग की सप्लाई के तार राजस्थान से भी जुड़े हैं।

### रखी जाएगी पहचान गुप्त

*एडीसीपी चौहान ने बताया कि यासीन मछली और शाहवर के मोबाइल में मिले आपत्तिजनक वीडियो में शामिल पीड़ित क्राइम ब्रांच या नजदीकी थाने में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उनकी सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाएगा। साथ ही उनकी पहचान भी गुप्त रखी जाएगी। आरोपियों के मोबाइल पर मिले नंबर के आधार क्राइम ब्रांच ने कुछ लोगों को पूछताछ के लिए बुलाया था। उनके खिलाफ सबूत इकट्ठा किए जा रहे है। सबूत इकट्ठा करने के बाद पुलिस जल्द ही ड्रग तस्करी से जुड़े अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी करेगी। आरोपी यासीन मछली के खिलाफ निशातपुरा थाने में 16 जनवरी को एक युवती ने एफआईआर दर्ज कराई थी। युवती का आरोप था कि यासीन मछली द्वारा उससे छेड़छाड़ की गई और जबरन शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। आरोपी यासीन क्लब और डांस पब में पार्टियों के नाम पर युवतियों को बुलाता था और वहां युवतियों को नशे का आदी बनाता था। ब्लैकमेल कर उन्हें शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव बनाता था।*

### पीड़ितों के सामने आने के बाद खुलेगा काला चिट्ठा

क्राइम ब्रांच को मोबाइल में जो वीडियो मिले थे, वह वीडियो युवतियों और कुछ युवकों के हैं। क्राइम ब्रांच को उन युवतियों और युवकों की तलाश है। यदि पीड़ित पक्ष के लोग आते हैं तो आरोपियों के ड्रग तस्करी के और भी प्रमाण मिल सकेंगे। फिलहाल क्राइम ब्रांच उन क्लब और रेस्टोरेंट को निशाना बना रही है, जहां पर आरोपी चाचा भतीजे पार्टियां ऑर्गनाइज करते थे।

### दुष्कर्म और ब्लैक मेलिंग की एक और शिकायत

*निजी कॉलेज की एक और छात्रा ने अपने कोचिंग टीचर पर आरोप लगाया है। आरोप है कि टीचर ने उसे कोल्ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उससे दुष्कर्म किया था। इसके बाद उसका न्यूड वीडियो बना लिया। न्यूड वीडियो बनाने के बाद वह उसका दैहिक शोषण कर रहा था। इतना ही नहीं आरोपी पीड़िता को जबरन क्लब 90 लेकर पहुंचा था। वहां कुछ लोगों के साथ संबंध बनाने का दबाव बनाया था। छात्रा ने शिकायती आवेदन में शाहवर के रिश्तेदार का भी नाम लिखा है।*

# डेंगू लार्वा मिलने पर सात लोगों के खिलाफ बनाए गए प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डेंगू के मरीजों की संख्या को लेकर ननि ने डेंगू लार्वा की जांच की जा रही है। इसी कड़ी में विभिन्न क्षेत्रों में लार्वा जांच करते हुए डेंगू लार्वा पाए जाने पर सात प्रकरण बनाए गए। इन पर 800 रुपए का जुर्माना किया गया। निगम अमले ने आनंद नगर, पुराना व नया शिवनगर, छत्तीसगढ़ लेबर कालोनी, सतनामी नगर, हथाईखेड़ा, पटेल नगर, नरेला गांव, विवेकानंद नगर क्षेत्रों के पानी से भरे गड्ढों में गंबूशिया मछली डाली। इस दौरान निगम अमले ने बर्तनों का पानी निरंतर बदलते रहने, गमलों, पुराने टायरों व अन्य प्रकार के वस्तुओं में पानी भरा न रहने देने, स्वच्छता का पूरा ध्यान रखने और बीमारी के लक्षण दिखने पर मरीज को डॉक्टर से इलाज कराने की समझाइश भी दी।

# तीन महीने से राशन नहीं लेने वालों की होगी जांच

## 75 हजार से अधिक लोगों ने नहीं लिया राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

■ डोर टू डोर वेरिफिकेशन किया जाएगा

जिले के 3 लाख 42 हजार परिवार के 14 लाख 48 हजार लोगों को दिया जा रहा पीडीएस राशन को लेकर एक बार फिर जांच शुरु होने जा रही है। जिसके तहत ऐसे परिवार जो पिछले तीन महीने से राशन नहीं ले रहे हैं, उनका डोर-टू-डोर वेरिफिकेशन किया जाएगा। जिससे पता चलेगा कि यह लोग राशन क्यों नहीं ले रहे हैं। अकेले राजधानी में 75 हजार से अधिक सदस्य हैं, जो राशन नहीं ले रहे हैं।

जिले में करीब 63 फीसदी से ज्यादा आबादी पात्रता परिवारों के दायरे आती है। इसमें से 75 हजार से ज्यादा लोग ऐसे हैं। जो पिछले तीन महीने से पीडीएस दुकान पर राशन लेने नहीं पहुंचे हैं। जिसको देखते हुए केंद्र सरकार ने निर्देश जारी किए हैं कि ऐसे कार्डधारियों की जांच के बाद बीपीएल कार्ड रद्द किए जाएं।

इसके साथ ही खाद्य विभाग के अफसरों का कहना है कि बीपीएल सूची में दर्ज लोगों के नाम और पते का ऑडिट कराकर जांच कराई जाएगी।

### 81 हजार ने आधार से नहीं कराई ईकेवायसी

*जिले में अब तक करीब 81 हजार लोग ऐसे हैं। जिन्होंने आधार की ई-केवायसी नहीं कराई है। इनको भी बार-बार पीडीएस दुकानदारों के जरिए सूचना पहुंचाई जा रही है कि वो तय समय पर अपनी ई-केवायसी करा लें। वर्तमान में इन लोगों को भी राशन दिया जा रहा है।*

**ट्रैफिक पुलिस ने किया नगर निगम का काम, पीडब्ल्यूडी को सौंपी गई लिस्ट**

# थोड़ी बारिश में भर जाता है पानी, ट्रैफिक पुलिस ने बनाई सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में थोड़ी बारिश में जलभराव वाली जगहों का पता नगर निगम को नहीं है। लेकिन बारिश में जलभराव की वजह से लगने वाले जाम को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने ही शहर भर में जलभराव वाली जगहों का सर्वे करा लिया है। इस सर्वे लिस्ट को नगर निगम, पीडब्ल्यूडी को सौंप दिया गया है, जिसके बाद उम्मीद है कि इन जगहों पर पानी निकासी के इंतजाम किए जा सकेंगे।



जोन 3 के सिंधी कॉलोनी चौराहे पर एक दिन पूर्व भरा पानी।

### हर साल होती हैं सड़कें खराब

शहर में जलभराव की वजह से हर साल सड़कें खराब होती है। इनमें बड़े-बड़े गहरे गड्ढे हो जाते हैं। ट्रैफिक पुलिस ने शहर के जलभराव वाले क्षेत्रों को चार जोन में बांटा है। इसके तहत जोन एक, दो, तीन और चार के तहत आने वाले प्रमुख चौराहों और तिराहों को शामिल किया गया है। जहां बरसात का पानी जमा हो जाने से यातायात प्रभावित होता है। स्थिति यह है कि मानसरोवर तिराहा, गणेश मंदिर तिराहा, बावड़िया ब्रिज, नेहरू नगर, बोर्ड ऑफिस और डीआइजी बंगला चौराहे जैसे क्षेत्र हर बारिश में डूब जाते हैं। हालांकि निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण का कहना है कि लिस्ट की जानकारी मुझे नहीं है। जलभराव की जानकारी मिलने पर सिविल विभाग से निकासी के इंतजाम कराए जाएंगे।

### जलभराव से जाम वाली जगहों का कराया सर्वे

बारिश की वजह से जलभराव वाली जगहों पर होने वाले ट्रैफिक जाम को देखते हुए ट्रैफिक के चारों जोनों में सर्वे कराया गया है। जिसके तहत इन जगहों की लिस्ट नगर निगम और पीडब्ल्यूडी को सौंपी गई है।

बसंत कौल, डीसीपी ट्रैफिक

**इन इलाकों में जलभराव**

**ट्रैफिक जोन-एक...** रानी कमलापति स्टेशन के सामने मानसरोवर तिराहे पर सड़क की ढलान और नालियों की खराब स्थिति के कारण पानी भरता है। बंसल प्लाजा, सात नंबर चौराहा, होटल रेडिसन, खटलापुरा मंदिर और मैनिट चौराहा जैसे इलाकों में भी ड्रेनेज सिस्टम की खराबी और अतिक्रमण से जलभराव होता है। यहां सड़कों के समतलीकरण, नालियों की सफाई और नये नाले बनाने की जरूरत है।

**ट्रैफिक जोन-दो...** नर्मदापुरम रोड पर डी-मार्ट, आशिमा माल, आरके पेट्रोल पंप और दानिश नगर से लेकर बाग सेवनिया तक की सर्विस रोड पर बड़े-बड़े गड्ढे जलभराव की वजह बन गए हैं। गड्ढों को भरकर और सड़कों की मरम्मत कर यातायात व्यवस्था में सुधार लाया जा सकता है।

**ट्रैफिक जोन-तीन...** भोपाल टाकीज चौराहा, सिंधी कॉलोनी, अल्पना टाकीज तिराहा, सपना लाज तिराहा, डीआइजी बंगला और लालघाटी चौराहा जैसे क्षेत्र जलभराव से प्रभावित हैं। कई जगह नाले मलबे से भरे हैं तो कहीं सड़कों की ऊंचाई और नाली की सफाई न होने से पानी रुकता है। नगर निगम के निर्माण कार्य अधूरा छोड़ने से भी समस्या बनी हुई है।

**ट्रैफिक जोन- चार...** *बाबा नगर तिराहे पर शाहपुरा से मनीषा मार्केट की ओर जाने वाले मार्ग के बीच बनी झीलनुमा स्थिति हर बारिश में परेशानी खड़ी करती है। यहां नालियों का अभाव और सड़क का असंतुलन बड़ा कारण है।*

# होटल, ढाबों में सप्लाई करने जा रही छह पेटी अंग्रेजी शराब जब्त

**भोपाल।** होटल, रेस्टोरेंट-बार, ढाबों में अवैध शराब परोसी जा रही है। आबकारी टीम ने पिछले 10 दिन में एक दर्जन कार्रवाई अवैध शराब को लेकर की है। टीम ने छह पेटी अवैध शराब के साथ आटो चालक को गिरफ्तार किया है। वह अवैध शराब ठिकाने लगाने के लिए निकला था। उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। आबकारी कंट्रोलर आरजी भदौरिया ने बताया कि गुरुवार को गोल जोड़ रोड पर चेकिंग के दौरान एक आटो को रोका गया। जिसकी तलाशी लेने पर उसमें से छह पेटी अंग्रेजी शराब की बरामद हुईं। चालक ने अपना नाम कजलीखेड़ा अंकित ठाकुर बताया है। बरामद शराब की कीमत करीब 50 हजार रुपये है, आबकारी ने आटो भी जब्त कर लिया है।



## जैकेट का शेष

### मप्र का 'स्वास्थ्य मॉडल'...

योजना के तहत जमीन दी जा चुकी है और जल्द ही इनका शुभारंभ भी होगा। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को हमीदिया अस्पताल में नव स्थापित अत्याधुनिक सीटी स्कैन और एमआरआई मशीन के लोकार्पण अवसर पर कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र में स्वास्थ्य सुविधाएं लगातार बढ़ रही हैं। खासकर भोपाल जो एक संभागीय केंद्र और प्रदेश की राजधानी है, यहां स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक आधुनिक बनाया जा रहा है। इस अवसर मंत्री विश्वास सारंग, राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, विधायक रामेश्वर शर्मा, महापौर मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी मौजूद रहे।

### राजनाथ, शाह, जयशंकर...

राज्यसभा में 29 जुलाई को ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा शुरू होगी। इसमें राजनाथ सिंह, जयशंकर और अन्य मंत्री भाग लेंगे। उच्च सदन में भी प्रधानमंत्री मोदी के चर्चा में हिस्सा लेने की उम्मीद है। दोनों सदनों में इस विषय पर 16 घंटे की चर्चा होगी। 21 जुलाई से शुरू हुआ मानसून सत्र लगातार हंगामे के चलते एक भी दिन सुचारु रूप पर नहीं चल सका है। शुक्रवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को संसद की कार्यवाही को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों के नेताओं की बैठक बुलाई और सदस्यों से सदन को सुचारू रूप से चलने देने का आग्रह किया। बैठक के दौरान ऑपरेशन सिंदूर पर एक सत्र आयोजित करने पर भी चर्चा हुई। इससे पहले शुक्रवार सुबह राज्यसभा और लोकसभा दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। उच्च सदन की बैठक अब सोमवार सुबह 11 बजे होगी, जबकि लोकसभा दोपहर 2 बजे फिर से शुरू होगी। सोमवार से (28 जुलाई) से सदन सुचारू रूप से चलाने पर सहमति बन गई है। इसी दिन ऑपरेशन सिंदूर पर भी चर्चा होगी। बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा की मांग कर रहे विपक्षी सदस्यों के विरोध के बीच अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद में प्रश्नकाल, चर्चा और संवाद को जारी रखने की अपील की और कहा कि सभी सांसदों को संसदीय मर्यादा का पालन करते हुए जनहित के मुद्दों पर बहस करनी चाहिए।

### न्यायमूर्ति यशवंत ...

करने का रास्ता साफ हो गया है। अध्यक्ष ओम बिरला की ओर से इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच समिति की घोषणा करने की उम्मीद है।

### 'प्रार्थना' के वक्त ...

से जर्जर हो रही थी और लगातार हो रही भारी बारिश के बाद छत के गिरने का अंदेशा भी बना हुआ था। इसके बाद भी इस पर ध्यान नहीं दिया गया। झालावाड़ जिला कलक्टर अजय सिंह राठौर ने कहा कि सभी बच्चों को बाहर निकाल लिया गया है। हादसे पर दुख जताते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिवंगत दिव्य आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। साथ ही उन्होंने हादसे की जांच के निर्देश भी दिए हैं। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने इस घटना को कांग्रेस का पाप बताया है। वे इस बात का जवाब नहीं दे सके कि वे व्यवस्था को दुरुस्त करवाने में क्यों फेल रहे? अब हादसे के लिए किनको गुनहगार बनाया जाएगा और बड़े लोगों को छोड़कर छोटे लोगों की गर्दन नापी जाएगी, पांच शिक्षकों के निलंबन से यह संकेत मिल गया।

### अब पूरे देश में होगा...

ऑफ इलेक्टोरल रूल्स, 1960 के तहत योग्यता, मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया और तरीके की जानकारी दी गई है।


## न्यायालय तहसीलदार टी टी नगर राजधानी परियोजना जिला भोपाल

क्रमांक 1094 / प्रवा./ दिनांक 25/07/2025

संपति के नीलामी की सार्वजनकि सूचना
नियम 6 देखिये
(अंतर्गत मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 147 (ग)
रेरा का प्रकरण क्रमांक N-BPL-19-1091 एवं अन्य
राजस्व प्रकरण क्रमांक 01/a-76/2025-26

| स. क्र. | संपत्ति का विवरण | गाइडलाइन मूल्य | संपत्ति का मूल्य | अमानत राशि | प्रक्रिया शुल्क | तहसीलदार के खाते की जानकारी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आकृति गार्डन गोस्वामी तुलसीदास वार्ड 27 जिला भोपाल स्थित प्लाट एरिया 89.2 वर्ग मीटर | 35,000 संपदा 2.0 अनुसार | 31,22,200 संपदा 2.0 अनुसार (संपत्ति के मूल्य के अतिरिक्त पंजीयन शुल्क एवं रजिस्ट्री के सभी शुल्क) बोलीदार वहन करेंगे | 3,12,220 | 25,000 | 10625212912 Ifsc: SBIN0000332 कार्यालय कलेक्टर जिला भोपाल का पी डी खाता |
| | कुल | | 31,22,200 इकतीस लाख बाईस हजार दो सौ रुपये मात्र | | | |

सम्पत्ति के नीलामी का स्थान : न्यायालय तहसीलदार टी टी नगर, शेड नम्बर 6, 12 दफ्तर जवाहर चौक भोपाल
नीलामी का दिनांक : 02/08/2025 समयः प्रातः 11 बजे से नीलामी समाप्ति तक
नीलामी की शर्तेः 1. सफल बोलीदार को नीलामी के 7 दिवस के भीतर सम्पूर्ण राशि का भुगतान किया जाना अनिवार्य है.
2. नीलामी प्रारम्भ होने से पूर्व भूमिस्वामी द्वारा बकायेदारों का भुगतान किये जाने पर बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी तत्काल प्रभाव से रोक दी जायेगी
3. प्रथम सफल बोलीदार के द्वारा नीलामी से 7 दिवस के भीतर सम्पूर्ण भुगतान नहीं किये जाने पर द्वितिय सफल बोलीदार के बोली पर विचार किया जाकर निर्णय लिया जायेगा.
4. खरीद दार को पंजीयन शुल्क प्रथक से देय होगा.
5. नीलामी में भाग लेने के इच्छुक बोलीदार दिनांक 1/08/2025 के पूर्व न्यायालय तहसीलदार टी टी नगर, शेड नम्बर 6, 12 दफ्तर जवाहर चौक भोपाल में प्रातः 10 बजे से 6 बजे के मध्य अमानत राशि तथा प्रक्रिया शुल्क इस प्रकार कुल 3,37,220 रुपये मात्र का डिमांड ड्राफ्ट जमा कर रशीद प्राप्त कर सकेंगे. अमानत राशि के डिमांड ड्राफ्ट के बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा.
6. किसी भी लिपिकीय त्रुटी अथवा किसी प्रक्रियात्मक त्रुटी के कारण नीलामी बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त की जा सकेगी.
7. नीलामी का इच्छुक बोलीदार सादे कागज में तहसीलदार के नाम से आवेदन, आवेदन मूल प्रति में आवेदक अथवा आवेदक के अभिभाषक के माध्यम से मूल आवेदन, डीमांड ड्राफ्ट मूल, आधार कार्ड के प्रति, इस आशय का शपथ पत्र कि वह नीलामी के सभी बिन्दुओ को पढ़ चुका है एवं सहमत है के साथ ही स्वीकार होंगे.
8. संपत्ति की पहचान हेतु इच्छुक बोलीदार पटवारी श्रीमति निशि गुप्ता 9329311044 अथवा राजस्व निरीक्षक श्री पचोरे 8982933522 को संपर्क कर सकते है.

तहसीलदार टी.टी. नगर, जिला भोपाल

## कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल

जोन क्रमांक-21, (डॉ. भीमराव अम्बेडकर)
सहयाद्रि परिसर के पास, भदभदा रोड
// सार्वजनिक सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि नगर निगम भोपाल के स्वामित्व की दुकान/भूखंड के नामांतरण हेतु जोनल कार्यालय क्र.-21 के समक्ष में आवेदनकर्ता द्वारा उनके नाम से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र. | दुकान क्रं. | आवेदक का नाम | आवंटी का नाम | वर्तमान में स्थल पर काबिज का नाम | आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दुकान क्र.-96/168, न्यू मार्केट, टी.टी. नगर L000001263 | मोहम्मद आदिल आत्मज श्री अब्दुल रकीब | श्री अब्दुल रकीब पुत्र श्री अब्दुल हफीस | मोहम्मद आदिल आत्मज श्री अब्दुल रकीब | आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयतनामा |

उक्त दुकान से संबंधित राजस्व अभिलेखों में उपरोक्तानुसार खातों में नाम परिवर्तन करने में किसी व्यक्ति को कोई वैधानिक आपत्ति है तो वह 15 दिवस के अंदर नगर निगम भोपाल के जोनल कार्यालय क्र. 21 (डॉ. भीमराव अम्बेडकर) सहयाद्रि परिसर के पास, भदभदा रोड को लिखित सूचित कर सकता हैं। निर्धारित समयावधि 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो नगर निगम भोपाल नाम परिवर्तन करने के लिये सक्षम होगा। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सू.क्र. 1971/025/026

जोनल अधिकारी, जोन क्र. 21
नगर निगम भोपाल

## न्यायालय नायब तहसीलदार बैरागढ़ चीचली वृत्त तहसील कोलार भोपाल म.प्र.

प्रकरण क्रं. ................................

// इश्तहार //

आवेदक अजय परतेती आ. एल.एस. परतेती निवासी ग्राम बन्जारी द्वारा ग्राम बन्जारी स्थित खसरा नंबर 332/2/2 के अंश भाग क्षेत्रफल 85.09 वर्गमीटर का विक्रयपत्र / फौती / वसीयतनामा / के आधार पर नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव आवेदक के उपरोक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 08/08/2025 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 25/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार
तहसील - कोलार , भोपाल

## न्यायालय नायब तहसीलदार बैरागढ़ चीचली वृत्त तहसील कोलार जिला भोपाल म.प्र.

प्रकरण क्रं. ................................

// इश्तहार //

आवेदक जगन्नाथ चौहान आ. विरजू चौहान निवासी ग्राम गेहूखेड़ा द्वारा ग्राम गेहूखेड़ा स्थित खसरा क्रं. 187 क्षेत्रफल 0.100 हेतु भूखंड / मकान क्र. ............ (आवासीय / गैर आवासीय कॉलोनी ..........................) में का विक्रयपत्र / फौती / वसीयतनामा / अधिकार-त्याग-पत्र के आधार पर नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव आवेदक के उपरोक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 12/08/2025 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 25/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार
तहसील - कोलार , भोपाल


## पेज एक का शेष

### सिंगरौली के माडा...

शनिवार को छुट्टी रहेगी। सिंगरौली जिले में बीती रात 3:00 बजे से लेकर अब तक रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी है। माडा इलाके में सबसे ज्यादा बारिश हुई है। यहां 50 साल का रिकॉर्ड टूट गया है। इलाके में सात कच्चे मकान गिर गए हैं। लोगों को सामुदायिक भवन में शिफ्ट किया गया है। कई घरों-दुकानों में पानी भर गया। इलाके में कई घरों-मकानों में पानी भर गया है। नुकसान का सर्वे करने के निर्देश भी दिए हैं। डिंडौरी में बारिश के चलते नर्मदा और इसकी सहायक नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है। नर्मदा घाट पर बने मंदिर डूब चुके हैं। अशोकनगर के चंदेरी में राजघाट डैम के 12 गेट खोले गए। इससे यहां पुल पर 8 फीट तक पानी भर गया। मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश को जोड़ने वाला हाईवे बंद है। हाईवे पर दोनों ओर लंबी कतारें लगी हुई हैं। ग्वालियर में सुबह तेज बारिश हुई। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के सरकारी बंगले में पानी भर गया। हजीरा इलाके में पुरानी इमारत ढह गई। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को पचमढ़ी में डेढ़ इंच, उमरिया, मलाजखंड, छिंदवाड़ा और गुना पौन इंच, सागर, ग्वालियर और नर्मदापुरम में आधा इंच बारिश हुई।

**अनूपपुर में रीवा-अमरकंटक रोड पर ट्रैफिक थमाः** अनूपपुर जिले में बीती रात से हो रही बारिश की वजह से नदी-नाले उफान पर हैं। राजेंद्रग्राम थाना अंतर्गत रीवा-अमरकंटक रोड पर पुलिया पर से पानी बह रहा है। पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से ट्रैफिक रुकवा दिया है। दोनों ही तरफ वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई हैं।

### ब्रिटेन के बाद अब...

के तहत मालदीव को विकास परियोजनाओं के लिए आवश्यक वित्तीय संसाधन मुहैया कराए जाएंगे, जिससे मालदीव की आर्थिक स्थिरता और विकास दर में सुधार होगा। इसी के साथ, भारत और मालदीव के बीच मुक्त व्यापार समझौता (आईएमएफटीए) पर बातचीत भी शुरू हो चुकी है। यह समझौता दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा देगा, जिससे आर्थिक सहयोग और लाभकारी साझेदारी को प्रोत्साहन मिलेगा। आईएमएफटीए के माध्यम से मालदीव के कई उत्पादों को भारत के बाजार में प्रवेश मिलेगा, जबकि भारत के उत्पाद भी मालदीव में अधिक कॉम्पिटिटिव बनेंगे। इसके अलावा, भारत–मालदीव राजनयिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ के अवसर पर भारत सरकार ने एक स्मारक डाक टिकट का संयुक्त विमोचन किया है। यह डाक टिकट दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक और मजबूत संबंधों का प्रतीक है, जो भविष्य में भी सहयोग की भूमिका को उजागर करता रहेगा।

### उद्घाटन और ...

बेहतर सड़क संपर्क और जल निकासी की प्रणाली मिलेगी। भारत ने मालदीव में 6 उच्च-प्रभाव वाली सामुदायिक विकास परियोजनाओं का भी शुभारंभ किया। इसके अतिरिक्त, भारत की ओर से मालदीव को कुल 72 वाहन एवं अन्य उपकरण भी सौंपे गए।

### भारत मालदीव का...

जैसी चुनौती, भारत ने हमेशा फर्स्ट रिस्पॉन्डर की भूमिका निभाई है। आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति से लेकर कोविड-19 के बाद की आर्थिक बहाली तक, भारत और मालदीव ने कंधे से कंधा मिलाकर काम किया है। उन्होंने कहा, भारत के सहयोग से निर्मित 4,000 सामाजिक आवास इकाइयां, आज मालदीव के हजारों परिवारों के लिए नई शुरुआत का प्रतीक बन चुकी हैं।

### श्योपुर में उल्टी...

नाजुक है। वहीं समय रहते ऐहतियाती कदम नहीं उठाने को लेकर श्योपुर कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कराहल बीएमओ सुरेश सोनी को सस्पेंड करने का प्रस्ताव कमिश्नर को भेजा है। इससे पहले 16 जुलाई से अब तक चार की मौत हो चुकी। अब स्वास्थ्य विभाग ने अब कराहल सहराना के घर-घर जाकर जांच शुरू कर दी है। गुरुवार रात को 150 घरों में जांच की गई। इनमें 64 मरीज मिले। 10 की हालत नाजुक होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्वास्थ्य शिविर में बस्ती की महिलाओं ने एसडीएम के सामने कराहल बीएमओ सुरेश सोनी पर ठीक से जांच नहीं करने के आरोप लगाए थे।

### पानी के सैंपल...

की सफाई टीम ने दिनभर गंदगी हटाई। उगना बस्ती में करीब 100 घर हैं। जहां बारिश खत्म होने के बाद लोग उल्टी-दस्त, बुखार और खांसी-जुकाम से पीड़ित हैं।

### विधानसभा परिसर में...

94(2) के तहत विधायकों के विधानसभा परिसर में नारेबाजी और प्रदर्शन करने पर रोक लगाई गई है। विधानसभा सचिवालय की ओर से सभी मंत्रियों और विधायकों को एक पत्र भेज कर इसकी जानकारी दी गई है। विधानसभा के इतिहास में ऐसा आदेश पहली बार जारी हुआ है। कांग्रेस ने इसका विरोध किया है। विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने कहा है कि इस तरह विधायकों का मुंह बंद नहीं किया जा सकता। विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह ने 10 जुलाई को सभी विधायकों को एक परिपत्र भेज कर यह जानकारी दी। परिपत्र में विधानसभा सचिवालय की ओर से विधायकों की सुरक्षा का हवाला देते हुए व्यवस्था में सहयोग करने की अपेक्षा की गई है। यह भी कहा गया है कि विधानसभा परिसर और दर्शक दीर्घा में प्रवेश पत्र सीमित संख्या में जारी किए जाएंगे। विधायकों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने एक निज सहायक और वाहन चालक का नाम, वाहन नंबर के साथ प्रवेश पत्र कार्यालय भेजना सुनिश्चित करें।

### किसी को गाड़ी ...

न कराएं। सभी मंत्रियों और विधायकों की ड्यूटी में तैनात अंगरक्षकों के साथ ही बड़े हथियार धारी अंगरक्षकों का सत्रावधि में प्रवेश वर्जित रहेगा। विधानसभा परिसर में प्रवेश के लिए दो व्यक्तियों को ही परिसर में प्रवेश पत्र दिया जाएगा। दर्शक दीर्घा में एक घंटे के लिए प्रवेश की अनुमति होगी। विधायकों की सुविधा अनुसार अलग-अलग घंटों में दर्शक दीर्घा में प्रवेश मिलेगा।

### राज्यपाल ने...

बदलाव की सिफारिश करता है, जो अत्यधिक कठोर और असंगत हैं। हालांकि, राज्य सरकार का कहना है कि उसे अभी तक केंद्र सरकार या राज्यपाल कार्यालय से विधेयक के कुछ प्रावधानों पर टिप्पणियों के बारे में कोई सूचना नहीं मिली है। विधेयक में भारतीय न्याय संहिता के तहत दुष्कर्म के लिए मौजूदा न्यूनतम 10 साल की सजा को बढ़ाकर शेष जीवन या मृत्यु तक आजीवन कारावास करने का प्रस्ताव है। गृह मंत्रालय ने विधेयक के कई प्रावधानों को समस्या से ग्रस्त बताया। मंत्रालय की आपत्ति के बाद राज्यपाल ने उन्हें उचित विचार के लिए राज्य सरकार के पास भेज दिया है। केंद्र ने दुष्कर्म की सजा को न्यूनतम 10 साल से बढ़ाकर दोषी के शेष जीवन के लिए आजीवन कारावास या मृत्युदंड करने के लिए बीएनएस की धारा 64 में संशोधन के प्रस्ताव को अत्यधिक कठोर और असंगत बताया है। दूसरा विवादास्पद बदलाव धारा 65 को हटाने का प्रस्ताव है, जो वर्तमान में 16 और 12 साल से कम उम्र की लड़कियों के साथ दुष्कर्म के लिए कठोर दंड का प्रावधान करती है। बताया जा रहा है कि इससे सजा में आनुपातिकता का सिद्धांत कमजोर हो सकता है और सबसे कमजोर पीड़ितों के लिए कानूनी सुरक्षा कम हो सकती है।

### पति और पत्नी...

सऊदी अरब सरकार ने महिला और पुरुष हज यात्रियों को एक ही कमरे में ठहराए जाने की व्यवस्था इस बार खत्म कर दी है। पुरुषों को महिला आजमीन के कमरों में जाने की भी अनुमति नहीं होगी। देश भर से हर साल करीब पौने दो लाख हज यात्री सऊदी अरब रवाना होते हैं। सऊदी अरब में हज यात्रियों को ठहराने के लिए हज कमेटी आफ इंडिया होटल व बिल्डिंग किराए पर लेती है। कमरों के साइज मुताबिक एक ही राज्य के महिला व पुरुष हज यात्रियों का ग्रुप बनाकर एक ही कमरे में ठहरने की व्यवस्था रहती है। गाइडलाइन के मुताबिक एक शहर के हज यात्रियों को एक ही इमारत में ठहराए जाने को प्राथमिकता दी जाएगी। पति-पत्नी और करीबी रिश्तेदारों का कमरा अगल-बगल रखे जाने की बात कही गई है। ताकि जरूरत पड़ने पर एक दूसरे की मदद हो सके। बगैर महरम कैटेगरी में जाने वाली महिलाएं एक साथ ठहराई जाएंगी।

### ढाई साल का बच्चा...

पहुंचे। परिवार वाले हितेश को गंभीर हालत में निकालकर तत्काल एक निजी अस्पताल ले गए। बच्चे की हालत की गंभीरता को देखते हुए, निजी अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे कटनी जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां उपचार के दौरान गंभीर रूप से जलने के कारण उसकी मौत हो गई।

### पूर्व नेता...

धमकी दी कि तू जल्दी मरने वाला है। तेरा मकान तोड़ दिया जाएगा। पत्र में गोविंद सिंह ने बताया है कि धमकी देने वाला शख्स शैलेंद्र चौहान है जो उत्तर प्रदेश का रहने वाला है।

### मुंबई जा रही...

को शुक्रवार दोपहर एक बजकर 35 मिनट पर जयपुर से मुंबई के लिए रवाना होना था, लेकिन यह निर्धारित समय से 23 मिनट की देरी से यानी दोपहर 1:58 पर टेकऑफ कर पाई। टेकऑफ के कुछ ही मिनटों के भीतर, लगभग 2:16 बजे पायलट को तकनीकी गड़बड़ी का संकेत मिला और उन्होंने तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क कर वापस जयपुर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मांगी।

### कंपनी के...

तनाव जरूर देखा गया, लेकिन पायलट की सूझबूझ और त्वरित निर्णय के चलते किसी तरह की अनहोनी नहीं हुई।


हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644







**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

\- व्यावस्थापक


हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE
56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal
Mob.: 9826264575, 8889560478, 8085377716, 0755-2660949 Web.: www.jncbpl.com
★ M.Sc. (Physics, Chemistry, Botany, Zoology, Micro bio., Biotech., Computer Sc., Maths) ★ PGDCA ★ B.Sc. (Bio Group & Maths, Chemistry, Computer Sci., Env.Sc., Biology, Micro Bio., Biotech ) ★ B.Com. Plain & Computer ★ M.Com ★ BCA ★ BA ★ BBA ★ M.A. (Eng., Polt. Sc., Socio., Eco. & Urdu) ★ B. Lib ★ M. Lib. ★ B.P.E.S. ★ PG Diploma in Yoga ★ D.El. Ed. ★ B.Ed. ★ B.P.Ed. ★ M.Ed. ★ M.P.Ed.
DIRECT ADMISSION*
College Offering Best Career Options With Minimum Fee Structure
** Note : All Admission According to MP Higher Education Guide line and Rules 2023-24

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईटः- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद

सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस


## राशिफल

**मेष** कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी, संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे, वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।


**धनु** रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5939



**बाएँ से दाएँ**
1.हलचल,कोलाहल-3,3
5.मानवीयता-4
8.शरीर, बदन-2
9.ऊंचाई-3
10.तीर, बाण-2
11.मनमोहक-4
12.रग, नाड़ी-2
14.दुत्कारना-4
16.चतुर, फुर्तीला-3
18.साझेदार-4
20.रमण लायक-3,2
23.भारी, वजन वाला-5
26.असावधानी-4
27.दाल पीसना-3
29.निश्चित-4
30.कविता-2
32.शरीर व इच्छा-2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग-2
35.सलाम करना-3
36.रास्ता-2
37.राह पर चलनेवाले-4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.पैतृक संपत्ति का वारिस-6
2.गाय के स्तन-2
3.प्रसन्न होने का भाव-4
4.लगन, जिज्ञासा-3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में-3)
6.अधीन, काबू-2
7.डामर, टार-4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन-4
13.सच्चाई-2
15.दुश्मनी,शत्रुता-4
17.घूंघट, बुरखा-3
18.भाग्य का लेखा-जोखा-4
19.धूल, रेत-2
21.भवन, प्रसाद-3
22.जोड़, कुल-2
24.लावण्ययुक्त-4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,-3,3
27.विजयादशमी-4
28.मोड़, छोर-2
29.मृत्यु का देवता, यम-4
31.बुरी आदत-3
32.सभ्य व्यवहार-3
34.मार्ग-2
36.गोंद, वार्निश-2

**शब्द पहेली- 5938 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5949

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5948 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

# शहर में सावन महीने में 600 करोड़ रुपए के कारोबार का अनुमान



श्रावण मास में बेहतर व्यापार की उम्मीद

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सावन महीने में दूध, मिठाई, व्रत में खाए जाने वाले नमकीन, प्रसाद, फल, ड्राईफ्रूट, पूजा के समान और मंदिरों की सजावट के लिए फूलों के अलावा होजरी आयटम, कपड़े, सौंदर्य प्रसाधन सामग्री, रेशम और धातुओं की राखी सहित अन्य सामग्री की काफी बिक्री होती है। बाजार में विभिन्न ट्रेडों के व्यापार-व्यवसाय से जुड़े दुकानदारों और व्यापारियों को श्रावण मास में बेहतर व्यापार की उम्मीद है। बाजार पंडितों और व्यापारिक संगठनों का अनुमान है कि सावन के महीने में राजधानी में करीब 600 करोड़ रुपए का कारोबार होने का अनुमान है। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय महामंत्री नवनीत अग्रवाल के अनुसार सावन के महीने में पूजा पाठ के आयोजन बढ़ने की वजह से धार्मिक विधि विधान के लिए पंडितों की सबसे ज्यादा मांग होती है। श्रद्धा और भक्ति में लीन लोग जमकर पैसा खर्च करते हैं जिसका फायदा बाजार को मिलता है। प्रमुख कावड़ यात्रा बारिश में भी व्यापार में गर्मी ला देती है। कावड़ बनाने के लिए बाँस, लकड़ी, रंगीन कागज, कपड़ा और घंटी या घुंघरू का बाजार गुलजार है। जबकि कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के पदाधिकारियों के अनुसार सावन की रिमझिम फुहारों के साथ बम -बम भोले की गूंज व्यापार को भी नई ऊर्जा देने वाला महीना साबित हो रहा है। इस महीने में रक्षाबंधन, जन्माष्टमी के दो बड़े त्यौहार कारोबार मजबूत करने का काम करते हैं। बाजार जानकार श्यामबाबू अग्रवाल के अनुसार सावन महीने में होजरी और कपड़ों का कारोबार भी खूब परवान चढ़ता है। टीशर्ट, निक्कर, पताका, तौलिया या फिर बटुआ, ये सब की बिक्री खूब होती है। महाकाल लिखे टीशर्ट्स हों या फिर भगवान शिव की तस्वीर वाले, इनकी मांग बढ़ी हुई।

## *हरी चूड़ी-साड़ी की बढ़ी मांग*

*न्यूमार्केट स्थित विमल साड़ी एम्पोरियम के संचालक नीलेश गोयल के अनुसार 9 अगस्त को सावन पूर्णिमा है और इसी दिन रक्षाबंधन का त्योहार मनेगा। परंपराओं के निर्वाह के लिए महिलाएं सावन में हरी चूड़ी और साड़ी आदि पहनती हैं। इसके चलते शहर में साड़ियों का व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों ने हरे रंग की साड़ी का स्पेशल कलेक्शन मंगवाया है। सभी अलग-अलग रेंज में हैं। उनके अनुसार सावन को लेकर इस बार साड़ियों के कई रेंज बाजार में उपलब्ध हैं। सिल्क, जॉर्जेट, कॉटन, मिक्स्ड फैब्रिक की साड़ियां महिलाओं को पसंद आ रही हैं। इन साड़ियों में चुनरी प्रिंट खासा पसंद किया जा रहा है। गोल्डेन बॉर्डर की लाइट वेट प्लेन साड़ी, लाइट वेट चुनरी प्रिंट जॉर्जेट साड़ी, तांत की कलरफुल साड़ियां इस बार ट्रेंड में हैं।*

### खरीदारी से दुकानदारों के चेहरे पर आने लगी रौनक

# रक्षाबंधन 9 अगस्त को, सज गया सावन का बाजार

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सावन के साथ ही त्योहारी सीजन की शुरुआत हो गई है। सावन माह के बाद पूर्णिमा के अवसर पर रक्षा बंधन पर्व 9 अगस्त को मनाया जाएगा। दुकानदारों ने रक्षाबंधन के त्योहार की तैयारी पूरी जोर-शोर से शुरू कर रही है, तो वहीं राजधानी सभी बाजार राखी की दुकानें सजने लगी हैं और विभिन्न प्रकार की राखियां ग्राहकों के लिए उपलब्ध हैं। भाई-बहन के इस खास पर्व को लेकर हर साल की तरह इस बार भी विविध प्रकार की राखियां उपलब्ध हैं। बाजार में महिलाओं के द्वारा राखियां, उपहार, मिठाईयां व नए कपड़े खरीदे जा रहे हैं। वहीं कुछ बहनों के द्वारा अपने भाइयों के लिए सोने-चांदी की राखियां भी खरीदी जा रही है। रक्षाबंधन के त्यौहारी सीजन पर दुकानदारों के चेहरे पर भी काफी रौनक भी दिखाई दे रही है।

## *चमकदार रत्न, स्टोन वर्क और एम्बेलिश्ड पैटर्न शामिल*

*राखियों के दुकानदार बताते है कि इस बार डिजाइनर रराखियों में आधुनिक डिजाइनों के साथ-साथ पारंपरिक तत्व भी देखने को मिलते हैं। इनमें चमकदार रत्न, स्टोन वर्क और एम्बेलिश्ड पैटर्न शामिल होते हैं, जो हर उम्र के भाई के लिए उपयुक्त हैं। इसके अलावा सिल्वर और गोल्ड राखियां खास तौर पर तैयार करवाई जाती हैं। सोने चांदी के व्यापारी आनंद सोनी ने बताया कि सिल्वर और गोल्ड की इन राखियों में परंपरागत आभूषण की तरह की लुक्स होती हैं, जो खास अवसर पर पहनने के लिए उपयुक्त हैं। इसके अलावा कस्टमाइज्ड राखी यह राखी विशेष रूप से भाई की पसंद और नाम के अनुसार बनाई जाती है।*

## *हर कोई अपनी पसंद की राखी आसानी से चुन सकता*

*इसके अलावा छोटे बच्चों के लिए छोटा भीम डोरेमॉन आदि कार्टून, फिल्म स्टार्स, और खेल-कूद से संबंधित डिजाइन शामिल होते हैं। स्थानीय बाजारों के साथ-साथ ऑनलाइन प्लेटफार्म्स पर भी राखियों की खूबियों और विविधताओं का खासा ध्यान रखा गया है, जिससे हर कोई अपनी पसंद की राखी आसानी से चुन सकता है।*

## *कपड़ा बाजार और उपहार की दुकानों पर भी नया स्टॉक*

*आगामी रक्षाबंधन के त्योहार के मद्देनजर कपड़ा और उपहार बाजार भी सज गया है। कपड़ा बाजार में नए डिजाइन और रंग-बिरंगे कपड़े उपलब्ध हैं, जिसमें पारंपरिक और आधुनिक फैशन शामिल हैं। वहीं, उपहार की दुकानों पर विशेष रूप से सजाए गए उपहार पैकेज, खिलौने और सजावटी वस्त्र उपलब्ध हैं। इस तरह, बाजार ने त्योहार की खुशियां बढ़ाने के लिए बेहतरीन विकल्प प्रदान किए हैं*

## खबर संक्षेप

### अगस्त में आधे महीने तक नहीं खुलेंगे बैंक

**नई दिल्ली।** अगले अगस्त माह में बैंक आधे महीने बैंक रहेंगे। स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन, जन्माष्टमी और गणेश चतुर्थी जैसे बड़े त्योहारों के साथ हर रविवार और महीने के दूसरे व चौथे शनिवार को भी बैंक बंद रहेंगे। राष्ट्रीय के साथ-साथ कई राज्यों के स्थानीय त्योहारों के चलते कुछ इलाकों में बैंक लगभग आधे महीने तक नहीं खुलेंगे। इन छुट्टियों के दौरान नकद निकासी, चेक क्लियरेंस और अन्य बैंकिंग सेवाओं में देरी हो सकती है।

### सैमसंग स्किल डेवलपमेंट सेंटर का उद्घाटन

**गुरुग्राम।** सैमसंग सेमीकंडक्टर इंडिया रिसर्च (एसएसआईआर) ने कर्नाटक के कोलार गोल्ड फील्ड्स में गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में अपना पहला सैमसंग स्किल डेवलपमेंट सेंटर शुरू किया। अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के तहत, एसएसआईआरने पांच आधुनिक प्रयोगशालाओं को बनवाने में मदद की है।

### मैकडॉनल्ड्स ने लांच किया प्रोटीन प्लस स्लाइस

**मुंबई।** वेस्टलाइफफूड वर्ल्ड द्वारा संचालित मैकडॉनल्ड्स इंडिया ने ग्राहकों को पहले से कहीं अधिक व्यक्तिगत पोषण विकल्प प्रदान करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। ब्रांड ने अपने नवीनतम प्रोटीन प्लस रेंज की घोषणा की, जिसमें शामिल है देश का पहला 100 फीसदी शाकाहारी, पौधों पर आधारित प्रोटीन स्लाइस, जो किसी भी बर्गर में 5 ग्राम अतिरिक्त प्रोटीन जोड़ता है।

### एनयूसीएफडीसी और आईआईए ने साझेदारी की

**मुंबई।** नेशनल अर्बन कोऑपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन , भारत में शहरी सहकारी बैंकिंग क्षेत्र के अम्ब्रेला ऑर्गनिज़शन और इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनल ऑडिटर्स इंडिया ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य शहरी सहकारी बैंकिंग क्षेत्र में आंतरिक स्तर पर ऑडिट के मानकों को बेहतर बनाना, जुड़ी सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को संस्थागत रूप देना और लंबे समय तक क्षमता निर्माण करना है।

### बॉनवी एयरो ने पूरी की गुड्स मैराथन

**नई दिल्ली।** बॉनवी एयरो ने सीआरपीएफ की विशेष कोबरा यूनिट के साथ मिलकर अपने लॉजिस्टिक्स एंड गुड्स मैराथन की सफल फील्ड फायरिंग पूरी कर ली है। जंगलों और कठिन इलाकों में हुए इस ट्रायल में ड्रोन ने 10 किमी की उड़ान में 20 किलोग्राम का पेलोड सटीक रूप से पैराड्रॉप किया।

### हीरो मोटोकॉर्प ने एचएफ डीलक्स प्रो लांच की

# बजट फ्रेंडली बाइक की कीमत से लेकर फीचर्स तक हर नई और बड़ी अपडेट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हीरो मोटोकॉर्प ने अपनी बजट फ्रेंडली कम्यूटर बाइक हीरो एचएफ डीलक्स को अपडेट करते हुए इसका अपडेटेड वर्जन हीरो एचएफ डीलक्स प्रो लांच किया है, जिसे डिजाइन से लेकर फीचर्स तक कई नए अपडेट दिए गए हैं। एंट्री लेवल कम्यूटर बाइक सेगमेंट में हीरो एचएफ डीलक्स प्रो को एक शानदार डिजाइन, फीचर्स और बेहतर माइलेज के विकल्प के रूप में देखा जा सकता है, जिसमें कंपनी ने आईथ्रीएस (आइडल स्टॉप-स्टार्ट सिस्टम), लो-फ्रिक्शन इंजन और खासतौर पर डिजाइन किए गए टायर जैसे अत्याधुनिक फीचर्स दिए गए हैं, जो इसे अपनी श्रेणी में सबसे ज्यादा माइलेज देने में सक्षम बनाते हैं। हीरो मोटोकॉर्प ने इस एचएफ डीलक्स प्रो को 73,550 रुपए की शुरुआती कीमत (एक्स शोरूम, दिल्ली) के साथ मार्केट में उतारा है, जिसे देशभर की हीरो मोटोकॉर्प डीलरशिप पर बिक्री के लिए उपलब्ध करा दिया गया है। एचएफ डीलक्स प्रो एक नए अवतार में सामने आई है, जिसमें रिफ्रेश्ड बॉडी ग्राफिक्स दिए गए हैं। अपने सेगमेंट में पहली बार इसमें क्राउन-शेप हाई-इंटेंसिटी पोजीशन लैंप के साथ एलईडी हेडलैंप दिया गया है, जो विजिबिलिटी को बेहतर करता है। हीरो मोटोकॉर्प के चीफ बिजनेस ऑफिसर - इंडिया बिजनेस यूनिट, अशुतोष वर्मा ने कहा कि एचएफ डीलक्स लाखों ग्राहकों की पहली पसंद रही है, जिसे इसकी विश्वसनीयता और माइलेज के लिए पसंद किया जाता है। अब नई एचएफडीलक्स प्रो के ज़रिए हमने इस भरोसे को नए डिजाइन, एडवांस्ड फीचर्स और बेहतर फ्यूल एफिशिएंसी के साथ एक नया रूप दिया है। इसे आज के भारतीय राइडर की बदलती ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए पेश किया गया है। हमारी ब्रांड फिलॉसफी 'नए इंडियन की डीलक्स बाइक' इस बात को दोहराती है कि हम हर रोज़ की सवारी के लिए भरोसेमंद और किफायती समाधान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



### निवेशकों के 7.77 लाख करोड़ रुपए डूबे

# विदेशी निवेशकों की बिकवाली ने बिगाड़ा बाजार का मूड

एजेंसी ▶▶ मुंबई



भारत के प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी-50 और सेंसेक्स शुक्रवार को एक महीने के निचले स्तर पर बंद हुए। साल 2025 में यह उनका सबसे लंबा वीकली लॉस है। बाजार में बड़े पैमाने पर बिकवाली देखी गई।

कमजोर तिमाही नतीजों और विदेशी निवेशकों की बिकवाली तथा वैश्विक व्यापार में अनिश्चितता ने निवेशकों के सेंटीमेंट्स को प्रभावित किया। निफ्टी50 इंडेक्स और बीएसई सेंसेक्स में इस हफ़्ते (21 जुलाई-25 जुलाई) क्रमशः 0.5 फीसदी और 0.4 प्रतिशत की गिरावट आई। जबकि शुक्रवार को यह 0.99 फीसदी की गिरावट के साथ क्रमशः 24,837 अंक और 81,463.09 अंक पर बंद हुए। इसी के साथ बाजार में लगातार चौथी हफ्ते साप्ताहिक आधार पर गिरावट दर्ज की गई। निवेशकों को इस हफ्ते बाजार में 7.77 लाख करोड़ रुप, से ज्यादा का नुकसान हुआ है। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप इस हफ्ते को घटकर 4,51,68,480 करोड़ रुपए रह गया। यह पिछले हफ्ते शुक्रवार को 45,945,864 करोड़ रुपए था। इस तरह, बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप साप्ताहिक आधार पर 777,384 करोड़ रुपए घटा है।


## बिजनेस न्यूज

### चिरायु विश्वविद्यालय में 'व्यास-पूजा' का आयोजन




**भोपाल।** विश्वगुरु भारत की ज्ञान परंपरा एवं अक्षुण्ण संस्कृति का आधार गुरु-शिष्य परंपरा रही है एवं गुरु के प्रति कृतज्ञता एवं पूज्य भाव समर्पित करने का मुख्य दिन महर्षि वेद व्यास का प्राकट्य दिवस जिसे 'गुरु-पूर्णिमा' के रूप में मनाया जाता है। इसी उपलक्ष्य में चिरायु विश्वविद्यालय संस्थान के मुख्य सभागार में व्यास पूजा का आयोजन शुक्रवार किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय शिक्षण मंडल मध्यभारत से आये हुए डॉ. भरत शरण सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में चिरायु विष्वविद्यालय की सराहना करते हुए गुरु शिष्यों के पारस्परिक संबंध पर प्रकाश डाला। इस मौके पर भरत शरण ने चिरायु विष्वविद्यालय को उत्तरोत्तर प्रगति करते हुए भविष्य में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने की अपनी आकांक्षा एवं शुभकामना व्यक्त की, ताकि भविष्य में भारतीय युवाओं को विदेशों में उच्चशिक्षा प्राप्ति के लिए न जाना पड़े, बल्कि विदेशी छात्र भारत आए एवं विद्या एवं कौशल प्राप्त कर भारत के चहुंमुखी विकास में सहभागी बनें। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. हरिहर बसंत गुप्ता ने गुरुपूर्णिमा के इतिहास एवं वर्तमान में उसके स्वरूप को प्रकाशित कर सभी श्रोताओं को अभिभूत किया। कार्यक्रम को प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन, सरस्वती वन्दना, अतिथियों के स्वागत संगठन श्लोक एवं वाक्य वाचन एवं चिरायु विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. सुदेश सोहनी के स्वागत वक्तव्य हुआ, तत्पश्चात शेखर कड़हारकर ने संगठन गीत से सभी को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. अजय गोयनका ने सभी अतिथियों की सरहाना करते हुए भविष्य में चिरायु विश्वविद्यालय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने की बात कही। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, शोल व श्रीफल के साथ स्मृति चिन्ह के रूप में बाल वृक्ष भेंट किया गया इस कार्यक्रम में चिरायु संस्थान के सभी प्राचार्यो, विभागाध्यक्षों, शिक्षको, चिकित्सकों व छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

### एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के चार विद्यार्थी नाइपर और जीपेट परीक्षाओं में उत्तीर्ण



**भोपाल।** एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फार्मेसी के प्रतिभाशाली छात्रों ने ऑल इंडिया नाइपर और जीपेट परीक्षाओं में उत्तीर्ण होकर बड़ा सम्मान हासिल किया है। बैच 2025 के इन छात्रों ने अपनी मेहनत लगन तथा अपने गुरुजनों के मार्गदर्शन से यह सफलता हासिल की है। इन प्रतिभाशाली छात्रों में आयुष चंद्रा, निशा कुमारी सिंह, इब्राहिम रजा, अनमोल पालांडूरकर तीन-तीन छात्रों (बैच 2025) ने नाइपर और जीपेट परीक्षाओं को अच्छी रैंक के साथ उत्तीर्ण किया है। एक छात्रा ने 2024 के पास आउट बैच से जीपेट में उत्तीर्ण किया है। कुलाधिपति जय नारायण चौकसे, सचिव डॉ.अनुपम चौकसे, निदेशक डॉ.अखिलेश कुमार सिंघई ने छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान की।

### पीएनबी एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का सफल आयोजन




**भोपाल।** पंजाब नेशनल बैंक द्वारा गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एसोसिएशन कॉम्प्लेक्स,इंडस्ट्रियल एरिया, जेके रोड में पीएनबी एमएसएमई आउटरिच कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मदनलाल गुर्जर एवं पंजाब नेशनल बैंक, प्रधान कार्यालय, नई दिल्ली से महाप्रबंधक नितिन पंडया मुख्य अतिथि तथा योगेश गोयल, सचिव गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एसोसिएशन विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम में उप अंचल प्रमुख हर्ष कुमार मेहता की अध्यक्षता में मंडल प्रमुख डीके झा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मंडल प्रमुख डीक झा द्वारा मुख्य अतिथि मदनलाल गुर्जर, उपाध्यक्षएवं नितिन पंडया, महाप्रबंधक एवं विशेष अतिथि योगेश गोयल, सचिव का स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में एमएसएमई ग्राहकों ने उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़ कर सहभागिता की और वित्तीय समाधान के लिए पीएनबी के वरिष्ठ अधिकारियों एवं ऋण विशेषज्ञों से ऑनस्पॉट जानकारी प्राप्त की। बैंक द्वारा दिये जा रहे आकर्षक ब्याज दर, आसान प्रक्रिया, न्यूनतम दस्तावेज़एवं त्वरित सैद्धांतिक स्वीकृति ने ग्राहकों को आकर्षित किया। परिणामस्वरूप कई हितग्राहियों को बैंक द्वारा विशेष ऑफर एवं छूट के साथ त्वरित ऋण स्वीकृति दी गई। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि नितिन पंडया, महाप्रबंधक द्वारा उद्यमियों से विचार विमर्श किया तथा उनके सुझावों से अवगत हुए। उन्होंने बताया कि ग्राहकों को एक ही मंच पर विभिन्न योजनाएं एवं उत्पादों के विकल्प उपलब्ध कराने का सुअवसर प्राप्त हुआ।

### 10 नंबर मार्केट व्यापारी महासंघ ने किया महापौर का सम्मान



**भोपाल।** भोपाल स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-2025 में पूरे भारत वर्ष में मध्यप्रदेश ने साफ सफाई में अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए कुल 8 पुरस्कार जीते है । हमारे झीलों के शहर भोपाल ने 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में दूसरा स्थान प्राप्त किया है । यह हम सब भोपाल वासियों के लिए गर्व का क्षण है । भोपाल को दूसरा स्थान दिलाने के लिए भोपाल की महापौर मालती राय एवं उनकी नगर निगम की पूरी टीम के साथ भोपाल की जानता भी बधाई की पात्र है । 10 नंबर मार्केट व्यापारी महासंघ का प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष आनंद सोनी , ओम साहू, ब्रज जोहरी, मुकेश जैन, सुनील बतरा,आतम तलरेजा सुमित अग्रवाल, अमित केसवानी, सुबोध साहू ,गुड्डू कामदार प्रदीप गुप्ता के नेतृत्व में महापौर से सौजन्य भेट करके उनको बधाई दी। महापौर ने कहा कि यह पुरस्कार 10 नंबर मार्केट के व्यापारियों के सहयोग से प्राप्त हुआ है 10 नंबर मार्केट के सभी व्यापारियों का धन्यवाद किया और 10 नंबर मार्केट के विकास एवं सुंदरता के लिए मुझसे जो भी बनेगा वह मैं करुंगी।

### वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ने शुरू किया पहला मास्टर प्रोग्राम शुरू

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन (डब्लूयूडी) देश में अपनी तरह का पहला- समकालीन कला एवं डिजाइन के संकलन (क्यूरेशन) में मास्टर ऑफ विजुअल आर्ट्स प्रोग्राम शुरू कर रहा है। वैश्विक मानकों को पूरा करने के लिए डिजाइन यह प्रोग्राम आर्ट क्यूरेशन में करियर के द्वार खोलता है और प्रदर्शनी लगाने के अनूठे मॉडलों, संस्था निर्माण और सामाजिक जुड़ाव के जरिए कला, कलाकारों और समुदायों को जोड़ने में क्यूरेटर की भूमिका को नए सिरे से परिभाषित करता है। डब्लूयूडी एक समर्पित दो वर्षीय मास्टर प्रोग्राम के तौर पर इसकी पेशकश करने वाली पहली युनिवर्सिटी है। नए पाठ्यक्रम की शुरुआत के साथ डब्लूयूडी का लक्ष्य भारतीय विद्यार्थियों के बीच अंतरराष्ट्रीय मानकों को लाना है जिससे उनमें वैश्विक क्यूरेटोरियल परिदृश्य में उभरने के लिए आवश्यक कौशल एवं दृष्टिकोण विकसित हो सके।


### कोटक ने लांच किया कोटक सॉलिटेयर

**मुंबई।** कोटक महिंद्रा बैंक ने कोटक सॉलिटेयर के लांच की घोषणा की, जो वास्तव में भारत के धनी लोगों के लिए खास तौर पर बनाई गई एक अनूठी बैंकिंग सेवा है। यह सिर्फ एक उत्पाद नहीं है यह एक विशेषाधिकार है। सॉलिटेयर एक खास बैंकिंग सेवा है, जो केवल निमंत्रण पर उपलब्ध है। यह उन लोगों और परिवारों के लिए है, जिनका कोटक बैंक के साथ गहरा और विविध वित्तीय रिश्ता है। यह सिर्फ आपके खाते में जमा राशि पर आधारित नहीं है, बल्कि यह आपके परिवार के जमा, निवेश, लोन, बीमा और डीमैट होल्डिंग्स को मिलाकर गणना किए गए कुल संबंध मूल्य पर निर्भर करता है।

### ईको रीसाइक्लिंग ने की दो अहम परिवर्तन की घोषणा

**मुंबई।** पेशेवर ई-वेस्ट प्रबंधन कंपनी इको रीसाइक्लिंग लिमिटेड ने अपनी वैश्विक पहचान और रणनीतिक मजबूती को और मजबूती देते हुए दो अहम नेतृत्व परिवर्तन की घोषणा की है। सीएमडी बीके सोनी को एसईआरआआई की वैश्विक सलाहकार समिति में शामिल होने का गौरव- ईकोरेको को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि इसके चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक श्री बी. के. सोनी को सस्टेनेबल इलेक्ट्रॉनिक्स रीसायक्लिंग इंटरनेशनल (एसईआरआआई ) की टेक्निकल एडवाइजरी कमिटी में शामिल किया गया है यह वही प्रतिष्ठित वैश्विक संस्था है जो इलेक्ट्रॉनिक कचरे के जिम्मेदार रीसायक्लिंग के लिए विश्वप्रसिद्ध आर2 सर्टिफिकेशन की निगरानी करती है।

### फेडरेशन ने किया यूके-भारत मुक्त व्यापार समझौते का स्वागत



**भोपाल ।** फेडरेशन ऑफ एमपी चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफएमपीसीसीआई) ने यूनाइटेड किंगडम और भारत के बीच कल हस्ताक्षरित मुक्त व्यापार समझौते का स्वागत किया है। एफएमपीसीसीआई के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने इस समझौते को दोनों देशों के लिए एक परिवर्तनकारी कदम बताया और कहा कि यह व्यापार, निवेश और औद्योगिक सहयोग के नए द्वार खोलेगा। उन्होंने कहाकि यह समझौता भारत और यूके के बीच बढ़ते भरोसे और साझेदारी को दर्शाता है। यह हमारे निर्यातकों, एमएसएमई, स्टार्टअप्स और सेवा क्षेत्र के पेशेवरों के लिए नए अवसर लेकर आएगा—विशेषकर वस्त्र, सूचना प्रौद्योगिकी, औषधि, अभियांत्रिकी उत्पाद और कृषि-आधारित उद्योगों में। इससे रोजगार के नए अवसर और नवाचार आधारित विकास को गति मिलेगी। शर्मा ने कहा कि फेडरेशन इस समझौते के प्रमुख बिंदुओं को अपने सदस्यों तक पहुंचाएगा और एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगा ताकि उद्योग जगत इस रणनीतिक समझौते का अधिकतम लाभ उठा सके। एफएमपीसीसीआई दोनों देशों के नेतृत्व और वार्ताकारों को इस दूरदर्शी और समावेशी समझौते के लिए हार्दिक बधाई देता है।

# पांच दिवसीय 'वनतारा गजराज सम्मेलन', 100 से अधिक महावत और विशेषज्ञ लेंगे हिस्सा

एजेंसी ▶▶ गुजरात



अनंत अंबानी द्वारा संचालित भारत के प्रमुख वन्यजीव बचाव एवं संरक्षण केंद्र वनतारा ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के प्रोजेक्ट एलिफेंट के सहयोग से जामनगर में पांच दिवसीय 'वनतारा गजराज सम्मेलन' का आयोजन किया है। यह देश का अब तक का सबसे बड़ा ऐसा प्रशिक्षण कार्यक्रम है,जो हाथियों की सेवा और देखभाल को समर्पित है। सम्मेलन में 100 से अधिक महावतों और हाथी विशेषज्ञों को पारंपरिक और वैज्ञानिक दोनों प्रकार की देखभाल विधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे। वनतारा के सीईओ विवान करानी ने कहा कि यह सम्मेलन केवल प्रशिक्षण का मंच नहीं, बल्कि एक संवेदनशील और करुणामयी भविष्य की नींव है। हमारा उद्देश्य पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के समन्वय से हाथियों के कल्याण के लिए एक सशक्त और टिकाऊ व्यवस्था बनाना है। यह दर्शाता है कि हाथियों का संरक्षण केवल नीति और आवास तक सीमित नहीं, बल्कि उनकी देखभाल करने वालों की कुशलता और संवेदनशीलता पर भी आधारित है।यह कार्यक्रम जामनगर स्थित राधे कृष्ण टेंपल एलिफ़ेंट वेलफेयर ट्रस्ट परिसर में आयोजित किया जा रहा है।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग संभाग रायसेन (म.प्र.)

ईमेल : eepwdraisen@mp.nic.in दूरभाष/फैक्स क्रमांक : 07482-222051

// निविदा सूचना //

निविदा सूचना क्र. 13/व.ले.लि./रायसेन/2025-26 — रायसेन, दिनांक 18/07/2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर आई.डी. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य की अनु. राशि (रू लाख में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | 2025_PWDRB _438833_1 | रायसेन | निर्माण कार्य | रायसेन के गैरतगंज तहसील कोर्ट भवन में सर्वर रूम में रिनोवेशन कार्य | द्वितीय | 2.09 | |
| 2. | 2025_PWDRB _438866_1 | रायसेन | रिनोवशन कार्य | रायसेन जिले के गौहरगंज न्यायालय में सर्वर रूम का रेनोवेशन कार्य । | द्वितीय | 1.52 | |
| | | | | योग | | 3.61 | |

उपरोक्त वेबसाइट आनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की 08/08/2025, (17.30) बजे अंतिम तिथि निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, रायसेन
संभाग रायसेन (म.प्र.)

G-16205/25

" स्वच्छता ही सेवा "

## चिंतन

# झालावाड़ स्कूल हादसे के जिम्मेदारों को सजा मिले

राजस्थान के झालावाड़ के सरकारी स्कूल में हुए भीषण हादसे ने केवल इस राज्य को ही नहीं, बल्कि समूचे देश को झकझोर दिया है। झालावाड़ के पिपलोदी गांव स्थित एक स्कूल की छत ढहने से 7 मासूम बच्चों ने अपनी जान गंवा दी है, वहीं 27 बच्चे घायल हैं। देश गमगीन है। सबसे हैरत की बात यह है कि प्रशासन तभी हरकत में आता है, जब पिपलोदी गांव की तरह कोई बड़ा हादसा होता है। बड़ा सवाल है कि क्या यह महज हादसा है या शिक्षा तंत्र की प्रशासनिक लापरवाही का भयानक अंजाम? राजस्थान के शिक्षा मंत्रालय ने सभी जिलों को लिखित निर्देश दिया था कि बरसात से पहले अपने-अपने क्षेत्र के स्कूलों के भवनों की स्थिति का मौका-मुआयना करें। राजस्थान में अधिकांश प्राइमरी स्कूलों के भवनों की हालत जर्जर है। यह स्थिति देश के अधिकांश अन्य सरकारी स्कूलों के भवनों की भी है। राजस्थान में चिंता की बात है कि पूर्व सीएम वसुंधरा राजे, उनके बेटे सांसद दुष्यंत सिंह, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के गृह जिले व अपने क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में स्थिति खराब है। इस राज्य में पांच साल कांग्रेस व पांच साल भाजपा सत्ता में रहती है, ऐसे में सूबे के सरकारी स्कूलों की दुर्दशा के लिए दोनों ही दलों की सरकारें जिम्मेदार हैं। चुनावी राजनीति में रेवड़ी संस्कृति को बढ़ावा के चलते दलों व सरकारों के फोकस में शिक्षा व स्वास्थ्य जैसे बुनियादी विषय नहीं हैं। राजस्थान सरकार का वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्राथमिक विद्यालय के भवनों की मरम्मत के लिए बजट केवल 225 करोड़ रुपये है, जबकि अनुमान के मुताबिक राज्य के करीब 60 फीसदी से अधिक स्कूल भवनों में सुधार की आवश्यकता है। अभी कहा जा रहा है कि भारी बारिश के चलते पीपलोदी के स्कूल भवन की छत गिर गई, लेकिन राजस्थान में अनेक स्कूलों के भवन जर्जर हालते में हैं। विगत चार महीनों में करीब 700 से अधिक शिकायतें स्कूल भवन को ठीक कराने संबंधी गई हैं, लेकिन अधिकांश मामले में बजट का रोना है। शिक्षा विभाग ने बेशक पांच शिक्षकों को निलंबित कर दिया है। राजस्थान मानवाधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए झालावाड़ जिला कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी, शिक्षा निदेशक, और एसपी को नोटिस जारी कर 7 अगस्त तक अनुपालन रिपोर्ट मांगी है, लेकिन क्या जिन बच्चों की जान सरकारी लापरवाही व भ्रष्टाचार के चलते गई है, वो लौट कर आएगी? पीपलोदी गांव के लोग गुस्से में हैं और उनका क्रोधित होना जायज भी है। सरकार स्कूलों, अस्पतालों, पुलों व अन्य सरकारी भवनों की एक नियमित अंतराल पर जांच-परख के लिए नियम क्यों नहीं बनाती है, हम अपने बच्चों, नागरिकों की सुरक्षा से खिलवाड़ कैसे कर सकते हैं। कोई निर्माण हुआ है तो, उसकी आयु भी होगी? देश में सरकारी स्कूलों के भवनों की स्थिति आमतौर पर खराब है। कुछ स्कूलों के भवन इतने जर्जर हैं कि छात्रों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा हो गया है। कई स्कूलों में शिक्षकों की कमी है। सरकारी स्कूलों में अपर्याप्त वित्तपोषण व उत्तरदायित्व की कमी है। सर्व शिक्षा अभियान, मध्याह्न भोजन योजना, प्रौद्योगिकी वर्धित शिक्षा पर राष्ट्रीय कार्यक्रम, प्रज्ञाता, पीएम श्री स्कूल जैसी सरकारी पहलों से भी स्कूलों के बुनियादी ढांचे नहीं सुधर पा रहे हैं। वित्त पोषण के साथ शिक्षा तंत्र को जवाबदेह बनाना जरूरी है। बच्चों की मौत के जिम्मेदारों को सजा मिलनी जरूरी है।



विश्लेषण

उमेश चतुर्वेदी

# मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण जरूरी


एक हालिया शोध के अनुसार बिहार में करीब 77 लाख फर्जी वोटर हैं। ये वोटर अल्पसंख्यक वर्ग वाले सिर्फ विदेशी घुसपैठिये ही नहीं है, बल्कि इसमें मृत और अपनी रिहायश छोड़ चुके मतदाता भी हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि ऐसी गड़बड़ियां पूरे देश की मतदाता सूची में हो सकती हैं। विधु शेखर और मिलन कुमार का शोध अध्ययन, राज्य के आधार कार्ड के अत्यधिक उपलब्धता के आंकड़े कुछ ऐसे तथ्य हैं, जिनके आलोक में राज्य में जारी गहन पुनरीक्षण को चुनाव आयोग अपने पक्ष में तर्क के रूप में इस्तेमाल कर सकता है। इन संदर्भों में विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में उतरे राजनीतिक दलों के लिए ज्यादा तर्क-वितर्क की गुंजाइश शायद ही रह पाएगी।

बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन परीक्षण पर विपक्षी दलों की ओर से सवाल न ही उठता तो हैरत होती। यह ठीक है कि चुनाव आयोग ने अपने 24 जून के इस संदर्भ में दिए गए आदेश में बार-बार बदलाव किया है, लेकिन विपक्षी खेमे की ओर से इस पुनरीक्षण पर सवाल उठने की वजह उनकी आशंका है। उन्हें लगता है कि इस पुनरीक्षण के बहाने उनके वोट बैंक को सत्ता पक्ष यानी बीजेपी और जेडीयू के इशारे पर चुनाव आयोग काट देगा। उनकी आशंका पर चर्चा से पहले एक हालिया शोध का भी जिक्र किया जाना जरूरी है, जिसके अनुसार बिहार में करीब 77 लाख फर्जी वोटर हैं। ये वोटर अल्पसंख्यक वर्ग वाले सिर्फ विदेशी घुसपैठिये ही नहीं है, बल्कि इसमें मृत और अपनी रिहायश छोड़ चुके मतदाता भी हैं।

डेमोग्रॉफिक रिकंस्ट्रक्शन एंड इलेक्टोरल रोल इन्फ्लेशन, एस्टीमेटिंग दी लेजिटिमेट वोटर बेस इन बिहार, इंडिया नाम शोध अध्ययन के मुताबिक बिहार की मतदाता सूची में ही ऐसी गड़बड़ियां नहीं है। शोधकर्ताओं का कहना है कि ऐसी गड़बड़ियां पूरे देश की मतदाता सूची में हो सकती हैं। इस शोध अध्ययन को मुंबई के एसपी जैन इंस्टीट्यूट एंड मैनेजमेंट के असिस्टेंट प्रोफेसर विधु शेखर और और आईआईएम,विशाखापत्तनम के असिस्टेंट प्रोफेसर मिलन कुमार ने मिलकर किया है। एसएसआरएन में प्रकाशित यह अध्ययन किसी अनुमान पर नहीं, बल्कि सरकारी आंकड़ों, मसलन राज्य की जन्म और मृत्यु दर के साथ ही राज्य से हुए पलायन और आयु प्रत्याशा के सरकारी आंकड़ों के गहन अध्ययन और विश्लेषण पर आधारित है। अध्ययन के मुताबिक, बिहार में इस समय करीब सात करोड़ 89 लाख वोटरों का नाम मतदाता सूची में दर्ज है। इनमें से करीब 77 हजार नाम फर्जी हैं। यानी ये मतदाता या तो मर चुके हैं या बरसों पहले से अपनी बताई या दर्ज जगह से पलायन करके कहीं और जा बसे हैं। फर्जी या गलत मतदाताओं का यह आंकड़ा करीब 9.7 प्रतिशत होता है। इसका मतलब यह हुआ कि करीब दस प्रतिशत मतदाता ज्यादा हैं या असल में हैं ही नहीं। राज्य की हर विधानसभा सीट पर करीब तीस हजार मतदाताओं का नाम गलत तरीके से दर्ज है। बिहार में विधानसभा की 243 सीटें हैं।

विधानसभाओं में कुछ सौ मतदाताओं का अंतर ही जीत-हार पर असर डाल देता है। साल 2020 के विधानसभा चुनावों में करीब बीस प्रतिशत सीटों पर जीत और हार का अंतर महज ढाई फीसद तक ही था। इनमें से 17 सीटों पर जीत तो एक प्रतिशत के कम वोट से ही हुई थी। शोधकर्ताओं को आशंका है कि अगर गहन पुनरीक्षण में इन मतदातओं के नाम नहीं काटे गए तो उनके नाम पर चुनावी नतीजों को बदला जा सकता है। राज्य में पिछली बार मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण 2003 में हुआ था। उस समय राज्य में करीब तीन करोड़ 41 लाख मतदाता थे।

राज्य की मौजूदा जन्म और मृत्यु दर के हिसाब से इसके बाद 4.83 जुड़ने चाहिए थे। इसके साथ ही सरकारी आंकड़ों के अनुसार इन वर्षों में राज्य से करीब एक करोड़ 12 लाख वोटरों ने पलायन किया है। उन्होंने अपना स्थायी ठिकाना राज्य से बाहर बना लिया है। इसे दिल्ली, मुंबई, पंजाब जैसे शहरों और राज्यों में देखा भी जा रहा है, जहां भारी संख्या में बिहारी मूल के मतदाता



हैं। इस शोध के मुताबिक, पुराने वोटरों, जन्म-मृत्यु दर की गणना और पलायन के बाद के आंकड़ों को मिलाकर राज्य में असल मतदाताओं की संख्या सात करोड़ 12 लाख के ही आसपास बैठती है। इस लिहाज से कह सकते हैं कि राज्य में जो 77 लाख ज्यादा वोटरों के नाम हैं, वे इन वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर गड़बड़ हैं। विधु शेखर और मिलन कुमार के अध्ययन के अनुसार राज्य में आधार कार्ड की उपलब्धता को भी जोड़ा जा सकता है। यह भी राज्य में फर्जी वोटरों की ओर इशारा करता है। वैसे मतदाता सूची में शामिल होने के लिए आधार कार्ड और राशन कार्ड को वैध प्रमाण पत्र माना जाता है। लेकिन इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि भारी संख्या में फर्जी राशन कार्ड हो सकते हैं या आधार कार्ड भी बन सकते हैं।

राज्य के सीमांचल के जिले मसलन अररिया, पूर्णिया, कटिहार और किशनगंज जिलों में मुस्लिम आबादी करीब 39 से लेकर 68 प्रतिशत तक है, लेकिन इनकी सीमाएं पश्चिम बंगाल और नेपाल से जुड़ी हैं। इस वजह से इस इलाके में घुसपैठ का भी आरोप लगता रहा है। बिहार सरकार द्वारा जाति-आधारित सर्वेक्षण के दौरान एकत्र किए गए आधिकारिक आंकड़ों पर नजर डालें तो इस आरोप में दम नजर आता है। इस आंकड़े के मुताबिक, राज्य का औसत आधार कवरेज लगभग 94 प्रतिशत है, जबकि 68 प्रतिशत मुस्लिम आबादी वाले किशनगंज में कुल जनसंख्या से करीब 105.16 प्रतिशत आधार है। इसी तरह, कटिहार में 45 प्रतिशत और अररिया में 50 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है, लेकिन यहां आधार कुल जनसंख्या का करीब 101.92 और 102.23 प्रतिशत ज्यादा है। सीमांचल के ही जिले पूर्णिया में 39 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है, लेकिन यहां आधार कुल जनसंख्या का 101 प्रतिशत है।

आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि सीमांचल हर 100 निवासी पर 120 से अधिक आधार कार्ड हैं। यही वजह है कि चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में इन जिलों में मतदाता सूची में नाम के सत्यापन के लिए आधार कार्ड को अनिवार्य नहीं माना है। संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत मिले अधिकारों के तहत चुनाव आयोग राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, संसद और विधान मंडलों का चुनाव कराता है। इसके लिए उसे जन प्रतिनिधित्व कानून 1951 के तहत मतदाता सूची बनाने और उसे अद्यतन करने का अधिकार मिला है। स्वच्छ लोकतंत्र के लिए जरूरी स्वच्छ और स्पष्ट मतदाता सूची है। चुनाव आयोग का यह वैधानिक दायित्व है कि फर्जी वोटरों को मतदाता सूची से बाहर करे। आज की राजनीति अपने वोटरों को साधने तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि अपने प्रतिबद्ध वोटरों की रक्षा करने की हो गई है। बिहार में माना जाता है कि एमवाई समीकरण यानी मुस्लिम और यादव वोटर राष्ट्रीय जनता दल का समर्थक है। विपक्षी दलों को आशंका है कि बीजेपी के इशारे पर उसके इन्हीं वोटरों को काटा जा सकता है। चुनाव आयोग के प्रमुख टीएन शेषन और केजे राव जैसे अधिकारियों के आने के पहले तक राज्य में बूथ लूट की घटनाएं खुलेआम होती थीं। अब तो खैर वैसा नहीं होता, लेकिन फर्जी वोटरों के नाम पर कुछ भी हो सकता है। दबंग उम्मीदवार अपने पक्ष में फर्जी या मृत वोटरों के नाम पर मतदान कराकर अपने पक्ष में नतीजे मोड़ सकते हैं। विधु शेखर और मिलन कुमार का शोध अध्ययन, राज्य के आधार कार्ड के अत्यधिक उपलब्धता के आंकड़े कुछ ऐसे तथ्य हैं, जिनके आलोक में राज्य में जारी गहन पुनरीक्षण को चुनाव आयोग अपने पक्ष में तर्क के रूप में इस्तेमाल कर सकता है। इन संदर्भों में विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में उतरे राजनीतिक दलों के लिए ज्यादा तर्क-वितर्क की गुंजाइश शायद ही रह पाएगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।



## कारगिल युद्ध विशेष

डॉ. संदीप मलिक व डॉ. विवेक बल्यान



# अदम्य साहस, बलिदान और भारत की गौरवपूर्ण विजय

भारत के सैन्य इतिहास में 26 जुलाई 1999 वो ऐतिहासिक दिन है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। यह वह दिन था, जब भारतीय सेना ने अपने अदम्य साहस, रणनीतिक कौशल और असाधारण पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान के नापाक इरादों को ध्वस्त करते हुए विजय पताका लहराई थी। पाकिस्तान पर यह जीत केवल भारतीय सैन्य क्षमता सफलता ही नहीं, बल्कि यह हमारे राष्ट्रीय गौरव, अखंडता और एकता की मिसाल बन गई। कारगिल युद्ध एक ऐसा संघर्ष था जिसे पाकिस्तान ने छद्म युद्ध के रूप में भारत पर थोपा था। मई 1999 में आरंभ हुआ यह युद्ध लगभग दो महीने तक चला और 26 जुलाई को भारत ने तमाम विषम परिस्थितियों के बावजूद निर्णायक विजय के साथ समाप्त किया।

पाकिस्तान के साथ भारत के इस संघर्ष की शुरुआत 3 मई 1999 को तब हुई, जब एक स्थानीय चरवाहे ने भारतीय सेना को कारगिल क्षेत्र में पाकिस्तानी घुसपैठ की सूचना दी। चरवाहे की सूचना पर जांच के लिए भेजी गई पेट्रोलिंग टीम पर पाकिस्तानी सैनिकों ने हमला कर दिया और पांच भारतीय जवानों की निर्मम हत्या कर दी गई। पाकिस्तान की इस घुसपैठ की योजना बेहद सुनियोजित थी। इसका प्रमाण यह था कि पाकिस्तान ने अपने सैनिकों को कश्मीर के आतंकवादियों की आड़ में कारगिल, द्रास, ककसर और बटालिक जैसे क्षेत्रों में भेजा। उनका उद्देश्य था श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर नियंत्रण पाकर सियाचिन और लेह को भारत से काट देना। साथ ही, पाकिस्तान इस युद्ध के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण करना चाहता था। हालांकि पाकिस्तान ने शुरू में इसे कश्मीर के 'मुजाहिदीन' की कार्रवाई कहकर पल्ला झाड़ने की कोशिश की, लेकिन जल्द ही यह स्पष्ट हो गया कि इस दुस्साहस के पीछे पाकिस्तान की सेना थी, जिसका नेतृत्व जनरल परवेज़ मुशर्रफ कर रहे थे।


भारत ने पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़ने के लिए 'ऑपरेशन विजय' की शुरुआत की। इस ऑपरेशन में भारतीय थलसेना और वायुसेना दोनों ने निर्णायक भूमिका निभाई। भारतीय वायुसेना ने 26 मई 1999 से हवाई कार्रवाई शुरू की, जिसमें मिग-27 और मिग-29 जैसे लड़ाकू विमानों से दुश्मन के ठिकानों पर बमबारी की गई। वहीं, थलसेना ने अत्यंत कठिन भौगोलिक परिस्थितियों 18,000 फीट की ऊंचाई, बर्फीली पहाड़ियों और दुर्गम दर्रों में युद्ध करते हुए टोलोलिंग, प्वाइंट 5140, प्वाइंट 4875 और टाइगर हिल जैसी सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण चोटियों को पुनः अपने नियंत्रण में लेकर अपने पराक्रम का परिचय दिया। कारगिल के इस युद्ध में भारतीय सेना ने 2.5 लाख से अधिक गोलियां दागीं, 300 से अधिक मोर्टार, तोप और रॉकेट लॉन्चरों का इस्तेमाल करते हुए 5000 बम गिराए। प्रतिदिन औसतन हर मिनट एक राउंड फायरिंग होती रही। पाकिस्तान के साथ यह संघर्ष आधुनिक सैन्य इतिहास के सबसे कठिन युद्धों में से एक माना जाता है। 26 जुलाई 1999 को अंततः पाकिस्तान को पीछे हटना पड़ा और भारत ने विजय पताका फहराई लेकिन यह विजय सस्ती नहीं थी। 527 वीर सैनिकों ने अपने प्राणों की आहुति दी और 1363 जवान घायल हुए।

कई वीरों को उनकी असाधारण वीरता के लिए भारत सरकार द्वारा सम्मानित किया गया, जिनमें परमवीर चक्र से सम्मानित कैप्टन विक्रम बत्रा (मरणोपरांत), लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पांडे (मरणोपरांत), ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव व राइफलमैन संजय कुमार का नाम शामिल था। कारगिल युद्ध ने यह साफ कर दिया कि भारत की संप्रभुता और सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता। पाकिस्तान की साजिश को अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने भी नकारा और भारत की स्थिति को नैतिक और कूटनीतिक समर्थन प्राप्त हुआ। यह युद्ध भारत की सैन्य ताकत के साथ-साथ उसकी राजनीतिक परिपक्वता और लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत भी थी।

भारत की जीत को प्रतिवर्ष 26 जुलाई को 'कारगिल विजय दिवस' के रूप में मनाया जाता है। यह दिन न केवल हमें हमारे शहीदों के बलिदान की याद दिलाता है, बल्कि हमें यह भी सिखाता है कि एकजुटता, धैर्य, और अद्वितीय साहस के साथ कोई भी युद्ध जीता जा सकता है। कारगिल युद्ध भारत की सीमाओं की रक्षा में नतमस्तक हो जाने वाले वीर सपूतों की अमर गाथा है यह इतिहास का हिस्सा नहीं, भारत की आत्मा का हिस्सा है।

(लेखक द्वय जम्मू-कश्मीर अध्ययन केंद्र के शैक्षणिक प्रमुख तथा सचिव हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन का प्रथम अनुबंध किसको माना है?




संकलित

दर्शन

अनुबंध चतुष्टय में 'अधिकारी' को प्रथम अनुबंध स्वीकार किया गया है। मानव की आध्यात्मिक और लौकिक यात्रा के निर्विघ्न संचालन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। लोक में इसके लिए योग्यता या पात्रता पद का प्रयोग होता है, जिसका तात्पर्य है, किसी कार्य के निष्पादनार्थ पात्रता प्राप्त करना।सामान्यतः प्रत्येक कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति पात्र नहीं होता। इसलिए अनधिकारी व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य सफल और लोकमंगलकारी हो, यह आवश्यक नहीं, परंतु अधिकारी (पात्र) व्यक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य सफल भी होता है और लोकमंगलकारी भी। इसलिए अधिकारी आत्मिक और जागतिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला मानव जीवन का प्रथम अनुबंध है। इसीलिए इसे शास्त्रों में विशेष महत्व दिया गया है। वेदांत में अधिकारी को परिभाषित करते हुए कहा गया-जिसने विधिवत ज्ञान प्राप्त कर काम्य एवं निषिद्ध कर्मों का परित्याग कर दिया है। नित्य, नैमित्तिक और उपासनादि कर्म करने से जिसकी बुद्धि परिष्कृत और अंतःकरण निर्मल हो चुका है, ऐसा पापरहित व्यक्ति ही विशिष्ट ज्ञान का अधिकारी है। विश्वामित्र आदि ऋषियों ने अधिकारी समझकर ही राम को विविध आयुध प्रदान किए, जिससे उनका दुरुपयोग न हो सके। जैसे अधिकारी व्यक्ति का ज्ञान लोकमंगल के लिए होता है, उसी प्रकार अधिकारी को प्रदान की गईं शक्तियां समाज, देश और मानवता की रक्षा के लिए होती हैं। इतिहास साक्षी है कि जब भी अनधिकारी को शक्तियां प्रदान की गई हैं, उनका दुरुपयोग ही हुआ है।

## बहुत सारे काम के बदले किसी एक काम को बेहतर करें




संकलित

प्रेरणा

पुराने समय में भारद्वाज मुनि थे। वे देवगुरु बृहस्पति के पुत्र थे। भारद्वाज बहुत सारा ज्ञान हासिल करना चाहते थे। उनकी सोच ये थी कि उन्हें संसार की सारी बातों का ज्ञान हो जाए। इसके लिए वे लगातार अध्ययन करते रहते थे। एक दिन बृहस्पति ने अपने पुत्र भारद्वाज से कहा कि पूरे संसार का ज्ञान वेदों में है। अगर तुम वेद पढ़ लोगे तो समझ लो कि तुमने पूरा ज्ञान हासिल कर लिया है। पिता की बात मानकर भारद्वाज वेद पढ़ने लगे। भारद्वाज मुनि की संकल्प शक्ति और पढ़ाई की एकाग्रता देखकर देवराज इंद्र प्रसन्न हो गए और वे भारद्वाज के सामने प्रकट हुए। इंद्र ने कहा कि मैं तुम्हारी लगन देखकर बहुत प्रसन्न हूं। तुम मुझसे कोई भी वर मांग सकते हो। भारद्वाज ने इंद्र से कहा कि संसार में ज्ञान बहुत सारा है, लेकिन मेरी उम्र बहुत कम है। कृपया करके मेरी उम्र सौ साल बढ़ा दीजिए। इंद्र ने भारद्वाज की उम्र सौ वर्ष और बढ़ा दी। भारद्वाज मुनि को ज्ञान हासिल करते-करते सौ वर्ष भी बीत गए। इसके बाद देवराज इंद्र ने उनकी उम्र सौ साल और बढ़ा दी। अगले सौ साल और बीत गए, लेकिन भारद्वाज को पूरा ज्ञान नहीं मिल सका। जब अगले 100 भी बीत गए गए, तब इंद्र भारद्वाज के सामने प्रकट हुए और बोले कि भारद्वाज सामने तीन पहाड़ हैं। क्या हम इन पहाड़ों से एक मुट्ठी मिट्टी लेकर इन पहाड़ों की व्याख्या कर सकते हैं? ये संभव नहीं है। ठीक इसी तरह संसार का ज्ञान है। संसार का ज्ञान अथाह है। किसी एक व्यक्ति के लिए पूरा ज्ञान हासिल करना संभव नहीं है।

## सटाका




## आज की पाती

### विमानन क्षेत्र में सुधार समीक्षा की दरकार

हाल में बोइंग विमान से जुड़ी एक घटना ने वैश्विक विमानन उद्योग, विशेषकर बोइंग की विश्वसनीयता पर फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं। यह घटना न केवल यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ाती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि तकनीकी दिग्गज बोइंग के विमान लगातार दुर्घटनाओं के घेरे में क्यों आते जा रहे हैं। बोइंग विमान को लेकर उठ रहे प्रश्न केवल एक कंपनी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह संपूर्ण विमानन प्रणाली, उसकी निगरानी और जवाबदेही पर सवाल खड़े करते हैं। नागरिक विमानन महानिदेशालय को चाहिए कि वह बोइंग विमानों की संपूर्ण सुरक्षा समीक्षा करवाए, पुराने मॉडलों की जांच कराए और तय करे कि तकनीकी संदिग्ध विमान को उड़ान से पहले दोबारा जांचा जाए।

-संकेत अग्रवाल, जगदलपुर

## ट्रेंड

### पीपीपी मॉडल



स्वास्थ्य के क्षेत्र में आज हमारा पीपीपी मॉडल पूरे देश के लिए एक उदाहरण बन रहा है। हमारी सरकार ने निर्णय लिया है कि प्रदेश में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे, जिसमें अब तक 4 मेडिकल कॉलेज खुल चुके हैं।

-डा. मोहन यादव, सीएम, मप्र

### कानून मंत्री का बयान सही



देश के कानून मंत्री का कल संसद में दिया गया बयान उचित एवं सराहनीय है, जिसमें उन्होंने कहा है कि संविधान की प्रस्तावना से सेक्युलरिज्म (धर्मनिरपेक्षता) शब्द हटाने की सरकार की न कोई नीयत है और न ही इस पर विचार किया जा रहा है।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### इलेक्शन चोरी



हिंदुस्तान में इलेक्शन चोरी किए जा रहे हैं, ये सच्चाई है! महाराष्ट्र में कैसे मैच फिक्सिंग हुई, हमने सबको दिखाया। बिहार में एसआईआर के नाम पर एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक भाइयों-बहनों के वोट चुराए जा रहे हैं।

-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### व्यापार समझौता



भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता वास्तव में वर्तमान ब्रिटिश लेबर सरकार को पतन से बचाता है। एक पूर्व उपनिवेश (भारत) उस उपनिवेशवादी (इंग्लैंड) की अर्थव्यवस्था को सहारा देता है, जिसने कभी भारतीय अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया था!! बधाई।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

# फलस्तीन को एक राष्ट्र के रूप में मान्यता देगा फ्रांस



फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने घोषणा की कि उनका देश फलस्तीन को एक राष्ट्र के रूप में मान्यता देगा। इजराइल ने फ्रांस के इस फैसले की निंदा की है। इजराइल के हमले के कारण खाद्यान्न एवं आवश्यक सामग्री की आपूर्ति के संकट से जूझ रहे गाजा में मौजूदा हालात को लेकर दुनिया भर के देशों में व्याप्त आक्रोश के बीच फ्रांस के इस फैसले को साहसिक कूटनीतिक कदम माना जा रहा है। मैक्रों ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस फैसले को औपचारिक रूप देंगे। उन्होंने लिखा, ''आज सबसे जरूरी बात यह है कि गाजा में युद्ध रुके और आम नागरिकों की जान बचे।'' गाजा में युद्ध और मानवीय संकट बढ़ने के कारण अधिकतर देशों के कई सांकेतिक कदम इजराइल पर कूटनीतिक दबाव डालने वाले रहे हैं। फ्रांस अब फलस्तीन को मान्यता देने वाली सबसे बड़ी पश्चिमी शक्ति बन गया है और उसका यह कदम अन्य देशों के लिए भी ऐसा करने का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। वर्ष 1967 के पश्चिम एशिया युद्ध में इजराइल ने वेस्ट बैंक, पूर्वी यरुशलम और गाजा पर कब्जा कर लिया था और फलस्तीनी कब्जा किए गए इन क्षेत्रों को मिलाकर एक स्वतंत्र राष्ट्र की मांग कर रहे हैं।

## ऑफ बीट

# क्या चैटजीपीटी हमें मूर्ख बना रहा है?



द अटलांटिक ने 2008 में एक विचारोत्तेजक मुख्य पृष्ठ लेख के साथ विवाद को जन्म दिया: क्या गूगल हमें मूर्ख बना रहा है? लेखक निकोलस कार्र ने सुझाव दिया कि इसका उत्तर हां है, तथा तर्क दिया कि सर्च इंजन जैसी प्रौद्योगिकी अमेरिकी लोगों की गहराई से सोचने और ज्ञान को बनाए रखने की क्षमता को क्षीण कर रही है। कार्र की चिंता का मूल यह विचार था कि लोगों को अब तथ्यों को याद रखने या सीखने की जरूरत नहीं है क्योंकि वे उन्हें तुरंत ऑनलाइन खोज सकते हैं। हालांकि इसमें कुछ सच्चाई हो सकती है, लेकिन सर्च इंजन अब भी उपयोगकर्ताओं से परिणामों की व्याख्या और संदर्भ निर्धारण के लिए आलोचनात्मक सोच की अपेक्षा करते हैं। आज की बात करें तो, एक और भी परिवर्तनकारी तकनीकी बदलाव हो रहा है। चैटजीपीटी जैसे कृत्रिम मेधा (एआई) जनित सामग्री के सामने आने के साथ, इंटरनेट उपयोगकर्ता केवल स्मृति का ही आउटसोर्सिंग नहीं कर रहे हैं – बल्कि वे सोच का भी आउटसोर्सिंग कर रहे हैं। एआई जनित सामग्री तैयार करने वाले सॉफ्टवेयर केवल जानकारी प्रेषित नहीं करते बल्कि उसे सृजित भी कर सकते हैं, उसका विश्लेषण भी कर सकते हैं और उसका सारांश भी तैयार कर सकते हैं। यह एक बुनियादी बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## हाईकोर्ट ने दिए 2 अहम फैसले और नसीहत

# सीपीएम गाजा और इजराइल के मुद्दे छोड़कर भारत के मसलों पर ध्यान दे

## नरसंहार के खिलाफ मांगी थी प्रदर्शन की अनुमति, कोर्ट ने कहा- देशभक्ति दिखाएं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

गाजा में इजराइल की ओर से किए जा रहे कथित नरसंहार के खिलाफ प्रदर्शन की अनुमति के लिए वामपंथी दल सीपीएम ने बॉम्बे हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। अदालत ने प्रदर्शन की अनुमति तो नहीं दी, लेकिन यह नसीहत जरूर दी कि हजारों मील दूर के किसी मसले की बजाय भारत के किसी मुद्दे पर ध्यान दे। सीपीएम की मांग थी कि उसे आजाद मैदान पर प्रदर्शन की अनुमति दी जाए, जिससे मुंबई पुलिस ने इनकार कर दिया है। जस्टिस रविंद्र घुगे और गौतम अखंड की बेंच ने अर्जी को खारिज करते हुए कहा कि आपको ऐसे मसलों पर ध्यान देना चाहिए, जिनका भारत पर असर होता हो।

### आप लोगों की दूरदृष्टि नहीं, अपने देश को देखिए

बेंच ने कहा कि हमारे ही देश में तमाम मुद्दे हैं। हम ऐसा कुछ नहीं कहना चाहते हैं। मैं माफी चाहूंगा, लेकिन यह सही है कि आप लोगों की दूरदृष्टि नहीं है। आप लोग गाजा के मुद्दों को देख पा रहे हैं। फिलिस्तीन की चर्चा कर रहे हैं। अपने ही देश में देखिए। देशभक्त बनें। यह देशभक्ति नहीं है। लोग कहते हैं कि वे देशभक्त हैं। बेंच ने कहा कि आपकी पार्टी गाजा की बजाय भारत में प्रदूषण, बाढ़, नाला, कूड़ा डंपिंग जैसे मुद्दों को उठा सकती है। हम सिर्फ उदाहरण दे रहे हैं। ये ऐसे मसले हैं, जिनसे आम लोग प्रभावित हैं। आप ऐसे राजनीतिक संगठन है, जिसका पंजीकरण भारत में हैं।

### आपकी मांग भारतीय विदेश नीति के खिलाफ



अदालत ने कहा कि आप देश के ऐसे किसी मसले पर आंदोलन नहीं कर रहे हैं, लेकिन ऐसे विषय पर प्रदर्शन के लिए तैयार हैं, जो देश से बाहर का है और हजारों मील दूर का मसला है। बेंच ने यह भी कहा कि आपकी ओर से प्रदर्शन की मांग करना सरकार की विदेश नीति के विपरीत है। ऐसे में आंदोलन करने के संभावित कूटनीतिक परिणाम भी हो सकते हैं। आप फिलिस्तीन का पक्ष लेंगे या फिर इजरायल की तरफ जाएंगे। आप ऐसा करना ही क्यों चाहते हैं?

**विदेश नीति का हवाला देकर पुलिस ने खारिज की हमारी मांग**

दरअसल 17 जून को मुंबई पुलिस ने सीपीएम की उस मांग को खारिज कर दिया था, जिसमें उसने आजाद मैदान में आंदोलन करने की परमिशन मांगी थी। पार्टी का कहना था कि गाजा में हो रहे नरसंहार के खिलाफ प्रदर्शन की तैयारी है, जिसके लिए परमिशन दी जाए। हालांकि मुंबई पुलिस ने इससे इनकार कर दिया।

**उधर, दिल्ली हाई कोर्ट ने जमानत याचिका की खारिज**

### लड़की के साथ दोस्ती का अर्थ ये नहीं कि यौन संबंध का अधिकार मिल गया

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने युवक की जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि सिर्फ दोस्ती होने कारण किसी पुरुष को लड़की की सहमति के बिना यौन संबंध बनाने का अधिकार नहीं मिल जाता है। न्यायमूर्ति गिरीश कथपालिया की पीठ ने लड़की के साथ सहमति से संबंध बनाने के पुरुष के दावे को खारिज कर दिया कि नाबालिग के मामले में सहमति भी वैध नहीं है। पीड़िता ने एफआईआर में आरोप लगाया है। विरोध के बावजूद संबंध बनाए।



### पुरुष के दावे को किया अमान्य

न्यायमूर्ति कठपालिया ने लड़की के साथ सहमति से संबंध बनाने के पुरुष के दावे को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि नाबालिग के मामले में सहमति भी वैध नहीं है। इसके अलावा, मौजूदा मामले में सहमति भी वैध नहीं होगी क्योंकि अभियोक्ता नाबालिग थी।

**आरोपी ने लड़की को दी थी धमकी :** अप्रैल 2023 में, विकासपुरी स्थित एनडीएमसी अपार्टमेंट में निर्माण मजदूर के रूप में काम करने वाले व्यक्ति ने नाबालिग से दोस्ती की और उसके बाद उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि आरोपित ने लड़की को धमकी भी दी थी।

---

## खबर संक्षेप


### आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में परिसीमन नहीं होगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में विधानसभा सीटों के परिसीमन की मांग करने वाली याचिका को खारिज कर दी। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि संविधान के अनुच्छेद के तहत 2026 के बाद की जनगणना तक परिसीमन की अनुमति नहीं है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटेश्वर सिंह की पीठ ने यह टिप्पणी की है।



### त्रिपुरा में जल्द खुलेंगे 6 एकलव्य मॉडल स्कूल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय ने त्रिपुरा के लिए 21 एकलव्य विद्यालयों को मंजूरी दी है, जिनमें से 6 बहुत जल्द खुलने वाले हैं और शेष विद्यालय अगले वर्ष तक तैयार हो जाएंगे। इन 6 स्कूलों के जुड़ने से राज्य में एकलव्य मॉडल विद्यालयों की संख्या बढ़कर 12 हो जाएगी। पूर्वोत्तर भारत को आगे बढ़ाने के लिए यह एक अहम उपलब्धि है।




### लोजपा के 38 नेताओं का एक साथ इस्तीफा

**पटना।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को उनके घर खगड़िया में बड़ा झटका लगा है। पार्टी के 38 नेताओं ने एक साथ इस्तीफा दे दिया है जिनमें प्रदेश महासचिव रतन पासवान भी शामिल हैं। इसकी वजह सांसद राजेश वर्मा की कार्यशैली बताई जा रही है। चिराग के पिता रामविलास पासवान ने यहीं से पार्ट की नींव डाली थी।



### मणिपुर में राष्ट्रपति शासन 6 माह फिर बढ़ा

**नई दिल्ली।** मणिपुर एक बार फिर राष्ट्रीय चर्चाओं की सुर्खियों में है। पूर्वोत्तर भारत का यह संवेदनशील राज्य बीते दो सालों से जातीय हिंसा, सामाजिक तनाव और प्रशासनिक अस्थिरता से जूझ रहा है। केंद्र सरकार ने मणिपुर में लागू राष्ट्रपति शासन को फिर छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। यह13 अगस्त 2025 से शुरू होकर अगले छह महीने तक लागू रहेगा।



### मनरेगा के तहत मजदूरी दरों में 5 फीसदी की वृद्धि

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत अकुशल श्रमिकों की मजदूरी दरों में औसतन 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान ने राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी देते हुए बताया कि यह संशोधित दरें बताई।



---

## तालकटोरा स्टेडियम में 'भागीदारी न्याय सम्मेलन' में राहुल ने कई मुद्दों पर की बात

# कांग्रेस व मेरे काम में कुछ कमी रह गई, मैंने गलती की, हम ओबीसी की रक्षा नहीं कर पाए

### मुझे ओबीसी वर्ग की जिस तरह से रक्षा करनी थी, मैंने नहीं की




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को एक बार फिर ओबीसी के मुद्दे पर खुलकर बात की। राहुल ने दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित 'भागीदारी न्याय सम्मेलन' में एससी-एसटी, ओबीसी वर्ग के मुद्दों पर दमदार ढंग से उठाया। 'भागीदारी न्याय सम्मेलन' में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संगठन के तमाम आला पदाधिकारी मौजूद रहे। राहुल ने कहा कि मुझे राजनीति में आए 21 साल हो गए हैं और इस दौरान मैंने जमीन अधिग्रहण बिल, मनरेगा, भोजन का अधिकार और ट्राइबल बिल की लड़ाई लड़ी, लेकिन मुझसे कहीं कुछ कमी रह गई। राहुल ने कहा कि कांग्रेस और मेरे काम में एक कमी रह गई। मुझे ओबीसी वर्ग की जिस तरह से रक्षा करनी थी, मैंने नहीं की। इसका कारण था कि मुझे ओबीसी के मुद्दे उस वक्त गहराई से नहीं समझ आए थे। 10-15 साल पहले दलितों-आदिवासियों के सामने जो कठिनाइयां थीं, वो मुझे अच्छी तरह समझ आ गई थीं।




**मुझे राजनीति में आए 21 साल हो गए**

### युवा अपनी ताकत को पहचानें

जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल ओबीसी युवाओं से अपनी ताकत पहचानने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि ओबीसी युवाओं से मेरी सबसे बड़ी शिकायत यह है कि वे अपनी ताकत नहीं समझते। एक बार जब वे अपनी ताकत समझ जाएंगे, तो पूरा परिदृश्य बदल जाएगा।

### तब जातिगत गणना करवा देते तो आज जैसी नहीं होती

राहुल ने कहा कि ओबीसी की मुश्किलें छुपी रहती हैं। मुझे अगर आपके मुद्दों और परेशानियों के बारे में उस वक्त पता होता तो मैं उसी वक्त जातिगत जनगणना करवा देता। वो मेरी गलती है, जिसे मैं ठीक करने जा रहा हूं। ये एक तरह से अच्छा ही हुआ, क्योंकि अगर उस समय मैंने जातिगत गणना करवा दी होती तो वो आज जैसी नहीं होती।

### पीएम मोदी में कोई दम नहीं मीडिया ने गुब्बारा बनाया

राहुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि वह प्रधानमंत्री मोदी से कई बार मिल चुके हैं और उनमें कोई दम नहीं है। पीएम मोदी कोई बड़ी समस्या नहीं हैं। मीडिया वालों ने सिर्फ गुब्बारा बना रखा है।

**महासम्मेलन में बोले कांग्रेस अध्यक्ष खरगे**

### संघ और भाजपा जहर जैसे... मोदी झूठों के सरदार

उपरोक्त कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि राहुल गांधी पिछड़ों और दलितों के लिए लड़ते हैं। अगर लोकसभा चुनाव में 30 सीटें और आतीं तो हम सत्ता में होते। पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए खरगे ने कहा कि वे झूठों के सरदार हैं। झूठ बोलने का ही उनका काम है। दो करोड़ नौकरी देंगे, झूठ बोले। काला धन देश में लाकर पैसे दूंगा, वो भी झूठ बोले। एमएसपी को लेकर झूठ बोले। ओबीसी वर्ग की आय बढ़ाने को लेकर भी झूठ बोले। हर चीज पर झूठ बोलते हैं। वे झूठों के सरदार हैं।



**देश को कांग्रेस ने जो दिया, कोई इनकार नहीं कर सकता :** हमें एकजुट होकर लड़ना पड़ेगा। ये लोग आपको बांटने की कोशिश कर रहे हैं। इस देश को कांग्रेस ने जो दिया है, उससे कोई इनकार नहीं कर सकता।खरगे ने कहा कि ओबीसी की जाति जनगणना होनी चाहिए।

**'सर' पर तकरार, संसद ठप बरकरार**

### इंडिया ब्लॉक ने संसद के बाहर किया हंगामा, लिस्ट फाड़कर किया विरोध

बिहार में चल रही मतदाता सूची के पुनरीक्षण प्रक्रिया यानी एसआईआर को लेकर विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन ने संसद परिसर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, डिंपल यादव समेत कई सांसदों ने प्रतीकात्मक रूप से वोटर सूची की कॉपी फाड़कर उसे कूड़ेदान में फेंका और सरकार पर लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप लगाया। नेताओं का कहना है कि यह पूरी प्रक्रिया चुनाव से ठीक पहले चलाकर जनता के मतदान अधिकार को छीनने की कोशिश है। उनके साथसपा सांसद डिंपल यादव भी थीं। प्रियंका ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों को वोटर लिस्ट की जानकारी होनी चाहिए।

### स्पीकर ने जताई आपत्ति, नियमानुसार चलेगा सदन



लोकसभा स्थगित करने से पहले लोकसभा अध्यक्ष ने विपक्षी सदस्यों से निचले सदन को सामान्य रूप से चलने देने का आग्रह किया और बैनरों पर आपत्ति जताते हुए कहा कि यह गतिरोध ठीक नहीं है। गतिरोध समाप्त करने के लिए चर्चा होगी। सरकार के प्रतिनिधि भी होंगे। अगर कोई असहमति है, तो उसे सदन के नियमों के अनुसार व्यक्त किया जाना चाहिए ।

**संसद में हंगामे पर रिजिजू की दो टूक**

### विपक्ष तय नहीं कर सकता प्रधानमंत्री कब बोलें ?



ऑपरेशन सिंदूर और संसद के मानसून सत्रके दौरान चल रहे हंगामे को लेकर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि चर्चा के दौरान विपक्ष से कौन बोलेगा यह सरकार तय नहीं कर सकती है और सरकार से कौन बोलेगा, यह विपक्ष तय नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि सारे मुद्दे हमने सुने और उस पर विचार करेंगे लेकिन एक साथ सब पर चर्चा नहीं हो सकती है।

**भाजपा ने राहुल के आरोपों को बताया बेतुका**

### आपातकाल के 50 साल बाद भी कांग्रेस की मानसिकता नहीं बदल सकी: सुधांशु

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चुनाव आयोग पर आरोप लगाने के लिए कांग्रेस और राहुल गांधी को आड़े हाथों लिया है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने मीडिया से कहा कि यह संवैधानिक संस्थाओं को चुनाव जीते या नहीं के आधार पर मान्यता देने की उनकी मानसिकता को दर्शाता है। त्रिवेदी ने कहा कि चुनावों के मामले में, कांग्रेस, इंडिया गठबंधन और खासकर राहुल गांधी बेतुके आरोप लगा रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा आपातकाल लगाने के फैसले का जिक्र करते हुए सुधांशुने आरोप लगाया कि कांग्रेस की मानसिकता नहीं बदली है।

उन्होंने कहा कि यह उस मानसिकता को दर्शाता है कि आपातकाल के 50 साल बाद भी मानसिकता नहीं बदली है। अगर इंदिरा जी कहती थीं कि संवैधानिक संस्थाओं की मान्यता इस आधार पर तय होगी कि वे चुनाव जीती हैं या नहीं, तो आज राहुल कहते हैं कि चुनाव आयोग की विश्वसनीयता इस आधार पर तय होगी कि वे चुनाव जीते हैं या नहीं।

त्रिवेदी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव आयोग पर कांग्रेस के आरोपों की कड़ी आलोचना की और कहा कि उनके अपने पूर्व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव और महाराष्ट्र के प्रभारी (2018-2024), आशीष दुआ, कुछ और ही लिखते हैं। त्रिवेदी ने कहा कि उन्होंने महाराष्ट्र चुनावों पर क्या-क्या कहा था। कांग्रेस के एक पूर्व सचिव, जो 2018 से 2024 तक महाराष्ट्र के प्रभारी रहे, ने महाराष्ट्र में हार का विश्लेषण करते हुए एक लेख में लिखा था। उन्होंने लिखा था कि कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन के अंदर की जो कमियां थीं उसके कारण महाराष्ट्र का चुनाव हारे। त्रिवेदी की यह टिप्पणी राहुल द्वारा गुरुवार को चुनाव आयोग को दी गई चेतावनी के बाद आई है कि विपक्ष उन्हें बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान से नहीं बचने देगा। राहुल ने गुरुवार को संसद के बाहर संवाददाताओं से कहा था कि मैं चुनाव आयोग को संदेश देना चाहता हूं, यदि आपको लगता है कि आप इससे बच निकलेंगे, यदि आपके अधिकारी सोचते हैं कि वे इससे बच निकलेंगे, तो आप गलत हैं। आप इससे बच नहीं पाएंगे, क्योंकि हम आपके पीछे पड़ जाएंगे।

---

## उपराष्ट्रपति चुनाव की तैयारियां तेज

# चुनाव आयोग से नियुक्त किए गए रिटर्निंग-सहायक रिटर्निंग अधिकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*राज्यसभा सचिवालय की संयुक्त सचिव गरिमा जैन और निदेशक विजय कुमार को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया*

भारत के 14वें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद भारत निर्वाचन आयोग ने उपराष्ट्रपति चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। आयोग ने चुनाव से जुड़ी अहम प्रक्रिया शुरू करते हुए रिटर्निंग अधिकारी और दो सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। यह चुनाव राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति निर्वाचन अधिनियम और राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति निर्वाचन नियम, के मुताबिक होगा। इस नियम के तहत, केंद्र सरकार से परामर्श कर आयोग एक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त करता है।




### धनखड़ को विपक्ष देगा फेयरवेल डिनर

विपक्षी दलों ने पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को फेयरवेल डिनर के लिए आमंत्रित किया है। विपक्षी दलों की ओर से राज्यसभा के वर्किंग एडवाइजरी कमेटी की बैठक इस मुद्दे को जोरशोर से उठाया गया. विपक्ष ने कहा कि 74 वर्षीय धनखड़ को राज्यसभा में अपना विदाई भाषण तक देने का मौका नहीं मिला। इसी मुद्दे को और जोर देने के लिए विपक्षी दलों ने एक विशेष फेयरवेल डिनर का आयोजन किया है, जिसमें पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को औपचारिक रूप से विदाई दी जा सके।

## वन मेडिसिन वन प्राइस होना चाहिए चंद्रशेखर आजाद



**नई दिल्ली।** देश में महंगी दवाइयों की समस्या काफी पुरानी हो चुकी है, सरकार की तरफ से तमाम दावे किए जाते हैं, कई बार योजनाएं भी आती हैं, लेकिन गरीब आदमी के पास सस्ती दवाइयां उपलब्ध होना एक चुनौती है। आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष और सांसद चंद्रशेखर आजाद ने जोर देकर बोला है कि देश को अब 'वन मेडिसिन वन प्राइस' की जरूरत है।

**बेंगलुरु के द रामेश्वरम कैफे के खाने में खुद मिलाया कीड़ा**

## पुलिस में शिकायत दर्ज

# वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मांगने लगा 25 लाख की 'रंगदारी'

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के मशहूर रेस्त्रां द रामेश्वरम कैफे ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। रेस्त्रां का कहना है कि कुछ लोगों ने उनके बेंगलुरु एयरपोर्ट ऑउटलेट पर खाने में मिलावट का झूठा नाटक किया। उन्होंने ब्रांड को बदनाम करने और पैसे वसूलने की कोशिश की। एक ग्राहक ने आरोप लगाया था कि उसे गुरुवार को कैफे के एयरपोर्ट आउटलेट पर परोसे गए एक व्यंजन में एक कीड़ा मिला था। उसने अपने भोजन में कीड़े का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया। रेस्त्रां का कहना है कि यह सब उन्हें बदनाम करने की साज़िश थी। उन्होंने पुलिस को सबूत भी दिए हैं और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

### समूह ने सार्वजनिक रूप से हंगामा किया

कैफे के मैनेजमेंट ने कहा कि 5-7 लोगों के एक समूह ने सार्वजनिक रूप से हंगामा किया। उन्होंने झूठा आरोप लगाया कि परोसे गए भोजन में एक कीड़ा था। रेस्त्रां का कहना है कि उन लोगों ने वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी और बदले में 25 लाख रुपएकी मांग की। उन लोगों ने धमकी दी कि अगर उन्हें पैसे नहीं दिए गए तो वे वीडियो को सोशल मीडिया पर फैला देंगे, जिससे ब्रांड की प्रतिष्ठा को नुकसान होगा। इसके तुरंत बाद टीम को एक फोन आया जिसमें ब्रांड की प्रतिष्ठा को नुकसान से बचाने के लिए नकद देने की मांग की गई।




---

**हाईकोर्ट ने शहीदों से संबंधित विवाद पर दिया अहम फैसला**


# सैनिक को साथी ने गोली मार दी हो तो भी वह लाभ का पात्र

### पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने कहा-उसे वंचित नहीं कर सकते

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने शहीद सैनिकों को लेकर एक अहम फैसला दिया। अदालत ने कहा कि साथी की गोली से मरे सैनिक को शहीद जवान को मिलने वाले लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता।

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि सैन्य अभियान में तैनात किसी सैनिक को अगर उसके साथी सैनिक द्वारा गोली मार दी जाती है तो उसे युद्ध में शहीद होने वाले सैनिकों को मिलने वाले लाभों से वंचित नहीं किया जा सकता।



### पेंशन देने का दिया निर्देश

जस्टिस अनुपिंदर सिंह ग्रेवाल और जस्टिस दीपक मनचंदा की पीठ ने 16 जुलाई को दावा के लिए आवेदन करने में देरी सहित कई आधारों पर देवी को पेंशन देने से इनकार करने की केंद्र की दलील खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि यह स्पष्ट है कि सैन्य अभियान में तैनात किसी सैनिक को अगर उसके साथी सैनिक द्वारा गोली मार दी जाती है तो उसे किसी भी तरह से उन लाभों से वंचित नहीं किया जा सकता जो उन सैनिकों को मिलते हैं।

**रक्षा मंत्रालय उसे उदारीकृत पेंशन दे**

अदालत इस दलील से भी संतुष्ट नहीं हुई कि आवेदन दाखिल करने में देरी हुई क्योंकि पेंशन, जिसका हकदार राष्ट्र की सेवा करने वाला कर्मचारी हर महीने होता है, एक सतत कारण है। एएफटी ने रक्षा मंत्रालय को देवी के उदारीकृत पारिवारिक पेंशन के दावे पर विचार करने का निर्देश दिया था। उसे पेंशन दें।

### प्रतिवादी रुक्मणी देवी के फैमिली पेंशन के दावे पर विचार हो

अदालत ने यह फैसला याचिकाकर्ताओं भारत संघ और अन्य द्वारा सशस्त्र बल न्यायाधिकरण (एएफटी) के 22 फरवरी, 2022 के आदेश को दी गई चुनौती पर सुनवाई करते हुए सुनाया। एएफटी ने प्रतिवादी रुक्मणी देवी के फैमिली पेंशन के दावे पर विचार करने का निर्देश दिया था। देवी का बेटा भारतीय सेना का जवान था और जम्मू-कश्मीर में 'ऑपरेशन रक्षक' में ड्यूटी पर तैनात था और 21 अक्टूबर 1991 को एक साथी सैनिक द्वारा चलाई गई गोली के कारण उसकी मृत्यु हो गई थी।

**मोइत्रा ने एसआईआर पर किए सवाल**

# शाह बताएं कि बिहार में 56 लाख घुसपैठिए कैसे आए? इस्तीफा दें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने यह सवाल करते हुए कि बिहार में 56 लाख अवैध वोटर कैसे आ गए, गृहमंत्री अमित शाह से इस्तीफे की मांग कर दी है। उन्होंने चुनाव आयोग की ओर से बिहार में जारी वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर ) पर तीखा हमला बोला है। मोइत्रा ने कहा है कि सीमा-संबंधी मसला केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन आता है, इसलिए गृहमंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए। एसआईआर के मुद्दे पर संसद का मानसून सत्र नहीं चल पा रहा है।



### गृह मंत्रालय क्या कर रहा था?

टीएमसी सांसद मोइत्रा ने कहा कि अगर केंद्र सरकार सोचती है कि बिहार में 56 लाख लोग घुसपैठ करके आ गए तो गृह मंत्रालय क्या कर रहा था? यह गृह मंत्री की जिम्मेदारी है और उन्हें रिजाइन कर देना चाहिए। मोइत्रा ने कहा कि भारत के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ है।

यूएलपीजीएम-वी3 एक विशिष्ट दोहरे चैनल सीकर से सुसज्जित है जो विभिन्न प्रकार के लक्ष्यों पर प्रहार कर सकता है। इसे समतल और उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में दागा जा सकता है


समतल और उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में दाग सकते

## स्वदेशी रक्षा क्षमताओं में मिली महत्वपूर्ण उपलब्धि, आधुनिक बख्तरबंद वाहनों को नष्ट करने में सक्षम

# भारत ने यूएलपीजीएम-वी3 मिसाइल का किया सफल परीक्षण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने अपनी स्वदेशी रक्षा क्षमताओं में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के कुरनूल स्थित राष्ट्रीय मुक्त क्षेत्र रेंज (एनओएआर) परीक्षण रेंज में यूएवी-प्रक्षेपित सटीक निर्देशित मिसाइल (यूएलपीजीएम)-वी3 का सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया है। यह मिसाइल डीआरडीओ द्वारा पहले विकसित और वितरित यूएलपीजीएम-वी2 मिसाइल का उन्नत संस्करण है। यह उपलब्धि भारत के निर्देशित मिसाइल कार्यक्रम में एक नया मील का पत्थर है। इस परीक्षण की सफलता पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और डीआरडीओ के सचिव एवं अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत ने टीमों, डीसीपीपी और स्टार्ट-अप्स को बधाई दी और कहा कि ऐसे हथियार का विकास समय की मांग है।



### विभिन्न लक्ष्यों पर प्रहार करने में सक्षम

*यूएलपीजीएम-वी3 एक विशिष्ट दोहरे चैनल सीकर से सुसज्जित है जो विभिन्न प्रकार के लक्ष्यों पर प्रहार कर सकता है। इसे समतल और उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में दागा जा सकता है। इसमें दिन-रात की क्षमता और प्रक्षेपण के बाद लक्ष्य/लक्ष्य-बिंदु अद्यतन के लिए दो-तरफा डेटा लिंक है। यह मिसाइल तीन मॉड्यूलर वारहेड विकल्पों: विस्फोटक प्रतिक्रियाशील कवच (ईआरए) के साथ रोल्ड होमोजीनियस आर्मर (आरएचए) से सुसज्जित आधुनिक बख्तरबंद वाहनों को नष्ट करने के लिए एंटी-आर्मर; एंटी बंकर एप्लिकेशन के साथ पेनेट्रेशन-कम-ब्लास्ट वारहेड और उच्च घातकता वाले प्री-फ्रैगमेंटेशन वारहेड से सुसज्जित है।*

### स्वदेशी यूएवी से छोड़ी गई मिसाइल

मिसाइल को एक यूएवी से छोड़ा गया, जिसे एक भारतीय स्टार्ट-अप न्यूस्पेस रिसर्च टेक्नोलॉजीज, बेंगलुरु द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है। डीआरडीओ कई अन्य भारतीय कंपनियों के लंबी दूरी और उच्च क्षमता वाले यूएवी के साथ यूएलपीजीएम हथियारों के एकीकरण पर सक्रिय रूप से काम कर रहा है। विकास सह उत्पादन साझेदार (डीसीपीपी) - अदानी डिफेंस और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड, हैदराबाद) और 30 मएसएमई/स्टार्ट-अप ने इस अनूठी परियोजना को सफल बनाने में योगदान दिया।

### एंटी-आर्मर कॉन्फिगरेशन के लिए किया परीक्षण

वर्तमान परीक्षण एंटी-आर्मर कॉन्फिगरेशन के लिए किए गए थे। इस मिसाइल को डीआरडीओ की प्रयोगशालाओं, अर्थात अनुसंधान केंद्र इमारत, रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला, टर्मिनल बैलिस्टिक्स अनुसंधान प्रयोगशाला, उच्च-ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला, एकीकृत परीक्षण रेंज और रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स अनुसंधान प्रयोगशाला द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दी बधाई

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस सफलता की घोषणा करते हुए कहा कि भारत की रक्षा क्षमताओं को एक बड़ा बढ़ावा देते हुए, डीआरडीओ ने यूएलपीजीएम-वी3 के सफल उड़ान परीक्षण किए हैं। इस प्रणाली के विकास और परीक्षण के लिए डीआरडीओ, उद्योग भागीदारों, डीसीपीपी, एमएसएमई और स्टार्ट-अप्स को बधाई। यह सफलता भारतीय उद्योग की महत्वपूर्ण रक्षा तकनीकों को अपनाने और उत्पादन करने की क्षमता को दर्शाती है।

## खबर संक्षेप

### फिलीपीन में तूफान से 25 लोगों की मौत



**मनीला।** फिलीपीन में खराब मौसम के कारण अब तक कम से कम 25 लोगों की मौत हो चुकी है और बाढ़ व भूस्खलन से प्रभावित गांवों में फंसे लोगों को निकाला गया है। उत्तरी पर्वतीय क्षेत्र में उष्टकटिबंधीय तूफान से मौसम की स्थिति और बिगड़ गई है। तूफान 'को-मे' ने गुरुवार रात को पंगासिनान प्रांत के अग्नो कस्बे में दस्तक दी और इस दौरान 165 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। उत्तरपूर्व की ओर बढ़ रहा यह तूफान अब कमजोर हो रहा है और शुक्रवार सुबह इसके प्रभाव से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली।

### पाकिस्तान में बारिश से 266 लोगों की मौत



**पेशावर।** पाकिस्तान में जारी मूसलाधार बारिश से जुड़ी घटनाओं में 26 जून से अब तक कम से कम 266 लोगों की मौत हो चुकी है जिसमें 126 बच्चे शामिल हैं, जबकि 628 अन्य घायल हुए हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने शुक्रवार को कहा कि पिछले 24 घंटे में बारिश से संबंधित घटनाओं में 14 लोगों की मौत हो गई है और 17 अन्य घायल हो गए हैं। कुल मृतकों में 94 पुरुष, 46 महिलाएं और 126 बच्चे शामिल हैं। पंजाब प्रांत में सबसे अधिक 144 लोगों की मौत हुई है। खैबर पख्तूनख्वा में 63, सिंध में 25 लोग मरे हैं।

## दो दिवसीय यात्रा पर मालदीव की राजधानी माले पहुंचे पीएम मोदी

# राष्ट्रपति मुइज्जू ने किया भव्य स्वागत पीएम बोले- रिश्ते नई ऊंचाइयों पर पहुंचे

*पीएम मालदीव की स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में 'मुख्य अतिथि' के रूप में भाग लेंगे। पीएम की यह मालदीव की तीसरी यात्रा है। पीएम मोदी की यह मालदीव यात्रा, मालदीव में राष्ट्रपति मुइज्जू के सत्ता संभालने के बाद पहली बार किसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष का दौरा है*



एजेंसी ▶▶ माले

पीएम मोदी मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू के आमंत्रण पर दो दिवसीय यात्रा पर शुक्रवार को मालदीव की राजधानी माले पहुंचे। हवाई अड्डे पर मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने पीएम मोदी का स्वागत किया। इस दौरान मालदीव के रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री और वित्त मंत्री के साथ ही आंतरिक सुरक्षा मंत्री ने भी पीएम मोदी की आगवानी की। पीएम नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि मैं माले पहुंच गया हूं। मुझे बहुत खुशी है कि राष्ट्रपति मुइज्जू मेरा स्वागत करने के लिए एयरपोर्ट पर आए। मुझे विश्वास है कि आने वाले दिनों में भारत और मालदीव के रिश्ते नई ऊंचाइयों पर पहुंचेंगे। पीएम मोदी ने माले में भारतीय समुदाय से मुलाकात की। पीएम मोदी से मिलकर भारतीय समुदाय बेहद उत्साहित दिखा।

पीएम मोदी ने माले में भारतीय समुदाय से मुलाकात की

राष्ट्रगान की धुनों के बीच पीएम मोदी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया

### स्वतंत्रता समारोह में बतौर मुख्य अतिथि लेंगे भाग



*विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने ट्वीट किया कि पीएम मालदीव की स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में 'मुख्य अतिथि' के रूप में भाग लेंगे। पीएम की यह मालदीव की तीसरी यात्रा है। पीएम मोदी की यह मालदीव यात्रा, मालदीव में राष्ट्रपति मुइज्जू के सत्ता संभालने के बाद पहली बार किसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष का दौरा है। मोहम्मद मुइज्जू सरकार के कार्यकाल में यह यात्रा इसलिए भी अहम है, क्योंकि यह दोनों देशों के संबंधों में आए तनाव के बाद पहली बार हो रही है। पीएम मोदी की पिछली मालदीव यात्रा जून 2019 में हुई थी।*

### पीएम के आतिथ्य में पारंपरिक 'हैयकोल्हू' किया भेंट

*मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) ने कहा कि उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी को पारंपरिक 'हैयकोल्हू' उपहार में दिया, जो मालदीव का आतिथ्य और सम्मान का प्रतीक है। इससे पहले पीएम मोदी को एमएनडीएफ द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। एमएनडीएफ ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का मालदीव की राजकीय यात्रा पर रिपब्लिक स्क्वायर में राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया, जहां उन्हें एमएनडीएफ द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। औपचारिक स्वागत में 21 तोपों की सलामी दी गई। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए माले स्थित रक्षा मंत्रालय भवन में पीएम मोदी की एक बड़ी तस्वीर प्रमुखता से प्रदर्शित की गई।*

### पीएम मोदी और राष्ट्रपति मुइज्जू ने पौधा लगाया, रक्षा मंत्रालय भवन का उद्घाटन किया



पीएम मोदी ने कहा कि भारत और मालदीव जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय क्षरण की चुनौतियों को पूरी तरह समझते हैं। हम सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। माले में राष्ट्रपति मुइज्जू और मैंने पौधे लगाए, जिससे मालदीव सरकार की 'एक पेड़ मां के नाम' पहल और 50 लाख वृक्षारोपण के संकल्प को बल मिला। पीएम मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने माले में नवनिर्मित रक्षा मंत्रालय भवन, धोशिमेना भवन का भी संयुक्त रूप से उद्घाटन किया।

चोला वंश ने भी राज किया

### सोरुदसरुणा अदित्तिया थे द्वीप के पहले हिंदू शासक


*मालदीव दुनिया का सबसे निचला देश है जो भारत और श्रीलंका के बीच बसा एक द्वीप है। यह विशाल हिंद महासागर में फैले लगभग 1200 द्वीपों से बना है। इतिहास के अनुसार 12वीं शताब्दी तक मालदीव में हिंदू राजा राज किया करते थे। ऐसा कहा जाता है कि सोरुदसरुणा अदित्तिया द्वीप के पहले राजा थे, जिसे तब धीवा मारी कहा जाता था, और उन्होंने मालदीव में अदित्त राजवंश की स्थापना की थी। यहां के पहले निवासी धेविस नाम से जाने जाते थे। बाद में यह बौद्ध धर्म का केंद्र बन गया। 12वीं शताब्दी से अरब व्यापारियों यहां पर आए और फिर इस्लाम बढ़ने लगा। ऐसा कहा जाता है कि मालदीव के अंतिम बौद्ध राजा धोवेमी था, जिन्होंने इस्लाम स्वीकर कर लिया। बताया जाता है कि यहां तमिल चोला राजा भी शासन रह चुका है। वर्तमान में मालदीव में इस्लाम का शासन चल रहा है। मौजूदा समय में मालदीव में अब सुन्नी मुसलमानों की जनसंख्या सबसे ज्यादा है।*

## एलओसी के पास सुरंग में विस्फोट

# सेना का एक जवान शहीद 2 घायल, राहत कार्य शुरू

यह हादसा कृष्णा घाटी सेक्टर में हुआ

दबी एम-16 माइन की चपेट में आए




एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास एक बारूदी सुरंग विस्फोट में भारतीय सेना का एक जवान शहीद हो गया और एक जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) समेत दो अन्य घायल हो गए। यह घटना कृष्णा घाटी सेक्टर में उस समय हुई जब 7वीं जाट रेजिमेंट के जवान क्षेत्र नियंत्रण गश्त पर थे।

रेजिमेंट के नायब सूबेदार हरि राम, हवलदार गजेंद्र सिंह और सिपाही ललित कुमार अपनी अग्रिम चौकी के पास नियमित गश्त कर रहे थे। इसी दौरान वे क्षेत्र में दबी एम-16 माइन के विस्फोट की चपेट में आ गए। घायलों को तुरंत सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी अधिकारियों को मिलते ही राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है।

### सेना ने दी श्रद्धांजलि

सूत्रों ने बताया कि यह विस्फोट नियंत्रण रेखा से सटे केजी सेक्टर में एक बारूदी सुरंग से हुआ। जिसमें अग्निवीर सिपाही ललित कुमार शहीद हो गए और नायब सूबेदार हरि राम और हवलदार गजेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर ने अग्निवीर ललित कुमार को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने कृष्णा घाटी सेक्टर में एक क्षेत्र प्रभुत्व गश्त के दौरान अपनी ड्यूटी निभाते हुए अपनी जान गंवा दी।

### ऑनलाइन गेम्स से चैट कर रहे आतंकी

*श्रीनगर। पबजी जैसे ऑनलाइन खेल में गुमनाम या अन्य साथियों के साथ बातचीत की आवश्यकता होती है और अब इन खेलों की यही विशेषता आतंकवादी समूहों और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जम्मू-कश्मीर में अपने सदस्यों से संवाद करने के प्रमुख संचार माध्यम में बदल गई है। अधिकारियों के मुताबिक, सीमा पार सक्रिय आतंकवादी समूह सोशल मीडिया और संचार के पारंपरिक माध्यमों को दरकिनार कर सुरक्षा एजेंसियों की नजर से बचने की कोशिश करते हैं, इसलिए वे इस आभासी युद्धक्षेत्र को असली में युद्ध के संवाद के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसे चार मामलों की पहचान की गई है।*

भारत रणभूमि दर्शन योजना

# सिक्किम पर्यटकों के लिए जल्द खोलेगा डोकलाम और नाथूला दर्रा के दरवाजे

एजेंसी ▶▶ गंगटोक

अपने पर्यटन के लिए मशहूर राज्य सिक्किम के पर्यटन मैप में कुछ अनोखे गंतव्य जुड़ने जा रहे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कई युद्ध क्षेत्रों को पर्यटन के लिए जल्द ही खोलने की घोषणा की थी, जिसके बाद सिक्किम ने डोकलाम सहित 3 युद्ध क्षेत्रों क्षेत्रों को पर्यटकों के लिए खोलने की घोषणा की है। यह निर्णय सिक्किम राज्य के भू-राजनैतिक महत्व में वृद्धि लायेगा। डोकलाम की बात करें तो भारत, चीन और भूटान की सीमा पर स्थित यह क्षेत्र ऐतिहासिक रूप से भू-राजनीतिक तनाव का केंद्र रहा है, विशेष रूप से 2017 के भारत-चीन गतिरोध के दौरान।

### राजनाथ सिंह ने की थी अपील



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'भारत रणभूमि दर्शन' शुरु करने की घोषणा की थी जिसके तहत भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य और बलिदानों को ध्यान में रखते हुए ऐतिहासिक सैन्य महत्व के क्षेत्रों को जनता के लिए खोला जा रहा है। यह कार्यक्रम ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामरिक महत्व वाले स्थलों को बढ़ावा देने के एक व्यापक प्रयास का हिस्सा है, जो नागरिकों को भारत के सैन्य अतीत से जुड़ने का अवसर प्रदान करता है।

### चो ला भी जा सकेंगे पर्यटक

'भारत रणभूमि दर्शन' पहल के तहत, डोकलाम के अलावा, नाथूला दर्रा और चो ला भी पर्यटकों के लिए नए तरीके से खोले जाएंगे। चो ला और डोकलाम दोनों ही सिक्किम के दो प्रसिद्ध पर्यटन स्थल हैं, जो छांगो लेक और नाथूला से 30 किलोमीटर के दायरे में स्थित हैं, और ये पहले से ही बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करते रहे हैं।

## अहमदाबाद विमान हादसा

# एफएफए बोला- फ्यूल कंट्रोल में नहीं मिली कोई भी खराबी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर एक बड़ी टिप्पणी की है। एफएए की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि पिछले महीने एअर इंडिया बोइंग 787 जेट की घातक दुर्घटना किसी यांत्रिक समस्या या ईंधन नियंत्रण इकाई या स्विच की असावधानी से हुई दुर्घटना के कारण नहीं हुई थी। एफएए के प्रशासक ब्रायन बेडफोर्ड ने कहा कि हम पूरे विश्वास के साथ कह सकते हैं कि यह बोइंग ईंधन नियंत्रण इकाई में कोई यांत्रिक समस्या नहीं है। उन्होंने बताया कि एफएए के कर्मचारियों ने इन इकाइयों को बाहर निकाला, उनका परीक्षण किया और निरीक्षकों को विमान में बुलाकर उनकी समीक्षा करने को कहा। उन्होंने आगे बताया कि अभी तक की जांच के अनुसार, किसी भी प्रकार की कोई समस्या ईंधन नियंत्रण में गड़बड़ी की नहीं मिली है। हालांकि, इस मामले में अभी बोइंग और एअर इंडिया की ओर से कोई टिप्पणी नहीं की गई है।



रक्षा संगोष्ठी में बोले सीडीएस

# 'ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी', सेना को शस्त्र और शास्त्र सीखना भी जरूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शुक्रवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित एक रक्षा संगोष्ठी के दौरान सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा कि सेना को शस्त्र (युद्ध) और शास्त्र (ज्ञान) दोनों सीखना आवश्यक है।

बता दें, पहलगाम हमले के बाद भारत ने आतंकियों के खिलाफ सैन्य कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' की शुरुआत की थी। भारतीय सेना ने 7 मई की रात गुलाम कश्मीर और पाकिस्तान में मौजूद आतंकियों के ठिकानों को निशाना बनाया था। सेना के मुताबिक, इस ऑपरेशन में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे।

### आज का युद्ध तकनीकी रूप से जटिल



सीडीएस ने कहा कि आज की लड़ाइयां पारंपरिक सीमाओं में नहीं सिमटी है। आज के समय में युद्ध पारदर्शी, तीव्र, बहु क्षेत्रीय और तकनीकी रूप से बेहद जटिल हो गई हैं। आज का युद्ध केवल बंदूक और टैंक तक सीमित नहीं रह गया है। आज के दौर में एक योद्धा को सामरिक, परिचालन और रणनीतिक स्तरों पर एक साथ दक्ष होना होगा। उन्हें थल, जल, वायु के साथ-साथ साइबर और कॉग्निटिव वारफेयर जैसे नए युद्ध क्षेत्रों में भी सक्षम होना पड़ेगा।

### 'हाइब्रिड वॉरियर' की जरूरत होगी

जनरल चौहान ने कहा कि मौजूदा समय में काइनेटिक और नॉन काइनेटिक (पारंपरिक और डिजिटल) युद्ध एक-दूसरे से घुलमिल रहे हैं। पहली और दूसरी पीढ़ी के युद्ध आज तीसरी पीढ़ी के साइबर और एआई आधारित युद्ध से सम्मिलित हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसे 'हाइब्रिड वॉरियर' की जरूरत होगी जो हर मोर्चे पर लड़ सके।


## रक्षा मंत्रालय-बीईएल में करार

# रक्षा अग्नि नियंत्रण रडार के लिए 2000 करोड़ रु. का किया एमओयू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना के लिए वायु रक्षा अग्नि नियंत्रण रडारों की खरीद के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ लगभग 2,000 करोड़ रुपए के एक अनुबंध (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह अनुबंध खरीद (भारतीय-स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित) श्रेणी के अंतर्गत है।

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में रक्षा मंत्रालय और बीईएल के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इस अनुबंध पर हस्ताक्षर और



आदान-प्रदान किया गया। कम से कम 70 प्रतिशत स्वदेशी कंटेंट से युक्त ये अग्नि नियंत्रण रडार लड़ाकू विमानों, हमलावर हेलीकॉप्टरों और दुश्मन के ड्रोन सहित सभी प्रकार के हवाई खतरों का पता लगाने में सक्षम होंगे। यह वायु रक्षा रेजिमेंटों के आधुनिकीकरण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा और भारतीय सेना की परिचालन तत्परता को बढ़ाएगा।

## थाईलैंड ने कंबोडिया पर हवाई हमले शुरू किए, लॉन्च किया ऑपरेशन 'युथा बोडिन'

# सीमा पर झड़पों में 15 लोगों की हुई मौत, कई हुए घायल

एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

थाईलैंड और कंबोडिया के बीच युद्ध भयानक होता जा रहा है। थाईलैंड की सेना ने अब कंबोडिया के खिलाफ 'ऑपरेशन युथा बोडिन' लॉन्च करने का ऐलान किया है। थाई सेना ने कहा है कि वो 'पवित्र भूमि के लिए युद्ध' शुरू कर रही है। थाईलैंड की सेना ने ऑपरेशन लॉन्च करने की घोषणा करते हुए कहा है कि उसका मकसद 'थाई भूमि पर अतिक्रमण करने वालों को कुचलने' की है। कंबोडिया की सेना पर जबरदस्त हमला करते हुए थाईलैंड की सेना ने 'युथा बोडिन' नाम से जबरदस्त जमीनी और हवाई हमला शुरू कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र के उप प्रवक्ता फरहान हक के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने दोनों पक्षों से 'अधिकतम संयम बरतने और किसी भी मुद्दे को बातचीत के माध्यम से हल करने' का आग्रह किया है।

*यूएन महासचिव की संयम बरतने की अपील*

*प्राचीन ता मुएन थॉम मंदिर के पास झड़प शुरू*



### 4 कंबोडियाई नागरिक घायल

*सीमा पर जारी हिंसक झड़पों के दूसरे दिन थाईलैंड की सरकार ने 4 सीमावर्ती प्रांतों से एक लाख से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया है। अब तक 15 लोगों की मौत की रिपोर्ट दर्ज दी गई है, जिनमें 14 आम नागरिक हैं। ओड्डार मींचे प्रांत में कंबोडिया के मुख्य अधिकारी जनरल खोव ली ने शुक्रवार को कहा कि प्राचीन ता मुएन थॉम मंदिर के पास सुबह-सुबह फिर से झड़पें शुरू हो गईं। उन्होंने बताया कि गुरुवार को हुई झड़प में कम से कम चार आम कंबोडियाई नागरिक घायल हुए हैं।*

### कंबोडिया ने रॉकेट दागे

*थाई सेना ने बयान में कहा है कि कंबोडियाई सेना ने बीएम-21 ग्रैड रॉकेट सिस्टम और फील्ड आर्टिलरी का इस्तेमाल किया है। सेना ने कहा है कि स्थिति के मुताबिक उचित कार्रवाई की जा रही है। जबकि कंबोडिया ने दावा किया कि थाई सैनिकों ने बिना उकसावे के उनके इलाके में घुसपैठ की, जिसके जवाब में उन्होंने 'आत्मरक्षा के अधिकार' के तहत कार्रवाई की है।*

### भारतीय दूतावास ने यात्रा परामर्श जारी किया

*थाईलैंड में भारतीय दूतावास ने यहां रह रहे भारतीय नागरिकों के लिए शुक्रवार को एक परामर्श जारी करते हुए उनसे थाईलैंड-कंबोडिया सीमा पर जारी हिंसा के बीच सात प्रांतों की यात्रा करने से बचने की अपील की है। परामर्श में कहा गया है कि वे 'टीएटी न्यूजरूम' समेत थाईलैंड के आधिकारिक सूत्रों से नवीनतम जानकारी प्राप्त करें। साथ ही उबोन रत्चथानी, सुरीन, सिसाकेट, बुरीराम, सा काओ, चन्थाबुरी और ट्राट प्रांतों में कई स्थलों की यात्रा न करें।*

## खबर संक्षेप



### राजाभोज महाविद्यालय में संगोष्ठी आयोजित

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर के राजा भोज महाविद्यायल में भारतीय ज्ञान पंरपरा पर आधारित विचार श्रृखंला पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में डॉ. संतोष भदौरिया ने कहा भारतीय ज्ञान परंपरा विश्व की समृद्ध ज्ञान परंपरा है, जिसे वेद और उपनिषदों के माध्यम से वेदांत ज्ञान के आधार पर समझा जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वह वे श्रीमद् भगवत गीता का अवश्य अध्ययन करें। यह विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने एवं ज्ञान तथा कर्म की महत्ता को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

### नवांकुर सखी हरियाली यात्रा आज

**औबेदुल्लागंज।** मप्र जन अभियान परिषद के अध्यक्ष मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उपाध्यक्ष मोहन नागर एवं क्षेत्र के विधायक सुरेन्द्र पटवा के निर्देशन में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का आयोजन शनिवार को अर्जुन नगर शिव मंदिर प्रांगण से निकाली जाएगी। कार्यक्रम आंबेडकर बुद्धिस्ट चेरिटेबल सोयाइटी एवं नगर विकास प्रस्फुटन समिति के नेतृत्व कौशल में किया जाएगा। इस यात्रा में महिलाओं को नवांकुरित पौधों के बीज के बैग एवं नवांकुर सखी आइडी कार्ड प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम का आयोजन शाम चार बजे होगा। इस दौरान परंपरागत गीत गायन के साथ हरियाली यात्रा निकाली जाएगी।

### बुदनी नर्मदा घाट से कांवड़ यात्रा कल से

**औबेदुल्लागंज।** श्री राम भक्त सेवा दल एवं मां शारदा दरबार के तत्वावधान में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी कांवड़ यात्रा का आयोजन किया है। कांवड़ यात्रा 27 जुलाई बुदनी नर्मदा घाट से मां नर्मदा का जल लेकर 28 जुलाई को शिव मंदिर भोजपुर पहुंचेगी। कांवड़ यात्रा के प्रमुख महेंद्र चौहान, विजय धनगर, वीरेंद्र मिश्रा, शंकर सिंह चौहान, जितेंद्र चौहान, कांता अग्रवाल, मोनू यादव, मनीष लोधी, अंकित विजयवर्गीय आदि भक्त शामिल होंगे।

### बीलखेड़ी से जल भरकर आज निकलेगी कांवड़ यात्रा

**तामोट।** बीलखेड़ी से भाजपा नेत्री राधा कुशवाहा, सुरजीत सिंह चौहान, जनपद सदस्य रूपेश चौहान, लालाराम कुशवाहा के नेतृत्व में विशाल शनिवार को कावड़ यात्रा निकाली जाएगी। बीलखेड़ी वोदर नदी से पवित्र जल लेकर कांवड़ यात्रा भोजपुर शिव मंदिर पहुंचेगी वहां भगवान महादेव का अभिषेक पूजान किया जाएगा। कावड़ यात्रा में जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, हरि नारायण कुशवाहा, हेमराज कुशवाहा, राखी कुशवाहा, सोनम पाल, कृष्ण पाल, ऊषा पूनिया कुशवाहा, प्रेम कुशवाहा, बाबूलाल, राम किशोर चौहान, रमेश चौहान आदि लोग शामिल होंगे।



### मोबाइल पर लूडो गेम से जुआ खेलते 3 गिरफ्तार

**भोपाल।** गौतम नगर पुलिस ने बैरसिया रोड पर चाउमिन की दुकान के सामने बैंच पर बैठे तीन युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से 5 हजार 50 रुपए बरामद किए है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। प्रकरण जमानती होने के कारण उन्हें थाने से नोटिस देने के बाद छोड़ दिया गया। पकड़े गए आरोपी जुबेर पिता नूर मोहम्मद (24) गनगौर वाली बावड़ी काजी कैंप, हनुमानगंज, अनिल गौर (48) शिवालय मंदिर के पास टीला जमालपुरा और अकबर खान (31) शिव नगर छोला बताया।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 9405 | | |
| दिन: | 378 | 82 | 345 |
| रात: | 180 | 95 | 230 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 123 | 64 | 158 |
| रात: | 270 | 94 | 347 |

# संपत्ति बेच कर निवेशकों को नहीं लौटाई राशि, अपनी ही सहायक कंपनियों में 72.82 करोड़ की राशि कर ली ट्रांसफर

**सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन का किया उल्लंघन, ओने-पोने दाम में बेच दी करोड़ों की जमीनें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सहारा समूह के मामले की जांच में खुलासा हुआ है कि सहारा के अफसरों ने मिलकर एक साजिश के तरह निवेशकों की राशि में हेराफेरी की। दरअसल वर्ष 2014 में सुप्रीम कोर्ट और (भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड) सेबी द्वारा सहारा समूह को निवेशकों की राशि लौटाने के लिए कंपनी की प्रॉपर्टी बेचने की अनुमति दी गई थी, जिसमें संपत्ति विक्रय की राशि सेबी के खाते में जमा कराने सहित अन्य शर्ते निर्धारित थी, लेकिन सहारा समूह के अफसरों ने यह राशि सहारा इंडिया रियल एस्टेट लिमिटेड, सहारा हाउसिंग इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन और निजी शैल कंपनियों के खातों में जमा करा न्यायिक आदेश की अवहेलना की।

### यह है सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन

सहारा समूह में आम जनता ने निवेश के नाम पर बड़ी मात्रा में राशि एकत्रित की थी। इस राशि में लौटाने में हो रही देरी और अनियमितताओं के कारण सेबी ने वर्ष 2012 में हस्तक्षेप करते हुए आदेश जारी किया था कि सहारा समूह सभी निवेशकों का पैसा ब्याज सहित लौटाएं। इसी संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने 5 दिसंबर 2012 को आदेश पारित कर निर्देश दिए कि वह अपनी अचल संपत्तियां विक्रय करके प्राप्त राशि सहारा सेबी रिफंड एकाउंट में जमा कराए। इसके बाद 4 जून 2014 को सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सहारा की संपत्तियों को सर्कल दर से कम मूल्य पर नहीं बेंचा जा सकता। वहीं यह भी सुनिश्वित करना होगी कि संपत्ति का खरीददार सहारा ग्रुप से न जुड़ा हो। इस आदेश के बाद भी सहारा समूह के अफसरों ने मनमाने ढंग से कम मूल्य पर सहारा की संपत्ति का विक्रय किया। इतना ही नहीं तीन शहरों में सहारा की 1000 करोड़ रुपए की जमीन को मात्र 98 करोड़ रुपए में बेच दिया गया था। इसके बाद इस राशि का गबन किया गया।

### कहां-कहां जमीनों में हेराफेरी?

भोपाल में सहारा समूह की मक्सी ग्राम की भूमि के संबंध में वर्ष 2014 में सहारा समूह ने सुप्रीम कोर्ट में एक रिपोर्ट दाखिल की जिसमें 110 एकड़ भूमि का अनुमानित मूल्य 125 करोड़ दर्शाया गया। 125 करोड़ अनुमानित मूल्य की भूमि को सहारा के अफसरों ने 47 करोड़ 73 लाख में बेंचा। इस राशि को सहारा समूह ने अपनी ही सोसाइटी हमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी में ट्रांसफर करा दिया। इसी तरह सागर में 99 करोड़ 76 लाख की भूमि 14 करोड़ 79 लाख में बेंची। वहीं विक्रय राशि का पेसा सेबी में जमा नहीं किया। वहीं जबलपुर कटनी और ग्वालियर में अवेध कटौती के माध्यम से 10 करोड़ 29 लाख की हेराफेरी की। इस तरह सहारा समूह ने निवेशकों के साथ 72 करोड़ 82 लाख की राशि को हड़प लिया।

# विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए स्कोप ग्लोबल स्किल पर समझौता

**शार्ट टर्म कोर्स के माध्यम से मिलेगा रोजगार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर



साधु वासवानी स्वशासी महाविद्यालय भोपाल द्वारा स्कोप ग्लोबल स्किल विश्वविद्यालय भोपाल के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के माध्यम से महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं स्किल ग्लोबल विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न प्लेटफार्म एवं माडल्स पर ट्रेनिंग, इंटर्नशिप एवं सर्टिफिकेट कोर्स के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही छात्र-छात्राएं विभिन्न शार्ट टर्म कोर्स के माध्यम से अपनी स्किल को बढ़ा कर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

इस अवसर पर साधु वासवानी महाविद्यालय की ओर से साधु वासवानी एल्यूकेशनल सोसाइटी के अध्ययक्ष दयालदास डेटानी, महाविद्यायल के प्राचार्य डॉ. अनिल सिंह, एडमिनिस्ट्रेटिव डायरेक्टर डॉ. डीके दुबे, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुमन मलिक, आईक्यूएसी संयोजक डॉ. मणी शुगानी, आटोनोमस कंट्रोलर डॉ .अनुपम सेलट, यूजीसी संयोजक डॉ. हिना आसवानी आदि उपस्थित रहे।

## चिरचिंड हाइड्रा पावर प्राईवेट लिमिटेड कंपनी में हुआ हादसा

# मंडीदीप की कंपनी में काम करने के दौरान 40 फीट ऊंचे पिलर से गिरने पर मजदूर की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप



औद्योगिक क्षेत्र में शुक्रवार को काम के दौरान एक कंपनी के पिलर से गिरकर एक कर्मचारी की मौत हो गई। यह घटना बिना सुरक्षा उपकरणों के काम करने के कारण हुई। कर्मचारी के सहकर्मियों का कहना है कि उनके पास हेलमेट या सुरक्षा बेल्ट जैसे आवश्यक सुरक्षा उपकरण नहीं थे, और पिलर के आसपास कोई सुरक्षा जाल भी नहीं लगाया गया था।

जानकारी अनुसार औद्योगिक क्षेत्र स्थित चिरचिंड हाइड्रा पावर प्राईवेट लिमिटेड (सीएचपीपीएल) कंपनी में 40 फीट ऊंचे पिलर पर काम के दौरान एक मजदूर के गरने से मौत हो गई है। कपंनी में पिलर निर्माण कार्य किया जा रहा था। मजदूर की पहचान प्रीतमनाथ पिता धनसिंह नाथ के रूप में हुई है, जो नूरगंज का रहने वाला था। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है। इस मामले में कंपनी प्रबंधन से बात करने की कोशिश की पर उन्होंने फोन नहीं उठाया।

### कंपनी प्रबंधन और ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप



कंपनी प्रबंधन और ठेकेदार की लापरवाही के कारण यह घटना होने का आरोप लगाया जा रहा है, क्योंकि सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया गया था। मृतक परिवार का अकेला कमाने वाला था। उसकी दो बेटियां हैं एक तीन साल की दूसरी 5 साल की। कर्मचारी के साथियों ने बताया कि उनके पास हेलमेट, सुरक्षा बेल्ट और पिलर के आसपास सुरक्षा जाल जैसी कोई सुविधा नहीं थी। हादसे के बाद भी, कामगार बिना सुरक्षा उपकरणों के काम कर रहे थे।




### दोषियों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी

सीएचपीपीएल कपंनी में की कार्य के दौरान हुए हादसे में मौत हो गई है। हादसा कैसे हुआ, यह जांच का विषय है। जांच की जा रही है। दोषी अधिकारियों के प्रति लापरवाही पाए जाने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**विजय त्रिपाठी,** थाना प्रभारी सतलापुर, मंडीदीप

### ट्रक की टक्कर से गाय की मौत ड्राइवर पर एफआईआर

**भोपाल।** कोलार थाना क्षेत्र स्थित सर्वधर्म कलारी के पास बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पर डिवाइडर किनारे खड़ी गाय को टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से गाय को जबड़े और पैर में गभीर चोट थी। नगर निगम की गाड़ी से गाय को पशु चिकित्सालय ले जाया गया, वहां गाया की मौत हो गई। पुलिस ने गाय का पशुचिकित्सालय में पोस्टमार्टम कराने के बाद टक्कर मारने वाले चालक पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार दीपांश दीक्षित (25) मोहिनी अपार्टमेंट, सर्वधर्म कॉलोनी बी-सेक्टर कोलार में रहता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वह नीट पीजी की तैयारी कर रहा है। बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे वह खाना खाने के बाद टहल रहा था। सर्वधर्म कलारी के पास पहुंचा था, तभी एक ट्रक के चालक चालक तेजी व लापरवाही पूर्वक ट्रक चलाते हुए अमित शुक्ला स्टेशनरी के सामने रोड के किनारे डिवाइडर के पास खड़ी गाय को टक्कर मार दी। गाय को पैर एवं जबड़े में चोट आई थी। उसकी पशु चिकित्सालय में मौत हो गई। ट्रक थोडा रुका तभी दीपांश ने ट्रक का नंबर नोट कर लिया था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी।

### मवेशी से टकराकर बाइक सवार की मौत

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित गांव निपानिया जाट में मवेशी से टकराकर बाइक सवार घायल हो गया। उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां से परिजन एम्स लेकर पहुंचे थे। एम्स में इलाज के दौरान गुरुवार को मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार नर्मदा प्रसाद अहिरवार (45) गांव रोडिया, गुनगा में रहता था और मंडीदीप की एक फैक्ट्री में काम करता था। गत 15 जुलाई की रात वह बाइक से मंडीदीप से अपने गांव रोडिया जाने के लिए निकला था। भोपाल बैरसिया रोड होते हुए वह गांव निपानिया जाट पहुंचा ही था कि उसकी बाइक सड़क पर बैठे मवेशी से टकरा गई। इस हादसे में उसे सिर में पीछे की तरफ गंभीर चोट आई थी। उसे राहगीरों ने नजीदीक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। निजी अस्पताल पहुंचे परिजन उसे एम्स लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान गुरुवार रात उसकी मौत हो गई।

## क्राइम बांच ने एमपी नगर से पकड़ा

# गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर चार किलो गांजा जब्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



क्राइम ब्रांच की टीम ने यस बैंक एमपी नगर से एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 3 किला 880 ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत 70 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर गांजे के बारे में पूछताछ कर रही है।

क्राइम ब्रांच के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि यस बैंक के सामने एमपी नगर जोन-वन मैदान में एक व्यक्ति अपनी पीठ पर काले नीले रंग का पिट्ठु बैग टांगकर बैठा है। उसके बैग में मादक पदार्थ गांजा है और उसे वह बेचने के लिए यहां आया है। क्राइम ब्रांच की टीम ने घेराबंदी कर यस बैंक के सामने मैदान से एक संदिग्ध को हिरासत में लिया। उसने अपना नाम गणेश कुचबंदिया पिता स्व. राधेचरण कुचबंदिया (32) अर्जुन नगर वार्ड, औबेदुल्लागंज रायसेन बताया। बैग की तलाशी ली गई। बैग में अंदर ब्राउन रंग के टेप से लिपटे दो पैकेट मिले। दोनों पैकेट में गांजा रखा था।

## साइकिल वितरण समारोह में बोले विधायक खत्री

# योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे आएं छात्राएं और लाभ उठाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैरसिया



मेरी बेटियों आप लोगों के लिए हमारी सरकार की अनेक योजनाएं है। बस जरूरत है, उन योजनाओं का लाभ लेने की। शासन की योजनाओं का लाभ लेने के एक ही मूल मंत्र है कि आगे आए और शासन की योजनाओं का लाभ उठाए। यह बात विधायक विष्णु खत्री ने शुक्रवार को शासकीय सरोजनी कन्या हायर सेकंडरी स्कूल बैरसिया में आयोजित साइकिल वितरण कार्यक्रम के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि केवल साइकिल योजना नहीं है, शासन संचालित की मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना, एकल बालिका शिक्षा प्रोत्साहन योजना, विदेश पढ़ाई के लिए स्कॉलरशिप योजना जैसी तमाम योजनाओं का लाभ लें।

## श्रीराम चरित्र मानस महायज्ञ में कथा वाचक सुरेशचंद्र मिश्र ने कहा

# फैशन और व्यसन से दूर रहें, ये दोनों चीजें व्यक्ति को बर्बाद करती हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप



फैशन और व्यसन से दूर रहे, क्योंकि मेरा मानना है कि ये दोनों चीजें व्यक्ति को बर्बाद कर सकती हैं। फैशन और व्यसन दोनों ही जीवन में नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। फैशन में अत्यधिक लिप्त होना व्यक्ति को दिखावे और भौतिकवादी चीजों की ओर ले जाता है, जबकि व्यसन जैसे धूम्रपान, शराब या अन्य नशीली चीजें व्यक्ति के स्वास्थ्य और जीवन को बर्बाद कर सकती हैं। उपरोक्त बात नगर में सोनी निवास पर आयोजित श्रीराम चरित्र मानस महायज्ञ में बनारस से पधारे सुरेश चन्द्र मिश्रा ने राम कथा के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम ने अपने जीवन में हर पग सत्य और धर्म अनुकूल उठाया। अपने पिता द्वारा दिए गए वचन का मान रखने हेतु उन्होंने अयोध्या के राजसिंहासन का त्याग कर दिया। सूर्यवंशी राजा होते हुए भी उन्होंने निःसंकोच माँ शबरी के जूठे बेर खाकर यह सिद्ध किया कि भक्ति मार्ग पर जात-पात कोई महत्व नहीं। केवल शुद्ध भक्ति द्वारा ही ईश्वर को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होने कहा कि साधारण व्यक्ति के लिए महापुरुषों द्वारा की जाने वाली लीलाओं को समझना सुगम नहीं होता।



# 24 घंटे की अखंड रामसत्ता का आयोजन किया, महिलाओं ने गाए मधुर भजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

भोजपुर नारी शक्ति अध्यक्ष आरती यादव ने बताया कि नगर के वार्ड 11 अर्जुन नगर में सरजा बाई और उनके पुत्र सुरेश नायक (बंजारा) द्वारा 24 घंटे की अखंड रामसत्ता का आयोजन किया गया। इनके द्वारा पिछले 5 वर्षों से रामसत्ता का आयोजन प्रति वर्ष किया जा रहा है। राम सत्ता कार्यक्रम में अर्जुन नगर क्षेत्र की माता बहनों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और भगवान भोलेनाथ के भजन गाए। कार्यक्रम की शुरुआत गुरुवार को भगवान भोलेनाथ की अखंड ज्योति प्रज्वलित कर की गई थी। यह विशाल रामसत्ता वार्ड नंबर 11 अर्जुन नगर में महिला मंडल द्वारा आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में आरती यादव, पूजा प्रजापति, राधा, सरजा बाई, फूलवती बाई, भूरा बाई नायक, तारा बाई आदि शामिल थीं।

## नगर परिषद कार्यालय में आयोजित किया कार्यक्रम

# 'नशे से दूरी-है जरूरी'अभियान चला कर लोगों को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर परिषद औबेदुल्लागंज, मुख्य नगर पालिका अधिकारी किरण रंहगडाले एवं स्वच्छता नोडल अधिकारी मुकेश कुमार जैन के मार्गदर्शन में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के तहत शुक्रवार को नगर परिषद कार्यालय में नशा मुक्ति अभियान 'नशे से दूरी-है जरूरी' चला कर लोगों को जागरूकता संदेश दिया। इस दौरान कई क्षेत्रों में साफ-सफाई की गई। इस अभियान में एसडीओपी शीला सुराणा एवं स्वच्छता नोडल अधिकारी मुकेश कुमार जैन, आंगनबाड़ी की महिलाएं एवं सहायिका और नगर परिषद के कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में नशे से दूर रहने के बारे में लोगों को बताया। साथ ही सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान की भी जानकारी दी।

# विधायक पटवा ने दी एसडीएम चंद्रशेखर की मां को श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी एवं युवा नेता जीतू नंदवंशी, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, पार्षद दीपू परमार, मनोज चौरसिया, पुरुषोत्तम शर्मा आदि ने बताया कि गौहरगंज तहसील के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चंद्रशेखर श्रीवास्तव की माता के निधन के उपरांत उनके पैतृक निवास पर पहुंचकर विधायक सुरेंद्र पटवा ने दाह संस्कार में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की और परिवारजनों को सांत्वना दी।

## व्यंजन की परंपरा को बरकरार रखने सिंधी मेला समिति का आयोजन

# राजधानी के 22 सेंटरों पर आज कुकिंग कॉम्पिटिशन में सिंधी समाज की सैकड़ों महिलाएं बनाएंगी लजीज व्यंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

सिंधी व्यंजन की परंपरा को बरकरार रखने के उद्देश्य से भोपाल की सिंधी मेला समिति द्वारा शनिवार 26 एवं रविवार 27 जुलाई को राजधानी भोपाल के 21 से अधिक सेंटरों पर एक साथ कुकिंग कॉप्टिशन का आयोजन किया जा रहा है।

समिती के अध्यक्ष मनीष दरयानी एवं महासचिव नरेश तलरेजा ने बताया कि बुधवार को यह प्रतियोगिता भोपाल के बाहर कुछ शहरों में आयोजित हुई, जिसमे विदिशा, गंजबासोदा, नर्मदापुरम, हरदा, सुल्तानपुर रही, जिसमे सैकड़ों की संख्या में समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस कड़ी में शनिवार एवं रविवार को भी हजारों महिलाएं इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर अपने लजीज व्यंजनों के साथ अपने हुनर का जलवा दिखाएंगी। इस कुकिंग कॉप्टिशन कार्यक्रम की संयोजिका माया पंजवानी, सह- संयोजिका भावना लालवानी एवं सह संयोजक हरीश विधानी को नियुक्त किया है।



### महिला विंग की राखी और तीज पर आधारित दो दिवसीय प्रदर्शनी आज

रक्षाबंधन के त्योहार को ध्यान में रखते हुए, भोपाल में महिला विंग द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में बहनें अपने भाइयों के लिए राखी, उपहार, और अन्य संबंधित वस्तुएं खरीद सकती हैं। महिला विंग द्वारा दो दिवसीय प्रदर्शनी 26 एवं 27 जुलाई को लालघाटी स्थित एसहोटल इन एरिया में आयोजित की जा रही है, जिसमे राखी के अलावा डिजाइनर कपड़े, आभूषण और अन्य उपहार वस्तुएं उपलब्ध होंगी। इस प्रदर्शनी का संचालन कर रही उषा वाधवानी, ऋद्धि वाधवानी, पूनम परलानी, भूमिका शर्मा ने बताया कि पिछले कई वर्षों से हम वोमेन विंग की महिलायें इस तरह की प्रदर्शनी को आयोजित करती आ रही हैं। इस प्रदर्शनी में 50 से ज्यादा एक्जीबिटर्स हिस्सा लें रहे हैं। इसके अलावा वोमेन विंग का उद्देश्य हमेशा की तरह घर से काम कर रही महिलाओं के व्यवसाय को बढ़ाना और उनके आर्टवर्क और डिजाइनर ड्रेसेस को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाना है। यह एग्जिबिशन शनिवार दोपहर 12 बजे से रात्रि 11 बजे तक आयोजित की जा रही है, जिसमें प्रवेश पूर्ण रूप से निः शुल्क रहेगा।

महिलाएं हरी चूड़ियां पहनकर करेंगी शिव-गौरी की पूजा, भगवान श्री कृष्ण मंदिरों में सजेंगे हिंडोलना

# रवि योग, महालक्ष्मी राजयोग सहित कई मंगलकारी संयोग में कल मनेगी हरियाली तीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सावन माह में हरियाली तीज का विशेष महत्व रहता है। हरियाली तीज व्रत उत्सव के साथ रविवार को मनाया जाएगा। पति की लंबी उम्र के लिए महिलाएं हरे रंग की साड़ी, हरी चूड़ियां आदि पहनकर शिव गौरी की पूजा-अर्चना करेंगी।

मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि इस बार की हरियाली तीज को बहुत खास माना जा रहा है, क्योंकि इस दिन कई शुभ योग बन रहे हैं। रवि योग, शिव योग महालक्ष्मी राजयोग होने में इस व्रत का विशेष महत्व रहेगा। ऐसे में यह व्रत रख कर पूजा करने से दोगुना पुण्य फल की प्राप्ति होगी।



## यह रहेंगे शुभ मुहूर्त

- सूर्योदय - सुबह 05 बजकर 40 मिनट पर
- सूर्यास्त - शाम 07 बजकर 15 मिनट पर
- ब्रह्म मुहूर्त - सुबह 04 बजकर 17 मिनट से 04 बजकर 58 मिनट तक
- विजय मुहूर्त - दोपहर 02 बजकर 43 मिनट से 03 बजकर 38 मिनट तक
- गोधूलि मुहूर्त - शाम 07 बजकर 15 मिनट से 07 बजकर 36 मिनट तक
- निशिता मुहूर्त - रात्रि 12 बजकर 07 मिनट से 12 बजकर 49 मिनट तक

## पूजा का शुभ मुहूर्त

*सावन मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि 26 जुलाई को रात 10 बजकर 01 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, 27 जुलाई की रात 10 बजकर 41 मिनट पर समाप्त होगी। सनातन धर्म में उदया तिथि मान है। इसके लिए 27 जुलाई रविवार को हरियाली तीज मनाई जाएगी।*

## ऐसे करें पूजन

पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि हरियाली तीज के दिन सुबह जल्दी उठें और स्नान आदि करने के बाद नए वस्त्र पहनें। इस दिन सोलह श्रृंगार जरूर करें और पूरे दिन व्रत रहें। हरियाली तीज के दिन भगवान शिव और माता पार्वती के साथ ही गणेश जी की भी पूजा की जाती है। पूजा के लिए एक चौकी तैयार करें और उसपर पीले रंग का कपड़ा बिछा दें। फिर इस चौकी में भगवान की मूर्तियां स्थापित करें और भगवान को नए वस्त्र पहनाएं। इसके बाद माता पार्वती को सोलह श्रृंगार से जुड़े सभी सामान, साड़ी और चुनरी अर्पित करें। पूजा के दौरान तीज की व्रत कथा सुनें या पढ़ें। इसके बाद आरती करें।

## मंदिरों में सजेंगे हिंडोलना भगवान श्री कृष्णा

हरीयाली तीज से सभी मंदिरो में हिंडोलना उत्सव मनाया जाएगा। भगवान श्री कृष्ण कहीं बाल स्वरूप में तो कहीं राधा संग झूला झूलेंगे। इसे लेकर मंदिरों में तैयारी की जा रही है।

## श्रावण मास में प्रतिदिन राजधानी के शिव मंदिरों में हो रहा रुद्राभिषेक, बनाए जा रहे पार्थिव शिवलिंग

*भोपाल। सावन माह में राजधानी के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं में भोलेनाथ की आराधना, भक्ति का जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। तो वहीं राजधानी के लालघाटी स्थित गुफा मंदिर में शुक्रवार को भगवान भोलेनाथ का फूल, धतूरा, बेलपत्र व प्राकृतिक वस्तुओं से श्रृंगार किया गया। बिड़ला मंदिर में भगवान शिव का भव्य श्रृंगार के साथ अराधना भक्तों द्वारा की गई। मुक्तेश्वर महाकाल मंदिर में बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया। श्री बड़वाले महादेव मंदिर में विशेष पूजा की गई। शहर भर के शिवालयों रोजाना रुद्राभिषेक किए जा रहे है। तो वहीं भक्त गण पार्थिव शिवलिंग बना रहे है।*



### भक्तों ने किया रुद्राभिषेक

*दादाजी धाम मंदिर रायसेन रोड पटेल नगर में श्रावण मास में प्रतिदिन भक्तों द्वारा रुद्राभिषेक किया जा रहा है। श्रावण मास में भगवान शिव को दूध से अभिषेक करना अत्यंत शुभ माना जाता है। दादाजी धाम मंदिर में हरियाली तीज दिन रविवार को श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरियाली तीज का व्रत रख कर दिन सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु के लिए मां पार्वती और शिव जी की पूजा करेंगी।*

## खबर संक्षेप

### दीदी श्रीरामकिंकर के प्रवचन आज से



**भोपाल।** तुलसी मानस प्रतिष्ठान मानस भवन में श्रीरामकथा प्रतिष्ठा आयोजन के अंतर्गत 26 से 31 जुलाई तक युगतुलसी पद्मभूषण पं.रामकिंकर उपाध्याय की शिष्या दीदी मंदाकिनी श्रीरामकिंकर के मुखारविन्द से आयोजित की जा रही है। पंचदिवसीय आयोजन प्रतिदिन संध्या 6.30 बजे से किया जाएगा। रामकथा प्रवचन प्रसंग कार्यक्रम के शुभारंभ दिवस शनिवार को मुख्य अतिथि भोपाल कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह होंगे।

### नेपाली समाज की कांवड़ यात्रा आज से आरंभ

**भोपाल।** श्री पशुपतिनाथ नेपाली समाज मंदिर गोविन्दपुरा भोपाल में हर वर्ष की तरह शुक्रवार को 300 से अधिक कावंड़ यात्री बुदनी घाट नर्मदापुरम के लिए रवाना हुए है। शनिवार को कावंड यात्री मां नर्मदा का पूजन अर्चन कर प्रातः 5 बजे यात्रा प्रारंभ करेंगे। यह कावड़ यात्रा मंडीदीप में रात्रि विश्राम कर दूसरे दिन 27 जुलाई को भोपाल पहुंचेगी।

### संत हिरदाराम-उज्जैन के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन



**भोपाल।** श्रावण माह में उज्जैन में यात्रियों के अतिरिक्त दबाव को समायोजित करने के लिए पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल द्वारा उज्जैन से संत हिरदाराम नगर के बीच 26 जुलाई से 31 अगस्त तक प्रतिदिन 09311/09312 उज्जैन-संत हिरदा राम नगर स्पेशल अनारक्षित ट्रेन का परिचालन स्पेशल किराये के साथ करने का निर्णय लिया गया है। जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 09311 उज्जैन संत हिरदाराम नगर स्पेशल 26 जुलाई से 31 अगस्त तक उज्जैन से प्रतिदिन 14.05 बजे चलकर तराना रोड (14.15 बजे आगमन व 14.17 बजे प्रस्थान), मक्सी, बेरछा, कालीसिंध, अकोदिया, शुजालपुर, कालापीपल एवं सीहोर होते हुए 18.35 बजे संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन पहुंचेगी।

**ट्रेन दोपहर 1.35 बजे पहुंचेगी उज्जैनः** इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 09312 संत हिरदाराम नगर उज्जैन स्पेशल 26 जुलाई से 31 अगस्त तक संत हिरदाराम नगर से प्रतिदिन 21.35 बजे चलकर सीहोर, कालापीपल, शुजालपुर, अकोदिया, कालीसिंध, बेरछा, मक्सी, तराना रोड होते हुए 1.35 बजे उज्जैन पहुंचेगी।

संक्रमित रोगों से लोगों व स्टाफ को बचाने के लिए शुरू की पहल

# जयप्रकाश अस्पतालः डॉक्टर नहीं करेंगे बिना मास्क वाले वायरल फीवर मरीजों का इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जेपी अस्पताल में वायरल के मरीजों को बिना मास्क के इलाज नहीं मिलेगा। खांसी, जुकाम, बुखार, गले में खराश, सीने में जकड़न जैसे लक्षणों के साथ पहुंचने वाले मरीजों को पंजीयन के दौरान ही मास्क दिया जाएगा। यह व्यवस्था सोमवार से अस्पताल में शुरू होने जा रही है। जिसके लिए सिविल सर्जन कार्यालय से आदेश जारी किए गए हैं। वायरल रोगियों को अस्पताल में मास्क अनिवार्य रूप से पहने रहना होगा। यह पहल मौसम में बदलाव से वायरल संक्रमण के बढ़ते खतरे को देखते हुए शुरू किया गया।



### कैसे फैलता है वायरल ?

*वायरल रोग संक्रमित के शारीरिक तरल पदार्थ के संपर्क में आने के कारण होता है। जब मरीज जम्हाई लेता है, छींकता है, खांसता है बात करता है तो भी उसके शरीर से तरल पदार्थों की छोटी छोटी फुहारें निकलती हैं। यह आसपास के लोगों में सांस की नली के द्वारा प्रवेश कर जाती हैं। जिससे स्वस्थ व्यक्ति भी संक्रमण की चपेट में आ जाता है।*

### दिए जाएंगे मास्क

अस्पताल में वायरल मरीजों को पंजीयन के दौरान ही मास्क दिए जाएंगे। जिससे अस्पताल में आए अन्य मरीजों व कार्यरत स्टाफ इन रोगों की चपेट में ना आए। यदि हर व्यक्ति खुद से ऐसे एहतियात बरते तो वायरल और फैलने वाले रोगों को सीमित किया जा सकता है।

**डॉ. राकेश श्रीवास्तव,** अधीक्षक, जेपी अस्पताल

### इसलिए जरूरी यह व्यवस्था

*विशेषज्ञों के अनुसार मौसम में लगातार हो रहे बदलावों से बैक्टीरिया व वायरस वातावरण में एक्टिव होने के लिए पर्याप्त है। यही नहीं इस मौसम में एक संक्रमित व्यक्ति से वायरल रोग तेजी से उसके संपर्क में आने वाले व्यक्तियों में फैलाता है।*



### हमीदिया अस्पतालः पर्चा बनाने नहीं लगना पड़ेगा लाइन में

हमीदिया अस्पताल में आने वाले मरीजों को नई व्यवस्था मिली। ओपीडी में आए तो उन्हें रजिस्ट्रेशन के लिए पर्चा बनवाने के लिए लंबी लाइन में नहीं लगना पड़ा। एक कर्मचारी ने ओपीडी काउंटर पर लगे कियोस्क पर उनका नाम पता और अन्य जानकारी भरकर उन्हें टोकन देकर आराम से बैठने को कहा। करीब 10 मिनट बाद मरीज को टोकन नंबर से बुलाकर उससे सिर्फ बीमारी की जानकारी ली और पर्चा बनाकर दे दिया। दरअसल हमीदिया अस्पताल में स्कैन एंड शेयर सुविधा की शुरुआत की गई। इसके तहत ओपीडी रजिस्ट्रेशन के लिए अब घंटों लाइन में लगने की जरूरत नहीं होगी। अब मरीज बैंकों की तर्ज पर मोबाइल या कियोस्क के माध्यम से टोकन नंबर दिया जाएगा।

### यह होगा फायदा

- घंटों लाइन में खड़ा होने की बाध्यता खत्म
- मरीजों को टेस्ट रिपोर्ट भी मोबाइल पर ही मिलेगी
- सारा डेटा ऑनलाइन होगा, इससे मरीजों को कागजात संभालने की झंझट खत्म होगी
- ओपीडी काउंटर पर मरीज सिर्फ मर्ज बताएगा और उसका पर्चा तैयार हो जाएगा।

### कैसे काम करेगा सिस्टम

हमीदिया में केंद्र सरकार के डिजिटल हेल्थ मिशन की शुरुआत की गई है। इसके तहत अस्पताल को आभा आईडी से जोड़ा गया है। इसके तहत रजिस्ट्रेशन एरिया में क्यूआर कोड और कियोस्क लगाए गए हैं। मरीज मोबाइल से क्यूकार कोड स्कैन कर आभा आईडी जनरेट कर लेंगे।

### टोकन जारी होंगे...

मरीजों की सुविधा के लिए डिजिटल हेल्थ मिशन के तहत स्कैन एंड शेयर की सुविधा शुरू की गई। इसके तहत अब मरीजों को बैंकों की तर्ज पर टोकन जारी किए जाएंगे। इससे मरीजों को घंटों लाइन में खड़े होने की परेशानी से निजात मिलेगी।

**डॉ. सुनीत टंडन,** अधीक्षक, हमीदिया अस्पताल



## डीपीआई के आसपास व्यवस्था बनाए रखने के लिए आदेश जारी

**भोपाल।** राजधानी स्थित लोक शिक्षण संचालनालय के आसपास के क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से विशेष कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं उपायुक्त जोन-2, नगरीय पुलिस भोपाल द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 अंतर्गत धारा-163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। यह प्रतिबंधात्मक आदेश 21 जुलाई 2025 से आगामी 2 माह तक प्रभावशील रहेगा। आदेश लोक शिक्षण संचालनालय परिसर से जुड़ने वाले चेतक ब्रिज रोड तक क्रियाशील रहेगा। यह आदेश आम नागरिकों की सुविधा को देखते हुए जारी किया गया है। आदेश के जरिए लोक शिक्षण संचालनालय के आसपास होने वाले धरना प्रदर्शनों को रोकने में मदद मिलेगी। यह आदेश भारतीय पुलिस सेवा के डॉ. संजय कुमार अग्रवाल, विशेष कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं उपायुक्त जोन-2, नगरीय पुलिस भोपाल के हस्ताक्षर से जारी हुआ है।

वंदे राष्ट्र मातरम प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न

## करुणाधाम में राष्ट्र की समृद्धि की कामना के साथ हुई पूर्णाहुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

करुणाधाम आश्रम में 3 दिन से चल रहे वंदे राष्ट्र मातरम प्रतिष्ठा महोत्सव में यज्ञ के दौरान शुक्रवार को पूर्णाहुति देकर राष्ट्रीय समृद्धि की कामना की गई। आहुतियो के क्रम में राष्ट्र के पुरुषार्थ और सशक्त व्यवस्थाओं के निष्पादन के यजुर्वेदीय मन्त्रों तथा वेदांग, स्मृतियों, पुराणों के राष्ट्र चिन्तन को समृद्ध करने वाली आहुतियो अर्पित की गई। शाम को मां महालक्ष्मी की भव्य महा आरती की गई और ऋतु फल का भोग लगाया गया। पीठाधीश्वर सुदेश शांडिल्य महाराज द्वारा श्रावण मास की प्रतिपदा तिथि को निमित्त मानकर भगवान शिव के 166 मन्त्रों की आहुतियां दी गई।

### महिलाओं ने वाद्य यंत्रों के साथ किया नृत्य

*महोत्सव में महिलाओं ने सौभाग्य वस्तु परस्पर प्रदान करते हुए वाद्य यंत्रों के साथ नृत्य किया। वहीं तीन से 9 वर्ष की कन्याओं को प्रसाद, वस्त्र, दक्षिणा देकर उनकी आरती की गई। त्रि दिवसीय इस अनुष्ठान में लगभग 10 हजार आहुतियां प्रदान कर राष्ट्र के पराक्रम और समृद्धि की कामना की गई।साथ ही उन्होंने पुलिस द्वारा राजधानी में कुछ वर्षों में हुए अपराधों का विश्लेषण किया। जिसमें पाया गया कि गंभीर अपराधों में संलिप्त आरोपियों की पृष्ठभूमि या नशे से जुड़ी हैं या नशे की हालत में अपराध करना स्वीकार किया।*

1 लाख 35 हजार 675 विद्यार्थियों ने कराया रजिस्ट्रेशन

## एमपी बोर्ड : बारहवीं की द्वितीय परीक्षा का 57.60% रहा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपी बोर्ड) ने कक्षा बारहवीं की द्वितीय परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित कर दिया है। इस परीक्षा में शामिल होने वाले कक्षा 10वीं, 12वीं के विद्यार्थी माशिमं की आधिकारिक वेबसाइट पर अपना परिणाम देख सकते हैं।

द्वितीय परीक्षा में 57.60 प्रतिशत छात्र-छात्राएं सफल हुए हैं। माशिमं से प्राप्त जानकारी के अनुसार, द्वितीय परीक्षा में शामिल होने के लिए कक्षा बारहवीं में कुल 1 लाख 35 हजार 675 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इसमें 75 हजार 175 छात्र और 60 हजार 500 छात्राएं हैं। परीक्षा में सिर्फ दो विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। 5 का रजिस्ट्रेशन निरस्त हुआ। फर्स्ट डिविजन 24 हिजार 728, सेकेंड डिविजन 52 हजार 966 और थर्ड डिविजन 457 विद्यार्थी पास हुए हैं। कुल 78 हजार 151 विद्यार्थी पास हुए हैं। वहीं 57 हजार 517 विद्यार्थी अनुउत्तीर्ण हैं। इसमें 33 हजार 442 छात्र और 24 हजार 75 छात्राएं हैं। इसके अलावा 38 हजार 438 स्वाध्यायी विद्यार्थियों में से 15 हजार 116 पास हुए हैं। बता दें कि माशिमं द्वारा कक्षा 10वीं की पूरक परीक्षाएं 17 से 26 जून, 2025 तक, जबकि एमपी बोर्ड कक्षा 12 की पूरक परीक्षाएं 17 जून से 5 जुलाई, 2025 तक आयोजित की गईं।

## मिशन अंकुर के मैदानी कार्यकर्ताओं का दो वर्षीय कार्यकाल पूरा

**भोपाल।** मप्र में बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान के लिए संचालित मिशन अंकुर कार्यक्रम के कुशल संचालन के लिए अगस्त-2023 से जिलों में कार्यरत निपुण प्रोफेशनल्स फैलोज़ का विदाई समारोह शुक्रवार को भोपाल के राज्य शिक्षा केन्द्र में आयोजित हुआ। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र हरजिन्दर सिंह ने विगत दो वर्षों में एफएलएन फैलोज़ द्वारा जिलों में किए गए कार्यों के लिए धन्यवाद दिया। विभाग की सहयोगी संस्था सेंट्रल स्क्वायर फांउडेशन के साथ विभाग ने देश दुनिया के उत्कृष्ट शैक्षिक संस्थानों से शिक्षित उर्जावान युवाओं को टीआईएसएस मुंबई के सहयोग से प्रदेश के विभिन्न जिलों में मिशन अंकुर के कुशल संचालन के लिए तैनात किया था।

सेवा का संकल्प जन कल्याण की पहल

## नर्मदापुरम के लिए कांवड़िए हुए रवाना, 28 को होगा अभिषेक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सेवा का संकल्प जन कल्याण समिति द्वारा श्रावण मास के शुभ अवसर पर नर्मदापुरम से भोपाल पैदल बाबा बटेश्वर कांवड़ा यात्रा 25 से 28 जुलाई तक आयोजित गई है। भोपाल रेलवे स्टेशन से रविवार को अमरकंटक एक्सप्रेस से 500 से अधिक कांवडिए बम-बम भोले के जयकारों के साथ नर्मदापुरम के लिए रवाना हुए। अध्यक्ष चेतन भार्गव एवं प्रकाश मालवीय ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर शहर के समाजसेवियों ने कांवड़ियों का पुष्प से स्वागत किया।

## नशा मुक्ति अभियान के तहत पुलिस कमिश्नर ने आरआईई के विद्यार्थियों को दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान नशे से दूरी है जरूरी में प्रतिदिन पुलिस जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर रही है। यह जागरुकता अभियान 15 जुलाई से शुरू हुआ था और 30 जुलाई तक चलाया जाएगा। अभियान के तहत रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन भोपाल में जन जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस कमिश्नर हरिनारायणाचारी मिश्र ने विद्यार्थियों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों एवं विकारों के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने पुलिस द्वारा राजधानी में कुछ वर्षों में हुए अपराधों का विश्लेषण किया। जिसमें पाया गया कि गंभीर अपराधों में संलिप्त आरोपियों की पृष्ठभूमि या नशे से जुड़ी हैं या नशे की हालत में अपराध करना स्वीकार किया।

'भोज जलपथ' राजधानी के भविष्य के विकास का आधार सेतु

# भोजताल पर सासंद का केबल-स्टे ब्रिज प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानीवासी दक्षिणी क्षेत्रों तक फैले वृहद औद्योगिक और रिहायशी विस्तार अब शहर के उत्तर दिशा में स्थित राजा भोज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सीधा, सुगम और समयबद्ध संपर्क चाहते हैं। इस आवश्यकता को देखते हुए प्रस्तावित वीआईपी रोड केबल-स्टे ब्रिज को राजधानी के भविष्य के विकास का आधार सेतु माना जा सकता है। भोपाल में पंजीकृत वाहनों की संख्या लगभग 15 लाख तक पहुंच चुकी है। राजधानी में औसतन 800 नए वाहन सड़कों पर उतरते हैं, जिससे वीआईपी रोड और लिंक रोड जैसे प्रमुख मार्गों पर अत्याधिक दबाव उत्पन्न हो रहा है। राजा भोज हवाई अड्डे पर 2024-25 में यात्रियों की संख्या 15.7 लाख रही, एक वर्ष में 20 फीसदी की वृद्धि, जिससे एयरपोर्ट कनेक्टिविटी की प्राथमिकता स्पष्ट होती है। 2025 के पहले 6 महीनों में ही 1,464 दुर्घटनाएं दर्ज की गईं जिनमें 131 मौतें हुईं, वीआईपी रोड, 10 नंबर और मंदाकिनी चौक जैसे क्षेत्रों में दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति चिंता का विषय बन रही है। अतः यातायात दबाव और वर्तमान परिवहन व्यवस्था को देखते हुए राजधानी को 'भोज जलपथ' जैसे उत्तिष्ठ मार्गों की आवश्यकता है।

### वैश्विक मानकों पर प्लान व डिजाइन किया जाए



*भोपाल की आत्मा जल में बसती है और विकास की गति सेतु में। 'भोज जलपथ' हमारी सांस्कृतिक पहचान और आधुनिक जरूरतों का सेतु है। सांसद द्वारा राजा भोज की स्थापत्य परंपरा को आज की गति से जोड़ने का यह प्रशंसनीय प्रयास, राजधानी के भविष्य की रेखा खींच रहा है, लेकिन आवश्यक यह है कि आगामी सभी अधोसंरचना और परियोजनाओं को वैश्विक मानकों पर प्लान व डिजाइन किया जाए।*

### प्रस्तावित केबल-स्टे ब्रिजः भविष्य की संरचना

दक्षिणी भोपाल को एयरपोर्ट और नॉर्थ भोपाल से जोड़ने वाला यह फ्लाईओवर समय की मांग है। वीआईपी रोड पर प्रस्तावित लगभग 2 किमी लम्बा केबल-स्टे ब्रिज वाहन भार को पुनर्वितरित कर पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील भोजताल क्षेत्र की रक्षा करेगा। वैश्विक दृष्टांत जैसे कि ब्रुनेई का तोकु सिटी ब्रिज और सिंगापुर का जोहोर लिंक हाईवे इस तरह की संरचना की व्यावहारिकता और सौंदर्य का प्रमाण हैं।

### 2025-26 की वार्षिक परियोजना में किया जाए शामिल

क्रेडाई भोपाल, लंबे समय से 'कमाल का भोपाल' अभियान के माध्यम से राजधानी में सुगम, सुरक्षित और स्मार्ट यातायात की वकालत करता आ रहा है। सांसद आलोक शर्मा द्वारा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के समक्ष प्रस्तुत 'कमाल का भोपाल' रिपोर्ट आधारित यह प्रस्ताव निश्चित ही स्वागत योग्य है, जो एक विजनरी और डेटा-सपोर्टेड सुझाव है। हम आग्रह करते हैं कि इस फ्लाईओवर को 2025-26 की वार्षिक परियोजना प्राथमिकताओं में शामिल किया जाए ,ताकि राजधानी का यातायात, व्यापार, निवेश और जीवन की गुणवत्ता में जरूरी सुधार हो।

**मनोज मीक,** फाउंडर, 'कमाल का भोपाल' अभियान

### हरिहर राष्ट्रीय नाट्य समारोह एवं भरतमुनि राष्ट्रीय संगोष्ठी का दूसरा दिन

# शेक्सपियर झंडू नाटक लिखता था... चितरंजन



रविंद्र भवन में आयोजित भरतमुनि राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'नाट्यशास्त्र की वर्तमान समय में उपयोगिता' विषय पर चितरंजन त्रिपाठी ने कहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

शेक्सपियर को महान नाटककार क्यों कहते हैं, ऐसे सवाल अक्सर शिक्षकों को अच्छे नहीं लगते थे, लेकिन जब मैं रंगकर्म सीख रहा था तब ऐसे ही सवाल करता था। उस दौर में शेक्सपियर के नाटक दुनिया भर में कैसे लोकप्रिय हो गए, इतनी सारी भाषाओं में उनका अनुवाद कैसे हुआ। जब मैं लंदन के शेक्सपियर ग्लोब थिएटर में अध्ययन करने के लिए गया तब शेक्सपियर का वास्तविक परिचय मुझे मिला और मैंने यह निष्कर्ष निकाला कि शेक्सपियर झंडू नाटक लिखता था...। क्योंकि उसके लिखे नाटकों से कई गुना बेहतर नाटक जिसमें नाट्य परम्परा के चार मुख्य तत्व अंगिक, वाचिक, आहार्य, और सात्विक शामित थे, जो हमारे नाट्य शास्त्र में थे। खासकर भरतमुनि के नाट्य शास्त्र में।

यह कहना है राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के निदेशक चितरंजन त्रिपाठी का, जो शुक्रवार को रविंद्र भवन में आयोजित भरतमुनि राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'नाट्यशास्त्र की वर्तमान समय में उपयोगिता' विषय पर बोल रहे थे।



## सत्य, धर्म और करुणा की पुनर्स्थापना करता है नाट्यशास्त्र



राष्ट्रीय संगोष्ठी के पहले सत्र में वाणी त्रिपाठी टिक्कू, दिल्ली ने नाट्यशास्त्र की समसामयिकता विषय पर कहा कि नाट्यशास्त्र सत्य, धर्म और करुणा की पुनर्स्थापना करता है। नाट्यशास्त्र बताता है कि मैं कौन हूं? नाट्यशास्त्र एक ग्रंथ नहीं बल्कि सांस्कृतिक दर्शन है।

## 510 का सभागार, नाटक देखने पहुंचे 1000 लोग

## मोहे पिया नाटक देखने सभागार की क्षमता से दोगुने दर्शक पहुंचे

हरिहर राष्ट्रीय नाट्य समारोह के दूसरे दिन की संध्या बेला में भास की कृति पर केंद्रित नाटक मोहे पिया का मंचन अदभुत रहा, जिसे देखने विशाल जनसैलाब उमड़ पड़ा। नाटक की लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इसे देखने सभागार की क्षमता से दोगुने दर्शक पहुंचे। कई नाट्यप्रेमियों को जगह नहीं मिली तो कई लोगों ने खड़े-खड़े नाटक देखा। प्रो.वामन केन्द्रे जैसे सुविख्यात नाट्य गुरु द्वारा निर्देशित इस नाटक की प्रस्तुति लम्बे समय तक याद रखी जाएगी।



## जब भीम ने घटोत्कच को दी युद्ध की चुनौती

महाभारत के एक प्रसंग पर आधारित, भास का यह नाटक घटोत्क और एक ब्राह्मण परिवार पिता, माता हिडम्बा और तीन पुत्र के बीच की मुठभेड़ को दर्शाता है, जो घने जंगल से गुजर रहे हैं। नाटक में दिखाया भीम, अपने वनवास के दौरान उसी जंगल में मौजूद है, कुरुक्षेत्र के युद्ध की तैयारी कर रहा है। घटोत्कच और मध्यमा संयोग से भीम के सामने आ जाते हैं। ब्राह्मण परिवार के अनुरोध पर भीम घटोत्कच को मध्यमा को छोड़कर उसके साथ जाने के लिए कहता है, लेकिन वह घटोत्कच को चुनौती देता है कि वह पहले उससे युद्ध जीते और फिर उसे अपने साथ ले जाए। पहुंचने पर हिडिम्बा और भीम एक दूसरे को पहचान लेते हैं। वह घटोत्कच को बताती है कि भीम उसके पिता हैं।



*भरतमुनि राष्ट्रीय संगोष्ठी में आए वामन केंद्रे ने हरिभूमि से बातचीत में कहा*

## जब पेरिस और बर्लिन में 40 रेपर्टरी तो भारत जैसे विशाल देश के प्रत्येक प्रदेश में कई रेपर्टरी होनी चाहिए...

◆ रेपर्टरियां राज्य सरकार द्वारा संचालित हो और केंद्र से सहयोग दिया जाए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

हरिभूमि चर्चा

भारत भवन के पास अपना स्वयं का रंगमंडल है और मैं तो केवल एक रेपर्टरी की बात नहीं कर रहा, बल्कि मैं कई रिपर्टरियों की बात कर रहा हूं और हर एक प्रदेश में कई रेपर्टरी होनी चाहिए। क्योंकि जब आप विदेश जाएंगे चाहे बर्लिन हो या पेरिस हो वहां 40-40 तक रेपर्टरियां मौजूद हैं। तो ऐसे में भारत जैसे विशाल कला प्रेमी देश में तो हर एक राज्य में कई रेपर्टरियां होना आवश्यक है, जो राज्य सरकार द्वारा संचालित हो और केंद्र से सहयोग दिया जाना चाहिए।

यह कहना है भारतीय नाट्य निर्देशक और शिक्षाविद, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) के पूर्व निदेशक पद्मश्री वामन केंद्रे का, जो रविंद्र भवन में आयोजित भरतमुनि राष्ट्रीय संगोष्ठी में आए, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा भारत भवन में रेपर्टरी खोलने के सवाल पर हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने उपरोक्त कथन कहे।



### महाराष्ट्र में भी हिंदी बाजार की भाषा है...

महाराष्ट्र में हिंदी के विरोध संबंधी प्रश्न पर उन्होंने कहा कि हिंदी का विरोध सही नहीं है। महाराष्ट्र में भी हिंदी बाजार की भाषा है। जिसे अधिकांश मराठियों द्वारा बोली जाती है, क्योंकि हिंदी अधिकतर प्रदेशों में बोली जाने वाली प्रमुख भाषा है और महाराष्ट्र में पहली कक्षा से चौथी कक्षा तक मराठी और उसके बाद तो सभी हिंदी लेते ही हैं, तो हिंदी का विरोध सही नहीं है।

### भरतमुनि पर आधारित, राष्ट्रीय संगोष्ठी करना अपने आप में एक नई नींव की शुरुआत

श्रीमद् भगवतगीता और नाट्य शास्त्र को यूनेस्को ने समझा और सराहा है। यह हमारे लिए गर्व की बात की है और इसकी वजह इनका व्यापक प्रचार प्रसार है और भरतमुनि पर आधारित यह राष्ट्रीय संगोष्ठी करना अपने आप में एक नई नींव की शुरुआत है। हमारे पास प्राचीन काल से चला आ रहा नाट्यशास्त्र है, कितने लोगों ने इसे पढ़ा है, सही रूप से समझा है, या समझने की कोशिश की है, लेकिन इस तरह की संगोष्ठियों से नाट्यशास्त्र को लेकर कई तरह के प्रवाह खुलेंगे, भ्रांतियों का अंत होगा, बल्कि मैं कहूंगा कि कई प्रवाह खुले हैं जिसे आज मैंने इस संगोष्ठी में उपस्थित होकर देख लिया।

**अपनी प्राचीन संस्कृति से प्रभावित होकर मध्यम व्यायोग की तीन भाषाओं में की रचना**

भास रचित मध्यम व्यायोग को तीन भाषाओं में रचना करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि क्योंकि मैं एनएसडी का विद्यार्थी रहा हूं और नाट्यशास्त्र हमेशा से मेरे दिल के करीब रहा है और मैं एक किसान परिवार से हूं। एक गांव का होने की वजह से जड़ों से जुड़ा हुआ व्यक्ति हूं, इसलिए मुझे पश्चिमी संस्कृति से पहले अपने प्राचीन संस्कृति ने ज्यादा प्रभावित किया है और जब मैंने भास रचित मध्यम व्यायोग नाट्यशास्त्र को पढ़ा, तो मुझे लगा कि इसे तीन अलग-अलग भाषाओं में लिखा जाना चाहिए। पहले मराठी फिर हिंदी में और फिर मुझे लगा कि इसे विदेशों में भी पढ़ाया जाना चाहिए तब जाकर मैंने इसका अंग्रेजी अनुवाद भी किया।

**भास के मध्यम व्यायोग की महिला पात्र हिडम्बना ने किया मुझे आकर्षित...**

संगीत नाटक अकादमी और मध्य प्रदेश सरकार का राष्ट्रीय कालिदास सम्मान से सम्मानित वामन केंद्रे कहते हैं कि मैंने संस्कृत नाटककार भास के मध्यम व्यायोग को तीन अलग-अलग भाषाओं में रूपांतरित किया। अंग्रेजी में ओ माई लव, हिंदी में मोहे पिया और मराठी में पिया बावरी.... क्योंकि यह एक महिला पात्र हिडम्बना के जीवन पर आधारित है और इस पात्र ने मुझे काफी आकर्षित भी किया और इन सभी भाषाओं में जुलाई 2011 में एनसीपीए नेशनल सेंटर फॉर प्रोग्रामिंग आर्ट में एक ही थिएटर ग्रुप के लोगों ने एक ही समय पर एक ही स्थान पर इन तीनों नाटकों की प्रस्तुति देकर अपने आप में एक वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।

## मेट्रोनोम की स्क्रीनिंग: एक साहसी सिनेमाई प्रयोग जिसने दर्शकों को भीतर तक झकझोर दिया



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी के एक निजी सिनेमा हॉल में अडांज स्टूडियो और विहान पिक्चर वर्क्स द्वारा निर्मित फिल्म मेट्रोनोम का भव्य प्रीमियर आयोजित किया गया।

यह फिल्म न सिर्फ़ अपने विषयवस्तु में अलग रही, बल्कि प्रस्तुति, अभिनय और संवेदना में भी दर्शकों की गहरी सराहना बटोरने में सफल रही। मेट्रोनोम एक युवा गिटारिस्ट की कहानी है, जो स्किजोफ्रेनिया से जूझते हुए एक रॉक बैंड बनाने के सपने को साकार करना चाहता है।

फिल्म मानसिक स्वास्थ्य जैसे गंभीर विषय को कलात्मक गहराई के साथ छूती है, और संगीत को आत्मा की भाषा की तरह इस्तेमाल करती है। दर्शकों को यह कहानी कहीं भीतर तक प्रभावित कर गई, कई दृश्य ऐसे थे जहां सिनेमा हॉल की खामोशी बोल रही थी।

*मप्र हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम ने किया आयोजन*

## गौहर महल में राज्य स्तरीय सावन मेला आज से होगा शुरू, प्रदेश के 60 शिल्पी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

बड़ी झील किनारे स्थित ऐतिहासिक गौहर महल में 26 जुलाई से सावन मेले का रंगारंग आगाज होने जा रहा है। मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम द्वारा आयोजित यह राज्य स्तरीय मेला 10 अगस्त तक चलेगा। मेले में प्रदेशभर के बुनकर और शिल्पकार अपनी अद्वितीय कलाकृतियों का प्रदर्शन करेंगे। सावन के उत्सव को लोककला, शिल्प और परंपरा से जोड़ते हुए यह मेला हर साल की तरह इस बार भी खरीदारों और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। सावन मेले का उद्देश्य प्रदेश के कारीगरों और बुनकरों को सीधे बाजार उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें अपने उत्पादों का उचित मूल्य मिल सके और उनकी आजीविका को संबल मिले। साथ ही भोपाल सहित आसपास के जिलों के लोग एक ही स्थान पर प्रदेश के विभिन्न अंचलों की कला, संस्कृति और शिल्प का आनंद ले सकें।

### 60 शिल्पकार होंगे शामिल

मेले में 60 से अधिक शिल्पकार अपने स्टॉल लगाएंगे। खास बात यह है कि इस वर्ष मेले में चंदेरी, महेश्वरी, सौसर की सिल्क और कॉटन साड़ियां, कुर्ती, ड्रेस मटेरियल का लेटेस्ट कलेक्शन प्रदर्शित किया जाएगा। इन पारंपरिक वस्त्रों की मांग देशभर में बनी रहती है। मेले के प्रभारी अरविंद शर्मा ने बताया कि मेले में चंदेरी और महेश्वरी के बुनकर अपनी नई डिजाइन की साड़ियां लेकर आएंगे, वहीं बनारसी सिल्क के भी आकर्षक परिधान लोगों के आकर्षण का केंद्र होंगे।

*भारत भवन में फिल्म 'मिलन' का प्रदर्शन*

## भारतीय परंपरा और जीवन दर्शन को प्रभावशाली ढंग से किया प्रस्तुत



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

भारत भवन के अंतरंग सभागार में चल रहे नूतन पर एकाग्र चार दिवसीय फिल्म समारोह के दूसरे दिन शुक्रवार को सुप्रसिद्ध फिल्म 'मिलन' का प्रदर्शन किया गया। छवि प्रभाग द्वारा संयोजित इस विशेष फिल्म समारोह में हिन्दी सिनेमा की सदाबहार और प्रतिभाशाली अभिनेत्री नूतन के अभिनय को केन्द्र में रखकर उनकी चुनिंदा फिल्मों का प्रदर्शन किया जा रहा है। समारोह में दर्शकों की उपस्थिति यह दर्शा रही है कि आज भी नूतन का अभिनय और उनकी फिल्में दर्शकों के दिलों पर उसी तरह राज करती हैं, जैसे उनके समय में किया करती थीं।

### नूतन और सुनील दत्त के शानदार अभिनय से सजी फिल्म



वर्ष 1967 में रिलीज हुई इस फिल्म का निर्देशन ए. सुब्बाराव ने किया था। यह फिल्म नूतन और सुनील दत्त के शानदार अभिनय के लिए जानी जाती है। फिल्म की कहानी गंगा नदी के किनारे बसे गांव और उसके लोगों की पृष्ठभूमि पर आधारित है। कहानी का प्रमुख पात्र गोपी (सुनील दत्त) एक नाविक है, जो काशी में लोगों को नाव से पार लगाता है। उसका विवाह राधा (नूतन) से होता है। शादी के कुछ वर्षों बाद राधा की मृत्यु हो जाती है, लेकिन उसका पुनर्जन्म होता है और वह फिर से अपने पिछले जन्म के पति गोपी को याद करती है।



## दुष्यंत संग्रहालय में 'लगता है कि तुम हो' और 'खामोश आवाज' की विशेष स्क्रीनिंग

**भोपाल।** राजधानी स्थित साहित्यिक व सांस्कृतिक मंच मध्यावर्त द्वारा शुक्रवार को दुष्यंत कुमार संग्रहालय में दो लघु फिल्मों 'लगता है कि तुम हो' और 'खामोश आवाज' की विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया। युवा फिल्मकार प्रशस्त और छायाकार प्रियांशु ठाकुर द्वारा निर्देशित इन फिल्मों में 1950 के दशक के भोपाल की आत्मा, स्थापत्य और सांस्कृतिक बनावट को चित्रित किया गया है।

■ 1950 के दशक के भोपाल की सांस्कृतिक बनावट को चित्रित किया

### समाज में व्याप्त मौन पीड़ा और अनसुनी आवाजों को रेखांकित करती 'खामोश आवाज'

'लगता है कि तुम हो' प्रसिद्ध शायर जां निसार अख्तर की गजल पर आधारित एक भावनात्मक प्रस्तुति है, जिसका गायन, संगीत निर्देशन और संयोजन मशगूल मेहरबानी और उनकी टीम मेहर द बैंड ने किया है। संगीत और छायांकन के माध्यम से इस रचना को एक नया जीवन मिला है। वहीं, 'खामोश आवाज' एक ऐसी लघु फिल्म है, जो हमारे समाज में व्याप्त मौन पीड़ा और अनसुनी आवाजों को रेखांकित करती है। इस आयोजन में भोपाल के अनेक साहित्यप्रेमी, कलाकार, लेखक और युवा दर्शक एकत्रित हुए और दोनों फिल्मों की सृजनात्मकता की मुक्तकंठ से सराहना की।

## रोटरी क्लब स्मार्ट सिटी की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

रोटरी क्लब स्मार्ट सिटी की वार्षिक इंस्टालेशन सेरेमनी कोलार के एक निजी होटल में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष रोटेरियन असीम जिंदल, सचिव रोटेरियन हरमिंदर सिंह हूरा एवं नई कार्यकारिणी ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। समारोह में मुख्य अतिथि मंडलाध्यक्ष रोटेरियन सुशील मल्होत्रा, मंडलाध्यक्ष निर्वाचित रोटेरियन मुकेश साहू एवं



असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन कुणाल सिंघल उपस्थित रहे। स्थापना अधिकारी रोटेरियन मुकेश साहू ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान



**भोपाल।** अरेरा कॉलोनी के पार्क क्रमांक 1 एवं 2 में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत लोगों ने अपनी मां के नाम पर एक पौधे का रोपण किया और अपने पूर्वजों का पावन स्मरण भी किया।

*अखिल भारतीय हिंदी महोत्सव तूर्यनाद का आयोजन 12 से 14 सितंबर को*

## मैनिट में तूर्यनाद की तैयारियां प्रारम्भ... पोस्टर टीजर और वेबसाइट का हुआ विमोचन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मैनिट में अखिल भारतीय हिंदी महोत्सव तूर्यनाद का आयोजन 12 से 14 सितंबर तक किया जाएगा। इसके पोस्टर, टीजर और वेबसाइट का विमोचन राज्य निर्वाचन आयुक्त व लेखक मनोज श्रीवास्तव, संस्थान के निदेशक प्रो केके शुक्ल, राजभाषा अधिकारी डॉ. सविता दीक्षित तथा तूर्यनाद के संस्थापक सदस्य आशुतोष सिंह ठाकुर द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि वे प्रारंभ से तूर्यनाद की उपलब्धियों के साक्षी रहे हैं। ये केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारतीयों में व्याप्त मानसिक दासता को समाप्त कर वैचारिक और भाषाई स्वराज लाने का अप्रतिम अभियान है। निदेशक प्रो. शुक्ल ने कहा कि उन्हें गर्व है कि तूर्यनाद किसी भी शैक्षणिक संस्थान द्वारा आयोजित सबसे बड़ा हिंदी महोत्सव है।




**1 अगस्त से तूर्यनाद के पंजीयन शुरू, 1.8 लाख की पुरस्कार राशि**

तूर्यनाद की पंजीयन प्रक्रिया 1 अगस्त से आरंभ होने जा रही है। विश्वभर के कोई भी महाविद्यालयीन विद्यार्थी इसमें निःशुल्क पंजीयन कर सकते हैं। इन विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए कुल पुरस्कार राशि 1.8 लाख है।

**तूर्यनाद के मुख्य आकर्षण व प्रतियोगिताएं**

इसमें देशभर के प्रतिभागी अपनी रचनात्मकता, कला, विचार एवं प्रस्तुति कौशल को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करेंगे। इसके अंतर्गत कुल 13 साहित्यिक व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जैसे छात्र संसद, शास्त्रार्थ, भाषण, लेखन (ऑनलाइन व ऑफलाइन), कवि सम्मेलन, नृत्य, गायन, परिधानिका (स्वदेशी फैशन शो), सृजन (चित्रकला, डिजाइन व फोटोग्राफी), नुक्कड़ नाटक, चक्रव्यूह (ट्रेजर हंट) एवं अभिव्यक्ति (ओपन माइक)। साथ ही गैर-हिंदी भाषी छात्रों के लिए रोचक प्रतियोगिता खिचड़ी और भाषा-संगम जैसे समावेशी कार्यक्रम भी होंगे।



# वॉर 2 का ट्रेलर रिलीज, ऋतिक और जूनियर एनटीआर के बीच दिखी टक्कर

**मुंबई।** दर्शकों का इंतजार खत्म हुआ और ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वॉर 2' का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज हो गया। ट्रेलर ऋतिक और जूनियर एनटीआर के बीच जबरदस्त क्लैश देखने को मिली, जो ये सबूत देती है कि फिल्म में दोनों के बीच हाई लेवल एक्शन देखने को मिलेगा। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होते ही अब सोशल मीडिया पर भी छा गया है। अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित 'वॉर 2' स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पहले 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। ट्रेलर की शुरुआत होती है ऋतिक रोशन के वॉइस ओवर और उनके इंटेंस लुक के साथ। चेहरे पर हल्का सा खून लगे ऋतिक एक भेड़िये के साथ नजर आते हैं। साथ में उनका वॉइस ओवर है जिसमें वो अपनी शपथ को दोहराते हैं। इसमें ऋतिक कहते हैं 'मैं शपथ लेता हूं कि मैं अपना नाम, अपनी पहचान, अपना घर-परिवार सब त्यागकर एक गुमनाम, बेनाम अनजान साया बन जाऊंगा।' इसके बाद दिखते हैं जूनियर एनटीआर और इसी तरह की एक शपथ जूनियर एनटीआर भी दोहराते हैं।

लाइफ Style

# किआरा

## बिकिनी अवतार में फिर मचाई धूम



एजेंसी ▶▶ मुंबई

किआरा आडवाणी की झलक पहले ही 'वॉर 2' के टीजर में दिखाई जा चुकी है। कुछ सैकेंड्स की किआरा की झलक ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया था। वहीं शुक्रवार को वॉर 2 के ट्रेलर में उनका बिकिनी लुक एक बार फिर से सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस साल की शुरुआत में जब वॉर 2 का टीजर रिलीज हुआ, तो किआरा आडवाणी के शानदार लुक ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया।

शुक्रवार को फिल्म का ट्रेलर रिलीज होने पर प्रशंसकों ने किआरा के दमदार अवतार की जमकर तारीफ की। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के साथ-साथ किआरा के एक्शन सीन और आकर्षक लुक ने सबका ध्यान खींचा। हाल ही में मां बनीं किआरा वॉर 2 के ट्रेलर में बिकिनी में अपनी टोन्ड बॉडी और आत्मविश्वास के साथ नजर आईं। उनका यह लुक प्रशंसकों को बहुत पसंद आया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उनके स्क्रीनशॉट वायरल हो गए।

कुछ लोग उन्हें 'सबसे हॉट' बता रहे हैं, तो कुछ का कहना है कि उनका एक्शन से भरा किरदार सभी को हैरान कर देगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फैशन स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ अदजानिया ने किआरा का लुक डिजाइन किया है। उन्होंने बताया कि किआरा का बिकिनी लुक एक खास रंग में है - न हरा, न पीला, बल्कि इनके बीच का एक अनोखा रंग जो सभी को आकर्षित करता है। अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी वार यशराज फिल्म्स की स्पाई यूनिवर्स की छठी फिल्म है, जो 2019 की सुपरहिट फिल्म वॉर की अगली कड़ी है। यह एक एक्शन फिल्म है। फिल्म की रिलीज को लेकर प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। । ट्रेलर में किआरा आडवाणी भी जबरदस्त एक्शन करती नजर आई हैं। बंदूक चलाने से लेकर फाइट करने तक किआरा का दमदार अंदाज देखने को मिला है।

## हॉलीवुड मसाला



# भारत में ये फिल्म 17 हफ्ते रही हाउसफुल

**नई दिल्ली।** 31 साल पहले जब स्टीवन स्पीलबर्ग की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'जुरासिक पार्क' भारत में रिलीज हुई, तो इसने दर्शकों के बीच ऐसा जादू बिखेरा कि सिनेमाघरों में हाउसफुल का रिकॉर्ड टूट गया। साल 1994 में मुंबई के स्टर्लिंग थिएटर में इस फिल्म की रिलीज के दौरान लंबी-लंबी कतारें देखी गईं, जो वीटी स्टेशन तक फैली हुई थीं। यह फिल्म लगातार 17 हफ्तों तक हाउसफुल रही और कुल 25 हफ्तों तक सिनेमाघरों में चलती रही। जुरासिक पार्क की इस शानदार सफलता ने न केवल भारत में हॉलीवुड फिल्मों की लोकप्रियता को बढ़ावा दिया, बल्कि यह यूनिवर्सल पिक्चर्स की भारत के साथ पहली बड़ी साझेदारी भी थी।



# हैली बीबर को हुआ था मौत के करीब होने का एहसास

**लॉस एंजिल्स।** देश-दुनिया में अपने गानों और पर्सनल लाइफ के लिए फेमस जस्टिन बीबर की वाइफ हैली बीबर ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। दोनों के घर पिछले साल बेटे का जन्म हुआ था। उसका नाम जैक ब्लूज रखा था। अब हैली ने बताया कि कैसे बेटे की डिलीवरी उनके लिए मौत के करीब का अनुभव था। उनका एम्नियोटिक फ्लूड ड्यू डेट से पहले ही लीक हो गया था और बेटे को जन्म देने के बाद भी लगातार ब्लीडिंग हो रही थी। हैली बीबर ने बताया कि समय से पहले एम्नियोटिक फ्लूड लीक होने के बाद उन्हें डॉक्टर के पास ले जाया गया। डॉक्टर ने ऑक्सीटोसिन का इस्तेमाल करके प्रसव पीड़ा करने का फैसला किया। उन्होंने ये भी बताया कि डॉक्टर्स ने एक 'फोली बैलून' एक कैथेटर जैसी डिवाइस उनके यूट्रस में डाल दी और गर्भाशय ग्रीवा (सर्विक्स) को फैलाने के लिए उसमें सलाइन का घोल भर दिया। सर्विक्स गर्भाशय का निचला हिस्सा होता है, जो योनि से जुड़ता है और डिलीवरी के दौरान बच्चे के बाहर निकलने का रास्ता होता है। हैली ने उस दर्दनाक पलों को याद करते हुए कहा, 'ये मेरी लाइफ की सबसे दर्दनाक घटना थी।



# इब्राहिम और काजोल की अदाकारी ने जीता दिल

**मुंबई।** बॉलीवुड की बेहतरीन अभिनेत्री काजोल, साउथ के अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन और इब्राहिम अली खान की अदाकारी वाली फिल्म सरजमीं 25 जुलाई को रिलीज हो गई है। फिल्म कश्मीर की पृष्ठभूमि पर आधारित है। एक्शन थ्रिलर फिल्म में देशभक्ति भी दिखाई गई है। फिल्म को देखने के बाद कई दर्शक इस पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक यूजर ने लिखा 'सरजमीं ने मुझे रुला दिया। फिल्म ने जो संदेश दिया है, इसके लिए उसकी तारीफ की जानी चाहिए। काजोल का अंत का खास दृश्य सिनेमा हॉल की सीटियों और जयकारों का हकदार है। इस किरदार को निभाने के लिए शुक्रिया। आपने एक बार फिर साबित कर दिया कि भावनाओं और गुस्से से भरी भूमिका में आप कमाल कर देती हैं। एक और दर्शक ने फिल्म में काजोल की तारीफ की है।



# भारतीय जोड़ों की जिंदगी से जुड़ी है कहानी

**मुंबई।** विजय सेतुपति और नित्या मेनन की फिल्म 'थलाइवन थलाइवी' शुक्रवार 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म को देख कर दर्शक एक्स पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने फिल्म की जमकर तारीफ की है। उन्होंने एक्स पर लिखा है 'थलाइवन थलाइवी फिल्म कुछ ही सिनेमाघरों में क्यों लगाई गई है? भारतीय जोड़ों को यह फिल्म बहुत पसंद आएगी। यह उनकी जिंदगी से जुड़ी है।' एक एक्स यूजर ने फिल्म में विजय सेतुपति की तारीफ करते हुए लिखा है 'विजय सेतुपति ने हमें मर्दाना रूढ़ियों के बजाय भरोसेमंद नायक दिया है। थलाइवन थलाइवी में उन्होंने ऐसा ही किरदार निभाया है।' एक और सोशल मीडिया यूजर ने लिखा है 'थलाइवन थलाइवी पारिवारिक दर्शकों के लिए बहुत अच्छी फिल्म है।

## टीवी मसाला



# टीआरपी लिस्ट में ये रिश्ता क्या कहलाता है ने मारी बाजी

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ हफ्तों से टॉप पोजिशन पर तारक मेहता का उल्टा चश्मा बना हुआ था, लेकिन इस हफ्ते ये रिश्ता क्या कहलाता है ने मारी बाजी है। वहीं, रुपाली गांगुली का पॉपुलर सीरियल तमाम ट्विस्ट के बावजूद पिछड़ रहा है। वह फिर से टॉप पोजिशन हासिल नहीं कर पा रहा है। 28वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में ये रिश्ता क्या कहलाता है ने टॉप पोजिशन हासिल की है। इसकी टीआरपी 2.1 की रही है। वहीं, रुपाली गांगुली का सीरियल अनुपमा 2.1 की ही टीआरपी के साथ दूसरे नंबर है। सीरियल अनुपमा में कई ट्विस्ट आ रहे हैं, मगर सीरियल पहले की तरह टॉप पोजिशन हासिल नहीं कर पा रहा है। पिछले कुछ हफ्तों से सीरियल तारक मेहता का उल्टा चश्मा टीआरपी लिस्ट में टॉप पर बना हुआ था। मगर इस हफ्ते यह टीआरपी लिस्ट में तीसरे स्थान पर है। कुछ दिन पहले इस कॉमिक शो में हॉरर एंगल शामिल किया गया, जिसे दर्शकों को काफी पसंद किया था। यह सीरियल लगभग 17 साल से टीवी पर टेलीकास्ट हो रहा है। इस हफ्ते इसकी टीआरपी 2.1 रही है।

## टीवी का वो शो जिसके डायरेक्टर ने हर आर्टिस्ट को दी थी गिफ्ट में कार

**नई दिल्ली।** 90 के दशक में कई ऐसे टीवी सीरियल्स आए, जिसने लोगों को अपना दीवाना बना दिया। यही नहीं, जब भी लोग इन सीरियल्स के एपिसोड को देखते थे, उनका हंस- हंस कर पेट में दर्द हो जाता था। ऐसे ही एक सीरियल की हम बात कर रहे हैं, जिसके हर किरदार को लोगों ने पसंद किया। लोगों ने इस सीरियल को इस कदर पसंद किया कि डायरेक्टर को एपिसोड की संख्या बढ़ानी पड़ी। बता दें, इस शो के सफल होने पर डायरेक्टर ने अपने हर एक कलाकार को मारुति कार तोहफे में दी थी।



जिस शो की हम बात कर रहे हैं, उसका नाम 'देख भाई देख' था, जो 31 साल पहले 6 मई को आया था। इसमें तीन पीढ़ियों वाले एक परिवार और उनकी परेशानियां को काफी मजेदार अंदाज में दिखाया गया था। उस समय दर्शकों को यह शो काफी पसंद आया था। उस जमाने में जब टीवी शोज पर 13 एपिसोड की सख्त पाबंदी थी. ऐसे में 'देख भाई देख' को 26 एपिसोड के साथ पेश किया गया था, जिसका एक एपिसोड हर हफ्ते दूरदर्शन पर प्रसारित होता था।

# तन्वी द ग्रेट के फ्लॉप होने से टूट गए अनुपम



**मुंबई।** अनुपम खेर तकरीबन 23 साल बाद निर्देशक की कुर्सी पर दोबारा बैठे और तन्वी द ग्रेट नाम की फिल्म लाए। फिल्म को रिलीज हुए अब एक हफ्ते का समय बीत चुका है, लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखा पाई। यही नहीं लगभग 50 करोड़ रुपए के बजट से बनी यह फिल्म एक हफ्ते में बॉक्स ऑफिस पर 2 करोड़ रुपए की भी कमाई नहीं कर पाई है। अनुपम खेर इस फिल्म में निर्देशक और अभिनेता होने के साथ-साथ प्रोड्यूस भी हैं। ऐसे में फिल्म के बॉक्स ऑफिस पर सफल न हो पाने से अनुपम खेर निराश है। उनका कहना है कि वो अभी तक एक्टर्स की फीस भी नहीं दे पाए हैं। एक बातचीत में अनुपम खेर ने तन्वी द ग्रेट के बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन न कर पाने पर निराशा जताई। निर्देशक-निर्माता ने कहा कि तन्वी ने कोई जबरदस्त कलेक्शन या कुछ भी नहीं दिया है। पिछले 10 साल से सिनेमा बिजनेस की तरह हो गया है। हमें लगता है कि अगर फिल्म की कमाई अच्छी नहीं हुई तो मतलब फिल्म अच्छी नहीं है। मैं भी इस बिजनेस वर्ल्ड का हिस्सा हूं। लेकिन, जब हमने बजट बनाया वो 50 करोड़ के आस-पास हुआ। एक जेंटलमेन थे, जिन्होंने कहा कि वह 50 प्रतिशत देंगे बजट का जो कि एक बड़ा अमाउंट है। सब तैयारी हो गई और फिर शूट से 1 महीने पहले मुझे बताया गया कि वह फिल्म को फाइनेंस नहीं कर पाएंगे। अचानक फाइनेंसर के पीछे हटने से अनुपम को दूसरे स्वतंत्र फाइनेंसर पर निर्भर होना पड़ा। इसको लेकर अनुपम का कहना है कि मैंने भारत के अलावा यूएस में भी अपने कुछ दोस्तों को कॉल किया। हमारी फिल्म के 10 को-प्रोड्यूसर्स थे। यह एक तरह क्राउड फंडिंग है। मैंने उन्हें फिल्म का सिनोप्सिस भेजा और उनका फिल्म से कोई लेना-देना नहीं था। वो सभी बिजनेसमैन हैं और सिर्फ बैंक में काम करते हैं या डॉक्टर्स हैं। मैंने उन्हें कहा कि जब फिल्म रिलीज होगी तब मैं पैसे वापस कर दूंगा।

# रिलीज हुई लोककथाओं में लिपटी मर्डर मिस्ट्री

**मुंबई।** नेटफ्लिक्स पर आई नई माइथोलॉजिकल सस्पेंस थ्रिलर सीरीज मंडला मर्डर आपको सीधे चरणदासपुर गांव की रहस्यमयी गलियों में ले जाती है। ये कहानी है ऐसी जगह की, जहां सदियों पुरानी लोककथाएं, खून से सनी बलि-प्रथाएं और पुलिस की तफ्तीश, सब एक ही धागे में गुथे हुए हैं। आठ एपिसोड की इस सीरीज में आपको 1950 के दशक से लेकर 2025 के मॉडर्न दौर तक टाइम-ट्रैवल पर टाइम-ट्रैवल मिलता है-और हर एपिसोड में एक नया राज सामने आता है।

**कहानी** : *गांव में एक के बाद एक खौफनाक मर्डर हो रहे हैं, हर बार लाश से कोई न कोई अंग गायब मिलता है। लोकल पुलिस परेशान है। इसी बीच दिल्ली से तेज-तर्रार सीबीआई अफसर रिया (वाणी कपूर) बुलाया जाता है, जो केस को अपने ढंग से सुलझाने की कोशिश करती है। एक सस्पेंडेड पुलिस अफसर विक्रम (वैभव गुप्ता) इसमें रिया की मदद करता है। दोनों जैसे-जैसे आगे बढ़ते हैं, केस और भी खौफनाक मोड़ लेने लगता है।*



**अभिनय** : सुरवीन चावला ने अपने किरदार में जान डाल दी है। वैभव गुप्ता की आंखों में जो गुस्सा और टूटा हुआपन दिखता है, वो दिल को छूता है। वाणी कपूर ने भी सीबीआई अफसर के रोल में अच्छा काम किया है, बस उनका ट्रैक थोड़ा अधूरा सा लगता है, लेकिन बोर नहीं करता। कहानी थोड़ी अलग है। कैमरा वर्क और लोकेशन्स जैसे कि गांव की गलियां, पुरानी हवेलियां और डरावने जंगल वाकई लाजवाब हैं। सीरीज का लुक एंड फील एकदम ग्रिपिंग है।

**कमजोरी** : कहानी में इतने पेंच हैं कि कई बार दिमाग चकरा जाता है। असली विलेन कौन है, ये समझते-समझते काफी वक्त लग जाता है। कुछ एपिसोड थोड़े स्लो लग सकते हैं, खासकर अगर आप बिंज-वॉच के मूड में हो तो धैर्य रखना जरूरी है। क्लाइमैक्स की बात करें तो वो थोड़ा हल्का-सा लगता है, मतलब शुरुआत जितनी डरावनी थी, एंडिंग उतनी दमदार नहीं है।

## कहानी ने छू लिया था लोगों के दिलों को, झटक लिए थे 49 अवॉर्ड

# 12 साल पहले सैयारा जैसा ही था इस मूवी का क्रेज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अहान पांडे और अनीत पड्डा की रोमांटिक फिल्म सैयारा का खुमार लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म दनादन नोट छाप रही है। ऐसा ही क्रेज 12 साल पहले एक फिल्म का भी था, जिसने बॉक्स ऑफिस पर अंधाधुंध कमाई की थी। अवॉर्ड जीतने के मामले में तो इतिहास ही रच दिया था। हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं, उसका नाम है 'आशिकी 2'। 'आशिकी 2' एक रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा फिल्म है, जिसका डायरेक्शन मोहित सूरी ने किया है। इसमें आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर लीड किरदारों में नजर आए थे। यह एक ऐसी लव स्टोरी फिल्म है, जिसकी कहानी ने लोगों के दिलों को छू लिया था।. खास यंगस्टर्स के बीच इसका खूब क्रेज देखने को मिल था।

### बजट से सात गुना की थी कमाई

बॉक्स ऑफिस इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर की 'आशिकी 2' 15 करोड़ रुपए के बजट में बनी थी। भारत में फिल्म ने 78.64 करोड़ और दुनियाभर में 109 करोड़ रुपए का बिजनेस किया था। फिल्म ने वर्ल्डवाइड 7 गुना से ज्यादा कमाई की थी। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ब्लॉकबस्टर रही। आईएडीबी के मुताबिक, मोहित सूरी के डायरेक्शन में बनी 'आशिकी 2' ने टोटल 49 अवॉर्ड जीते थे। आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर की फिल्म की रेटिंग 10 में से 7.1 है। इसकी कहानी आज भी लोगों के दिलों बसी हुई है।



### सुपरहीट हुए थे गाने

जैसा क्रेज इन दिनों अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म 'सैयारा' का है, वैसे ही क्रेज साल 2013 में 'आशिकी 2' को लेकर भी देखने को मिला था। 'तुम ही हो, सुन रहा है, चाहू मैं या ना, मेरी आशिकी, बुला देना जैसे गाने सुपरहिट हुए थे। 'आशिकी 2' का क्लाइमैक्स बहुत इमोशनल कर देना वाला है।

### फिल्म की कहानी

*कहानी शुरू होती है राहुल जयकर आदित्य (रॉय कपूर) से, जो एक मशहूर सिंगर है, लेकिन अब शराब की लत के कारण उसका करियर बर्बादी की ओर है। एक दिन वह गोवा में एक छोटे से बार में आरोही (श्रद्धा कपूर) को गाना गाते सुनता है, जो होटल में गाना गाकर अपने परिवार का गुजारा करती है। राहुल उसकी आवाज से इतना प्रभावित होता है कि उसे एक सफल सिंगर बनाने का फैसला कर लेता है। राहुल, आरोही को मुंबई लाता है और उसके कॅरियर को संवारने में पूरी मदद करता है। आरोही की गायकी लोगों को बहुत पसंद आती है और वह धीरे-धीरे स्टार बन जाती है। इस बीच दोनों के बीच प्यार भी गहराने लगता है। हालांकि, राहुल का अपना कॅरियर खत्म हो चुका होता है और उसे यह लगने लगता है कि उसकी मौजूदगी आरोही के लिए बोझ बनती जा रही है। इसके बाद 'आशिकी 2' कहानी बड़ा मोड़ लेती है।*

# शतरंज की दुनिया में भारत के लिए ऐतिहासिक पल, महिला विश्व कप की ट्रॉफी पहली बार देश में आएगी

## फिडे महिला विश्व कप : अपने से आधी उम्र की हमवतन दिव्या से भिड़ेंगी हम्पी

बातुमी (जॉर्जिया)। स्टार महिला खिलाड़ी कोनेरू हम्पी और दिव्या देशमुख शनिवार को होने वाले फिडे महिला विश्व कप फाइनल में एक-दूसरे के सामने होंगी, जिससे पहली बार इस टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ी विजेता बनेगा। इस प्रतियोगिता के इतिहास में यह पहली बार है जब दो भारतीय फाइनल में आमने-सामने होंगी।

### 'शतरंज प्रेमियों के लिए खुशी का पल अब खिताब भारत के पास आएगा

हम्पी ने कहा, 'शतरंज प्रेमियों के लिए यह सबसे खुशी के पलों में से एक है क्योंकि अब खिताब निश्चित रूप से भारत के पास जाएगा। लेकिन निश्चित रूप से एक खिलाड़ी के रूप में कल का मैच भी काफी कठिन होगा। दिव्या ने इस पूरे टूर्नामेंट में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।' हम्पी से आधी उम्र की अंतरराष्ट्रीय मास्टर देशमुख इस प्रतियोगिता में शीर्ष 10 में शामिल तीन खिलाड़ियों को हराकर उलटफेर कर चुकी हैं। उनका पहला शिकार चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त जिनर झू थीं, जिन्होंने डी. हरिका को बाहर कर दिया था। नागपुर की 19 वर्षीय देशमुख ने सेमीफाइनल में चीन की पूर्व महिला विश्व चैंपियन झोंगयी टैन को हराया।



### विजेता को मिलेंगे 50 हजार अमेरिकी डॉलर

टूर्नामेंट के विजेता को 50 हजार अमेरिकी डॉलर और दूसरे स्थान पर रहने वाले को 35 हजार अमेरिकी डॉलर मिलेंगे। दोनों भारतीयों ने अगले महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर लिया है। आठ खिलाड़ियों के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट से अगले विश्व महिला चैंपियनशिप मैच में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन की वेनजुन जू के प्रतिद्वंद्वी का फैसला होगा।



### मैं और बेहतर खेल सकती थी : दिव्या

दिव्या फाइनल में पहुंचने के बाद कहा, 'मुझे बस थोड़ी नींद और थोड़ा खाना चाहिए। इन दिनों मैं काफी चिंतित हूं।' देशमुख ने अपनी सेमीफाइनल बाजी के बारे में कहा, 'मुझे लगता है कि मैं और बेहतर खेल सकती थी। एक समय मैं जीत रही थी और फिर चीजें मुश्किल हो गई। मुझे लगता है कि मैंने बीच में गलती कर दी, वर्ना मुझे और भी आसान जीत मिल सकती थी।' उन्होंने कहा, 'मुझे लग रहा था कि यह ड्रॉ रहेगा। पर अंत में मैं भाग्यशाली रही।' हम्पी को प्री-क्वार्टर फाइनल में पूर्व विश्व चैंपियन स्विट्जरलैंड की एलेक्जेंड्रा कोस्टेनियुक ने टाईब्रेकर तक खींचा और इसके बाद उन्होंने युक्सिन सोंग के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया।


### महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए किया क्वालीफाई

हम्पी और देशमुख दोनों ने यहां फाइनल में पहुंचकर अगले साल होने वाले महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर लिया है।बड़े मुकाबलों में खेलने के अपने अनुभव के आधार पर हम्पी फाइनल में हमवतन देशमुख के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में उतरेंगी। हम्पी ने बृहस्पतिवार को सेमीफाइनल में चीन की टिंगजी लेई को टाईब्रेकर में हराकर जीत हासिल की जबकि देशमुख ने अंतिम-चार चरण के दूसरे गेम में पूर्व विश्व चैंपियन चीन की ही झोंगयी टैन को हराया। अड़तीस वर्षीय ग्रैंडमास्टर हम्पी विश्व महिला रैपिड टूर्नामेंट की विजेता थीं और हाल में महिला ग्रां प्री में भी संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर रहीं।

### हम्पी का दृढ़ संकल्प और प्रतिभा सराहनीयः नायडू

**अमरावती**। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने अपने राज्य की खिलाड़ी ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी को फिडे महिला शतरंज विश्व कप फाइनल में पहुंचने पर बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका दृढ़ संकल्प और प्रतिभा सराहनीय है। नायडू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'भारतीय शतरंज ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी को फिडे महिला शतरंज विश्व कप फाइनल में पहुंचने के लिए बधाई।' मुख्यमंत्री ने उन्हें फाइनल के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। फाइनल में उनका सामना हमवतन दिव्या देशमुख से होगा।

## खबर संक्षेप



### यूपी वॉरियर्स के मुख्य कोच बने नायर

**मुंबई**। भारत के पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की फ्रेंचाइजी यूपी वारियर्स ने अपना मुख्य कोच नियुक्त किया। नायर को हाल ही में भारतीय पुरुष टीम के सहायक कोच के पद से हटा दिया गया था। वह एक साल से भी कम समय तक भारतीय टीम से जुड़े रहे। वॉरियर्स में वह जॉन लुईस की जगह लेंगे, जिनसे फ्रेंचाइजी ने हाल में नाता तोड़ दिया था। यह पहला अवसर नहीं है जबकि नायर वॉरियर्स की टीम के साथ काम करेंगे। वह टूर्नामेंट के पहले सत्र के दौरान भी टीम की मदद कर चुके हैं। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में मुंबई का प्रतिनिधित्व करने वाले नायर ने 2019 में संन्यास लेने से पहले भारत के लिए तीन एकदिवसीय मैच भी खेले। इसके बाद वह कोचिंग से जुड़ गए। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 2024 में जब आईपीएल का खिताब जीता था तब नायर उसके सहायक कोच थे। उन्होंने 2018 में केकेआर अकादमी के कोच के रूप में भी काम किया है और 2022 में कैरेबियन प्रीमियर लीग में ट्रिनबागो नाइट राइडर्स (टीकेआर) के मुख्य कोच थे।

### बल्लेबाज वेदा कृष्णमूर्ति ने लिया संन्यास

**नई दिल्ली**। महिला बल्लेबाज वेदा कृष्णमूर्ति ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की लेकिन संकेत दिया कि वह किसी अन्य भूमिका में खेल से जुड़ी रहेंगी। वेदा ने 48 वनडे और 76 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, जिनमें उन्होंने क्रमशः 829 और 875 रन बनाए हैं। वेदा ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'एक छोटे शहर की बड़े सपने रखने वाली लड़की से लेकर गर्व से भारतीय टीम की जर्सी पहनने तक। क्रिकेट ने मुझे जो भी सबक, लोग और यादें दीं हैं, उनके लिए आभारी हूं। अब खेल को अलविदा कहने का समय आ गया है, लेकिन खेल को नहीं। हमेशा भारत के लिए। हमेशा टीम के लिए उपलब्ध रहूंगी। कर्नाटक के पूर्व क्रिकेटर अर्जुन होयसला से विवाह करने वाली 32 वर्षीय वेदा आखिरी बार 2020 में मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान देश के लिए खेली थीं। उनका आखिरी एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच 2018 में था।



### कारगिल दिवस पर द्रास में पदयात्रा में भाग लेंगे खेल मंत्री

**नई दिल्ली**। खेल मंत्री मनसुख मांडविया 1999 के कारगिल युद्ध में भारत की जीत की 26वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में शनिवार को द्रास में पदयात्रा का नेतृत्व करेंगे, जिसमें 1 हजार से अधिक युवा स्वयंसेवक, पूर्व सैनिक, सशस्त्र बलों के कर्मी, शहीद सैनिकों के परिवार और आमजन भाग लेंगे। मांडविया के साथ रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी कारगिल विजय दिवस पदयात्रा में शामिल होंगे, जिसका आयोजन मेरा युवा भारत की ओर से किया जा रहा है। युवा मामले एवं खेल मंत्रालय ने कहा कि 'केंद्रीय युवा मामले एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया के नेतृत्व में पदयात्रा में 1 हजार से अधिक युवा, पूर्व सैनिक, सशस्त्र बल कर्मी, शहीदों के परिवार और नागरिक समाज के सदस्य भी भाग लेंगे।' '

## चौथा टेस्ट : विकेट के लिए तरसी टीम इंडिया

# इंग्लैंड ने भारत पर बनाई लीड, रूट का शतक, सेंध लगाने में गेंदबाज नाकाम

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

भारत-इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 का चौथा मुकाबला मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर जारी है। तीसरे दिन इंग्लैंड टीम अपनी पहली पारी में बैटिंग कर रही है। इंग्लैंड का स्कोर चाय के समय 433 रन है और उसके 4 विकेट गिरे हैं। रूट ने अपना शतक पूरा कर लिया है। मुकाबले में भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 358 रन बनाए थे। भारतीय गेंदबाज इंग्लैंड की बल्लेबाजी में सेंध लगाने में नाकाम रहे।

इंग्लिश टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-1 से आगे है। अगर भारतीय टीम यह मुकाबला हार जाती है तो इंग्लैंड सीरीज अपने नाम कर लेगा। इंग्लैंड ने पहले पारी में भारत पर लीड बनाई है।

इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट ने टेस्ट क्रिकेट में 38वां शतक जमाया है। रूट ने ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में मैच के तीसरे दिन जो रूट ने 178 गेंदों में अपना शतक पूरा किया और इसके साथ ही श्रीलंकाई बल्लेबाज कुमार संगाकारा की बराबरी भी कर ली। इतना ही नहीं, इस सीरीज में रूट का ये लगातार दूसरा शतक है।



### टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी

रूट ने टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। रूट ने जैसे ही 120 रन पूरे किए, वो रिकी पॉन्टिंग, राहुल द्रविड़ और जैक कैलिस को पीछे छोड़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने 13379 रन पर पहुंचते ही ये मुकाम हासिल किया।

### रूट ने तोड़ा डॉन ब्रैडमैन का रिकॉर्ड

मैनचेस्टर टेस्ट के तीसरे दिन शुक्रवार इंग्लैंड ने अपनी पारी 225 रन के स्कोर से आगे शुरू की। दूसरे दिन के खेल के बाद रूट नाबाद लौटे थे और उन्होंने यहीं से आगे खेलना शुरू किया। पहले सेशन में ही रूट ने अपना अर्धशतक पूरा किया और फिर दूसरे सेशन में इस फिफ्टी को यादगार शतक में तब्दील कर दिया। इस तरह रूट ने टेस्ट सीरीज में अपना दूसरा शतक जमा दिया। अपनी इस शतकीय पारी के दौरान रूट ने डॉन ब्रैडमैन का रिकॉर्ड तोड़ा और साथ ही टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन के मामले में दूसरा स्थान भी हासिल कर लिया।

### स्टीव स्मिथ को पीछे छोड़ा


रूट का भारत के खिलाफ इंग्लैंड में ही ये 9वां शतक है। इस तरह किसी एक देश के खिलाफ घर में सबसे ज्यादा शतक जमाने का रिकॉर्ड अब रूट के नाम हो गया है। रूट ने लॉर्ड्स के बाद ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में भी शतक जमा दिया। इसके साथ ही उन्होंने भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट शतक का रिकॉर्ड बना दिया। रूट के अब 12 शतक हैं और उन्होंने स्टीव स्मिथ (11) को पीछे छोड़ दिया।

### संगाकार की बराबरी

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान रूट ने टेस्ट क्रिकेट में 38वां शतक जमाया है। इस तरह उन्होंने पूर्व श्रीलंकाई दिग्गज कुमार संगाकारा की बराबरी कर ली। संगाकारा ने 134 टेस्ट में इतने शतक जमाए थे। वहीं रूट का ये 157वां टेस्ट है।

## डेविस कप

# स्विट्जरलैंड दौरे के लिए टीम घोषित, नागल-युकी की वापसी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल की दो साल के अंतराल तो वहीं युगल खिलाड़ी युकी भांबरी की पिछले दो मुकाबलों से बाहर रहने के बाद डेविस कप टीम में वापसी हुई। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) की चयन समिति ने स्विट्जरलैंड की मेजबानी में होने वाले मैच के लिए आठ सदस्यीय टीम का चयन किया है। भारत 12 सितंबर से इंडोर कोर्ट पर खेले जाने वाले विश्व ग्रुप एक के पहले दौर के मुकाबले के लिए बील शहर की यात्रा करेगा।

### इन खिलाड़ी को मौका

नागल (विश्व रैंक 306) के अलावा करण सिंह (403) और युवा आर्यन शाह (442) को एकल खिलाड़ी के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। शशिकुमार मुकुंद (463) और प्रतिभावान दक्षिणेश्वर सुरेश (790) इस मुकाबले के लिए रिजर्व (वैकल्पिक) एकल खिलाड़ी होंगे। शीर्ष रैंक वाले भारतीय युकी (विश्व रैंक 35) और एन श्रीराम बालाजी (75) युगल खिलाड़ी के रूप में टीम में चुने गए हैं, जिसमें ऋत्विक बोलिपल्ली (77) रिजर्व खिलाड़ी होंगे। नागल का खेल धीमी कोर्ट के लिए सबसे उपयुक्त है।

### रामकुमार रामनाथन टीम से बाहर

डेविस कप के पूर्व कोच नंदन बल के नेतृत्व वाली चयन समिति ने रामकुमार रामनाथन को टीम से बाहर कर दिया। उनका बाहर किया जाना अपेक्षित था क्योंकि 30 वर्षीय खिलाड़ी इस सत्र में अच्छी लय में नहीं है। भारत ने स्विट्जरलैंड के खिलाफ डेविस कप के तीन मुकाबलों में दो बार जीत हासिल की है। पिछली बार दोनों टीमें 1993 में कलकत्ता साउथ क्लब के ग्रास कोर्ट पर भिड़ी थीं, जहां मेजबान भारत ने स्विट्जरलैंड को 3-2 से हराया था। इस मुकाबले को जीतने वाली टीम 2026 डेविस कप क्वालिफायर में प्रतिस्पर्धा करेगी, जबकि हारने वाले देश को अगले साल विश्व ग्रुप एक प्ले-ऑफ में वापस जाना होगा।

### डेविस कप टीम

**एकल :** सुमित नागल, करण सिंह और आर्यन शाह।
**युगल :** युकी भांबरी और एन श्रीराम बालाजी।
**रिजर्व :** दक्षिणेश्वर सुरेश, शशिकुमार मुकुंद और रित्विक बोलीपल्ली।

## एशिया जूनियर चैंपियनशिप

# तन्वी-वेन्नाला ने बनाई सेमीफाइनल में जगह




एजेंसी ▶▶| मसोलो (इंडोनेशिया)

भारत की युवा शटलर तन्वी शर्मा और वेन्नाला कलागोतला ने बैडमिंटन एशिया जूनियर व्यक्तिगत चैंपियनशिप में अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली। दूसरी वरीयता प्राप्त तन्वी ने महिला एकल में अपना दबदबा कायम रखते हुए इंडोनेशिया की पांचवीं वरीयता प्राप्त थालिता रमधानी विरयावान को 35 मिनट के मुकाबले में 21-19, 21-14 से हराया। तन्वी पूरे टूर्नामेंट में शानदार लय में रही हैं और अब तक अपने सभी मैच सीधे गेम में जीते हैं। दूसरी ओर वेन्नाला ने 58 मिनट के रोमांचक मुकाबले में थाईलैंड की जान्यापोर्न मीपैन्थोंग पर 21-18, 17-21, 21-17 से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। सेमीफाइनल में दोनों भारतीय खिलाड़ियों के सामने चीन के खिलाड़ियों की चुनौती होगी। तन्वी का सामना आठवीं वरीयता प्राप्त यिन यी किंग से होगा जबकि वेन्नाला लियू सी या से भिड़ेंगी।

### 17 वर्षीय उन्नति नहीं रख पाईं लय बरकरार, टूर्नामेंट से हुईं बाहर




**चांग्झू (चीन)**। भारत की उभरती बैडमिंटन स्टार उन्नति हुड्डा का चाइना ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में शानदार सफर क्वार्टर फाइनल में जापान की विश्व की चौथे नंबर की खिलाड़ी अकाने यामागुची से सीधे गेम में हार के साथ समाप्त हो गया। पिछले दौर में अपनी आदर्श खिलाड़ी और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू को हराने वाली 17 वर्षीय हुड्डा क्वार्टर फाइनल में जापान की खिलाड़ी से 33 मिनट तक चले मैच में 16-21, 12-21 से हार गईं। हुड्डा के बाहर होने के साथ ही टूर्नामेंट में भारत का एकल में अभियान समाप्त हो गया।

# विश्व विश्वविद्यालय खेल : परनीत-दलाल ने मिश्रित कंपाउंड में जीता गोल्ड

## तीरंदाजी : द. कोरिया के येरिन और सेउंगह्यून को फाइनल में हराया

एजेंसी ▶▶| राइन-रूहर (जर्मनी)

भारत की परनीत कौर और कुशल दलाल ने विश्व विश्वविद्यालय खेलों (डब्ल्यूयूजी) की मिश्रित कंपाउंड तीरंदाजी स्पर्धा के रोमांचक मुकाबले में दक्षिण कोरिया के येरिन पार्क और सेउंगह्यून पार्क को हराकर स्वर्ण पदक जीता। परनीत और दलाल की जीत से भारत ने इस प्रतियोगिता में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता।

दिन में तीरंदाजी टीम स्पर्धाओं में भारत ने दो अन्य पदक भी जीते। इन दोनों तीरंदाजों को निराशा का सामना करना पड़ा क्योंकि दलाल को पुरुष टीम स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा जबकि एशियाई खेलों की टीम स्वर्ण पदक विजेता परनीत ने महिला टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। इस जोड़ी ने मिश्रित जोड़ी स्पर्धा में 157-154 से जीत हासिल की।

### भारत और पदक जीतने की दौड़ में



भारत और पदक जीतने की दौड़ में बना हुआ है, जिसमें दलाल और जाधव शनिवार को पुरुषों के व्यक्तिगत सेमीफाइनल के लिए तैयार हैं। परनीत भी व्यक्तिगत पोडियम स्थान पर नजर गड़ाए हुए हैं और सेमीफाइनल में उनका सामना दक्षिण कोरिया की एस किम से होगा।

### पुरुष टीम महज एक अंक से हारी

इससे पहले परनीत, अवनीत कौर और मधुरा धामनगांवकर की महिला कंपाउंड टीम ने कांस्य पदक के मुकाबले में ब्रिटेन की क्लो एबियर, हैली बोल्टन और ग्रेस चैपल को 232-224 से हराकर भारत का खाता खोला। दलाल, साहिल जाधव और ऋतिक शर्मा की पुरुष कंपाउंड टीम स्वर्ण पदक जीतने के बेहद करीब पहुंच गई और 174-174 की बराबरी पर थी लेकिन तुर्की के बाउहान अक्काओग्लू, यूनुस एमरे अर्सलान और याकुम यिल्डिज से महज एक अंक से हार गई।

# ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी हॉकी टीम, तय हुई चार मैचों की सीरीज




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय पुरुष हॉकी टीम आगामी एशिया कप की तैयारियों के तहत 15 से 21 अगस्त तक पर्थ में होने वाली चार मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी।

विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम 15, 16, 19 और 21 अगस्त को छठे स्थान पर काबिज ऑस्ट्रेलिया की टीम का सामना करेगी। सभी मैच पर्थ में खेले जाएंगे। एशिया कप का आयोजन 29 अगस्त से 7 सितंबर तक बिहार के राजगीर में होना है। इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता का विजेता अगले वर्ष के एफआईएच विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करेगा।


बिहार सरकार

**समाहरणालय, अरवल।**
(मद्यनिषेध एवं उत्पाद शाखा)

**बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम–2016 (यथा संशोधित) के तहत राजसात किये गये वाहनों की नीलामी की अल्पकालिन आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बिहार राज्य में पूर्ण शराबबंदी के उपरांत वैसे वाहन जिन्हें मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम–2016 (यथा संशोधित) में विहित प्रावधानों के तहत अरवल जिला अन्तर्गत मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग तथा विभिन्न पुलिस थानों द्वारा जप्त एवं समाहर्त्ता–सह–जिला दण्डाधिकारी, अरवल के द्वारा अधिहरित किया गया है, उनकी सार्वजनिक नीलामी किया जाना है। वाहनों की नीलामी तिथि–**21.08.2025** को निर्धारित की गई है, उक्त तिथि के पूर्व तक संबंधित वाहन स्वामी वाहन विमुक्ति हेतु स्वंय उपस्थित होकर विधि शाखा, अरवल/अधीक्षक मद्यनिषेध, अरवल में आवेदन समर्पित कर सकते है। तदालोक में उक्त अधिहरित वाहन जो जिला के विभिन्न थानों/उत्पाद मालखाना में संचित हैं, उसे **"जो हैं, जहाँ है, जैसा है"** के आधार पर गठित नीलामी समिति द्वारा निम्न सारणी के अनुसार नीलामी की जाएगी :–

| नीलामी की निर्धारित तिथि | | आवेदन प्राप्त करने की तिथि | आवेदन प्राप्त/जमा करने का स्थान | नीलामी का स्थान एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम नीलामी की तिथि | 21.08.2025 | प्रकाशन की तिथि से 18.08.2025 तक। | कार्यालय अधीक्षक मद्यनिषेध, अरवल। | समाहरणालय परिसर, अरवल (इन्डोर स्टेडियम) पूर्वाहन 10:00 बजे से । |
| द्वितीय नीलामी की तिथि | 26.08.2025 | 24.08.2025 | | |
| तृतीय नीलामी की तिथि | 30.08.2025 | 28.08.2025 | | |

**नीलामी योग्य वाहनों की सूची निम्नवत् है :–**

| क्र0 | अधिहरण वाद संख्या | अधिहरण आदेश का ज्ञापांक/दिनांक | थाना कांड संख्या/दिनांक | वाहन का प्रकार | वाहन का निबंधन संख्या | चेचिस नं0 | वाहन का निर्माण वर्ष | मूल्यांकन की गई राशि | वाहन स्वामी का नाम/पता | अग्रधन की राशि (20%) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 56/24 | 536/ विधि दिनांक– 14.12.24 | उत्पाद थाना 08/24 08.01.2024 | टाटा कम्पनी का डी0सी0 एम0 ट्रक | MP13GA-6721 | MAT45705 9H7B01782 | 2017 | 4,50,000/- | राकेश, पिता–गोरू लाल, पता–105/2 यादव मोहल्ला, ग्राम–धोंसला टेह, महदीपुर उज्जैन, मध्य प्रदेष–456550 | 90,000/- | |
| 02 | 47/23 | 83/विधि दिनांक 02.09.23 | मेहन्दिया 25/23 30.01.23 | आईसर डी0सी0 एम0 ट्रक | MP04GB-6830 | PRO2014X PSL CABSHSDE WBS63 | 2022 | 15,51,200/- | - | 3,10,240/- | |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।
PR- 009472 ( Excise ) 2025-26 नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

समाहर्त्ता
–सह– जिला दण्डाधिकारी, अरवल।

# प्रभात झा ने अपना जीवन विचारधारा के लिए समर्पित किया: तोमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रभात झा की पुण्यतिथि पर ग्वालियर के जीवाजी विश्वविद्यालय के अटल सभागार में आयोजित कार्यक्रम को वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया। इस दौरान वरिष्ठ नेताओं ने झा के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन कर पुस्तक का विमोचन किया।

मप्र विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि प्रभात झा ने प्रतिबद्ध कार्यकर्ता रूप में अपनी भूमिका निभाई। वह अपनी बुद्धिमत्ता से विषय का प्रतिपादन ऐसा करते थे कि उस विचार को दिशा मिलती थी। इसी प्रतिभा के कारण वह बहुत ही कम समय में वह राज्यसभा में बहुत अच्छे वक्ता के रूप में जाने जाते थे। वह पार्टी के पदाधिकारी के रूप में संवाद और संपर्क प्रमुख रहे, तब लगातार उनकी यह कोशिश रहती थी कि जो विषय वस्तु मेरे पास है और जो विपक्ष में हमारे लिए उपयोगी है या सत्ता पक्ष में हमारे लिए उपयोगी है। उस विषय वस्तु से कार्यकर्ता को दक्ष किया जाए। मध्यप्रदेश में पार्टी संगठन के विस्तार एवं उसे सुदृढ़ बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रभात झा ने अपना पूरा जीवन विचारधारा के लिए समर्पित कर दिया।

### खास बातें

- भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रभात झा की पुण्यतिथि पर ग्वालियर में आयोजित हुआ कार्यक्रम
- प्रभात झा ने संघ के संस्कारों को अपने जीवन में उतारा: यशवंत इंदापुरकर

### स्व. झा के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन कर पुस्तक का किया विमोचन



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य यशवंत इंदापुरकर ने कहा कि प्रभात झा ने संघ के संस्कारों को अपने जीवन में उतारने का काम किया। उन्होंने संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की इच्छा को आदेश मानकर अपने आप को राष्ट्र निर्माण में झोंक दिया। ऐसे बहुत से कार्य जो प्रतिकूल परिस्थिति में लगभग कठिन लगते थे, प्रभात जी ने सबको साथ में लेकर उन कार्यों को करके दिखाया। उनका पत्रकारिता का जीवन आज की खोजी पत्रकारिता करने वालों के लिए एक उदाहरण है। मेरा सौभाग्य है कि मुझे स्वदेश में उनके साथ काम करने का अवसर मिला।

### पार्टी के उत्थान में स्व. झा का योगदान अविस्मरणीय

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि प्रभात झा का सम्पूर्ण जीवन संगठन के कार्यों एवं समाज सेवा हेतु समर्पित रहा है। उन्होंने अपने व्यक्तित्व से अमिट छाप छोड़ी है। राजनीति, पार्टी के उत्थान में उनका योगदान अविस्मरणीय है। संगठन में कई महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन करते हुए संगठन को आगे बढ़ाने का कार्य किया। प्रभात जी ने भाजपा कार्यालय में रहकर स्वदेश का काम करते थे। उन्होंने परिश्रम की पराकाष्ठा की।

### स्व. झा प्रतिशोध की राजनीति से दूर रहे

भाजपा के वरिष्ठ नेता व महाराष्ट्र के सह प्रभारी जयभान सिंह पवैया ने कहा कि प्रभात झा का जीवन भाव की कोख से निकालकर संघर्ष की भट्टी में जो तपता है और सोना नहीं कुंदन बन जाता है, ऐसे ही उनके व्यक्तित्व का पूरा निर्माण हुआ है। शून्य से सृजन करने की और निर्जन में उपवन बनाने की क्षमता रखते थे। वे कहते थे तीन प्रकार होते हैं संपर्क, संवाद और संबंध। वे हमेशा प्रतिशोध की राजनीति से बहुत दूर रहे।

### स्व. झा ने संवाद और सम्पर्क कराना सिखाया

सांसद भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि मुझे जिला अध्यक्ष रहते हुए प्रभात झा के कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ। प्रभात झा ने हमें संवाद और सम्पर्क ही कार्यकर्ता की असली पूंजी है यह सिखाया है। कार्यकर्ता और उनके कार्य के प्रति उनका स्नेह हमेशा बना रहा। उनके मार्गदर्शन और उनके नेतृत्व में हमने कार्य किया है, वह हमारे बीच सदैव रहेंगे।

सीईओ ने पंचायतों में स्वच्छता का ख्याल रखने की दी नसीहत

# गांवों में भी स्वच्छता रैंकिंग में बाजी मारेगा भोपाल, स्वच्छता पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के स्वच्छता में देश में दूसरे नंबर पर बाजी मारने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों को भी नंबर वन पर लाने की कोशिश शुरु कर दी गई है। जिसके तहत पंचायतों में स्वच्छता को लेकर हुए कामों पर फोकस किया जा रहा है। जिले की पंचायतों में ग्रे वाटर मैनेजमेंट के लिए एक लाख 54 हजार 200 मीटर कवर्ड पाइपयुक्त नालियों बनाई गई है।

भोपाल जिला ग्रामीण क्षेत्र वर्ष 2021 में वेस्ट जोन सेंट्रल इंडिया में प्रथम स्थान पर रहा था। इस बार भी प्रथम स्थान पर लाने के लिए स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 की तैयारी की जा रही है। यह बात जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी ने शुक्रवार को जिला पंचायत में अफसरों के साथ रखी गई बैठक में कही। उन्होंने बताया कि जिले की 471 गांवों को ओडीएफ प्लस मॉडल घोषित किया जा चुका है। जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ग्रे वाटर मैनेजमेंट के लिए कवर्ड पाइपयुक्त नालियों के साथ ही अंतिम पाइंट पर फिल्टर करने वाली संरचनाओं का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही लीज पिट, 8 हजार 106 व्यक्तिगत और सामुदायिक सोक, तीन डब्ल्यू एसपी, पिट व डीबार्टस का निर्माण किया गया है।




### ग्रामीणों से दर्ज कराया जाएगा फीडबैक

विभिन्न हितग्राहियों के प्रत्यक्ष संवाद घरों व सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता मानकों, ओडीएफ का सत्यापन मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से नागरिकों की प्रतिक्रिया पर कार्य किया जा रहा है। इन लोगों का फीडबैक भी दर्ज कराया जा रहा है।

### इस बार यह रहेंगे मापदंड

इस बार चयनित ग्राम पंचायतों में सर्वेक्षण के लिए प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई (एमआरएफ सेंटर), गोवर्धन संयंत्र इकाई, मल जल प्रबंधन संयंत्र और स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग स्थल शामिल किए गए हैं। जिले में ओडीएफ प्लस माडल को बनाए रखने, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन, मल-अपशिष्ट ट्रीटमेंट और सक्रिय नागरिक भागीदारी जैसे मापदंडों पर राज्यों और जिलों की राष्ट्रीय रैंकिंग तय की जाएगी।

# सर्वे: हाउसिंग फॉर ऑल के 499 फ्लैट किराए पर, 209 बेच दिए

▸ श्याम नगर, अर्जुन नगर, राहुल नगर सहित सात प्रोजेक्ट का किया सर्वेक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में हाउसिंग फॉर ऑल समेत अन्य योजनाओं के तहत दिए गए मकानों में रहने वाले 499 लोगों ने फ्लैट किराए पर दे दिए हैं, जबकि 209 हितग्राहियों ने इन्हें बेच दिया है। लंबे टाइम से मिल रही शिकायतों को देखते हुए छह लोगों की टीम में नायब तहसीलदार, पटवारी के अलावा नगर निगम से राजस्व और स्वच्छता अमले के लोगों ने मिलकर 3 हजार 297 मकानों का सर्वे किया, जिसमें 1 हजार 130 घरों में ताला लटका मिला।

सात प्रोजेक्ट में श्याम नगर, अर्जुन नगर फेज-1, फेज-2, गंगा नगर, आंबेडकर नगर, राहुल नगर और मद्रासी कॉलोनी शामिल हैं। इन स्थानों पर 4 हजार 866 मकान बने हैं। सर्वे में सामने आई जानकारी के आधार पर किराए पर देने और बेचने वाले लोगों के आवंटन रद्द किए जा सकते हैं। एसडीएम टीटी नगर अर्चना शर्मा का कहना है कि क्षेत्र में हाउसिंग फॉर ऑल के प्रोजेक्ट का सर्वे पूरा कर लिया गया है। जिसका प्रतिवेदन आगे कार्रवाई के लिए पेश किया गया है।

# स्कूलों की बदहाली उजागर करने एनएसयूआई का प्रदेशव्यापी स्कूलों की पोल खोल अभियान लॉन्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एनएसयूआई मध्यप्रदेश द्वारा एक प्रदेशव्यापी अभियान स्कूलों की पोल खोल लॉन्च किया गया, जिसका उद्देश्य सरकारी स्कूलों की जमीनी सच्चाई को सामने लाना और बच्चों के भविष्य से हो रहे मजाक पर सरकार से जवाब मांगना है।

इस अभियान के तहत संगठन ने एक वाट्सएप नंबर जारी किया है, जिस पर छात्र, अभिभावक और जागरूक नागरिक अपने क्षेत्र के स्कूलों की तस्वीरें, वीडियो और समस्याएं भेज सकते हैं। ये सभी तथ्य एकत्र कर सरकार को घेरने और शिक्षा बजट के सही उपयोग की मांग को लेकर दबाव बनाया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर इस अभियान की औपचारिक घोषणा करते हुए कहा कि सरकार सिर्फ नाम बदलने में व्यस्त है, जमीन पर बच्चों के सिर पर ढंग की छत तक नहीं है। 12,200 स्कूलों में सिर्फ एक शिक्षक हैं, 9,500 स्कूल आज भी बिजली से वंचित हैं और 1,700 से अधिक स्कूलों में शौचालय नहीं हैं।



# रेलवे स्टेशन पर यात्री का मोबाइल झपटकर भागा बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-6 पर यात्री के साथ झपटमारी का मामला सामने आया है। टिकट काउंटर से जनरल का टिकट लेकर स्टेशन की तरफ जा रहे यात्री के हाथ से बदमाश ने मोबाइल झपट लिया। घटना की शिकायत यात्री ने उज्जैन जीआरपी को दी थी। उज्जैन जीआरपी से केस डायरी आने के बाद भोपाल जीआरपी ने झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बृजेश शाक्य पिता (39) जयप्रकाश नारायण वार्ड नंबर-14, बैरसिया में रहते हैं। उन्होंने जीआरपी थाने में शिकायत करते हुए बताया कि वे रेलवे स्टेशन भोपाल से उज्जैन जाने के लिए प्लेटफार्म नंबर-6 पर बने बुकिंग काउंटर पहुंचा। उसने जनरल टिकट लिया और ट्रेन पकड़ने के लिए रेलवे स्टेशन पर जाने लगा। इस बीच एक युवक पीछे से आया और उनके हाथ से मोबाइल झपटकर भाग निकला। बृजेश ने आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह तेजी से भाग निकला। बृजेश ने बताया कि झपटे गए मोबाइल की कीमत 15 हजार रुपए है। घटना के समय बृजेश के साथ उनका परिवार था। लिहाजा वह परिवार को लेकर उज्जैन पहुंचे। वहां जीआरपी को शिकायत दर्ज कराई। घटनास्थल भोपाल का होने के कारण केस डायरी उज्जैन जीआरपी ने भोपाल जीआरपी को सौंप दी है।

### मैनिट के छात्र से मोबाइल झपटकर भागे

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित नानके पेट्रोल पंप के सामने बाइक सवार बदमाशों ने मैनिट के छात्र से मोबाइल झपट लिया। घटना बुधवार रात करीब साढ़े 11 बजे के आसपास की बताई जा रही है। छात्र ने घटना की जानकारी अपने पिता को दी। इसके बाद शुक्रवार को शिकायत दर्ज कराने टीटी नगर थाने पहुंचा।

पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार लुटेरों पर झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 19 साल का तन्मय पिता गिरीश मूलतः इंदौर का रहने वाला है और मैनिट कॉलेज में बीटेक का छात्र है। वह मैनिट कैंपस के हॉस्टल में रहता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि बुधवार रात वह अपने साथी के साथ एक्टिवा से प्लेटिनम प्लाजा आया था। वहां से नानके पेट्रोल पंप के सामने पहुंचा था। वह मोबाइल पर अपने दोस्त से बातचीत कर रहा था। इस दौरान बाइक से आए दो बदमाशों में पीछे बैठे बदमाश ने उसके हाथ से मोबाइल झपट लिया। झपटे गए मोबाइल की कीमत 25 हजार रुपए बताई जा रही है। झपटमारी के बाद तन्मय हॉस्टल चला गया। सुबह घटना की जानकारी अपने पिता को दी। पिता ने उसे थाने जाकर शिकायत दर्ज कराने का कहा। शुक्रवार को तन्मय थाने पहुंचा और झपटमारी की शिकायत दर्ज कराई।

# श्मशान घाट के शेड पर लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित कोकता दौलतपुरा में शुक्रवार दोपहर एक युवक की लाश श्मशान घाट के शेड पर रस्सी के सहारे लटके मिलने से सनसनी फैल गई।

पुलिस के अनुसार तोरण सिंह यादव निवासी दौलतपुरा कोकता ने सूचना दी कि दौलतपुरा कोकता श्मशान में एक युवक की लाश टीनशेड पर रस्सी के सहारे लटकी हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान मुन्नालाल पिता दौलतराम (40) दौलतपुरा कोकता के रूप में कर ली। मुन्नालाल के परिजन ने पुलिस को बताया कि वह प्राइवेट काम करता था और शराब पीने का आदी था। पुलिस को उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि मृतक शराब पीने का आदी था।

# ई-रिक्शा के विरुद्ध प्रतिबंध के विरोध में आप ने किया प्रदर्शन

जिंसी चौराहे से कलेक्टर कार्यालय तक निकाली गई रिक्शा रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ई-रिक्शा के विरुद्ध प्रतिबंध के विरोध में शुक्रवार को आम आदमी पार्टी जिला इकाई द्वारा ई-रिक्शा चालकों के साथ प्रदर्शन किया गया। इस दौरान जिंसी चौराहे से कलेक्टर कार्यालय तक ई-रिक्शा रैली निकाली गई।

कलेक्टर के नाम सौंपे ज्ञापन में कहा गया कि भोपाल जिले के ई-रिक्शा चालक, जो शहर की यातायात व्यवस्था में पर्यावरण-अनुकूल और किफायती परिवहन का महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं, वर्तमान में कई समस्याओं का सामना कर रहे हैं। ये समस्याएं न केवल चालकों की आजीविका को प्रभावित कर रही हैं, बल्कि शहर की यातायात व्यवस्था और सामाजिक-आर्थिक संतुलन पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रही हैं। ई-रिक्शा संचालन के लिए रुट निर्धारण स्पष्ट हो, जिससे चालको को अनावश्यक परेशानी और जुर्माने का सामना न करना पड़े। ई-रिक्शा के लिए शहर में समुचित पार्किंग स्थल और चार्जिंग स्टेशनों का अभाव है।

# धोखाधड़ी के दोषी को 3 वर्ष के कारावास की सजा

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

ग्राहक द्वारा कार बुकिंग के लिए दिए गए एक लाख रूपए के चैक को अन्य ग्राहक के खाते में भुगतान दिखाकर एक लाख रूपए हड़पने वाले एक कार शो रूम के सीनियर सेल्समैन विकास दुबे पुत्र विजय शंकर दुबे आयु 43 वर्ष निवासी पानी की टंकी के पास नेहरू नगर भोपाल को अपर सत्र न्यायाधीश अजय पेंदाम ने भादंसं की धारा - 409 के अंतर्गत दोषी हुए ठहराते हुए 3 वर्ष के सश्रम कारावास और 1000 रुपए के जुर्माने से दण्डित किया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से अतिरिक्त जिला लोक अभियोजक अर्जुन उधवानी द्वारा पैरवी की गई थी। अभियोजन के अनुसार टोयोटा शोरूम के मैनेजर नीरज पाण्डेय द्वारा 30 मार्च 2019 को थाना मिसरोद में एक शिकायती आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया कि शो रूम के सीनियर सेल्समैन विकास दुबे ने ग्राहक परवेन्द्र सिंह भंडारी से टोयोटा कार इटियोस उवॉय बुक कराने के लिए प्राप्त एक लाख रुपए कविता कोरी की गाड़ी के पेटे में डालकर रसीद कटवाकर कविता कोरी से प्राप्त एक लाख रूपए सीनियर सेल्स के रूप में अपने कारोबार के अनुक्रम में प्राप्त कर बेईमानी कर अपने उपयोग में लेकर फरियादी के साथ धोखाधड़ी करने पर आपराधिक न्यास भंग कारित किया।

## स्थानीय खेल समाचार

# सीनियर में साहिल, जूनियर में दक्ष और ज़फिरा असद ने जीती बाजी

### खिलाड़ी देवाशीष की स्मृति में बिड़ला संग्रहालय में शतरंज प्रतियोगिता





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जीपी बिड़ला संग्रहालय में शुक्रवार को शतरंज खिलाड़ी देवाशीष की स्मृति में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन शतरंज शिक्षा अकादमी के सहयोग से किया गया, जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

आयोजक वीएन सक्सेना ने कहा कि उनका उद्देश्य एक बीज लगाना है, जो निश्चित एक वटवृक्ष के रूप में फैलेगा। प्रतियोगिता में सीनियर आयु वर्ग में साहिल देवनानी, हरीश फूलवानी और वरुण पन्हालकर क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर आयु वर्ग में दक्ष व ज़फिरा असद, अर्यांश व समृद्धि व भाव्या व अंकुश संयुक्त रूप से क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। सचिव, मप्र चेस एसोसिएशन कपिल सक्सेना, अध्यक्ष, एक्टिव फ्रेंडली एसोसिएशन पयोज जोशी एवं पूर्व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमेश गुप्ता ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। पूर्व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमेश गुप्ता ने बताया कि यह खेल करीब 5000 साल पहले महाभारत काल से खेला जाता है, लेकिन आधिकारिक तौर पर शतरंज का इतिहास 1500 वर्ष पुराना माना जाता है, जिसकी शुरुआत भारत में छठी शताब्दी में हुई थी। कपिल सक्सेना ने शतरंज को धैर्य का खेल बताते हुए कहा कि यह जीवन में धैर्य व क्रोध को रोकने में सहायक है। पयोज जोशी बताया कि इस प्रकार के आयोजन से कई प्रतिभाओं का जन्म होगा। कार्यक्रम के अंत में आभार कार्तिक सक्सेना व दिव्या सक्सेना ने माना।

# एलएनसीटी के खिलाड़ी बेस्ट ज़ोन आइस स्टॉक स्पोर्ट्स चैंपियनशिप' में करेंगे मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोल्हापुर में 27 एवं 28 जुलाई को आयोजित होने जा रही बेस्ट ज़ोन आइस स्टॉक स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025 में मध्यप्रदेश की आइस स्टॉक की टीम हिस्सा ले रही है।

इस प्रतियोगिता में होशंगाबाद, इंदौर, मंदसौर के अलावा एलएनसीटी भोपाल के शारीरिक शिक्षा विभाग के बीपीईएस के छात्र-छात्राएं भी राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। मप्र टीम में चयनित सभी खिलाड़ियों को एलएनसीटी विवि के कुलाधिपति जय नारायण चौकसे, अध्यक्ष आइस स्टॉक स्पोर्ट्स मप्र एवं कुलाधिपति जेएनसीटी डॉ. अनुपम चौकसे, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एलएनसीटी डॉ. धर्मेंद्र गुप्ता, वाइस चांसलर प्रो. डॉ. एनके थापक, रजिस्ट्रार डॉ. अजीत सोनी, डॉयरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. अशोक कुमार राय, स्पोर्ट्स डायरेक्टर एलएनसीटी पंकज कुमार जैन, आईटी हेड आकाश दुबे, असिस्टेंट रजिस्ट्रार डॉ. रमेश शुक्ला, डॉ. पीएस दारा सिंह, महेश सोधिया ने शुभकामनाएं दीं।

### एलएनसीटी के यह खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

पुरुष वर्ग की चयनित टीम में नरेंद्र सिंह राठौड़, कृष्णकांत पटेल, हर्षित जैन, समय तायडे, अली हैं। वहीं महिला वर्ग में हिमांशी माड़वी, रेनूर दीपाली, दुर्गेश्वरी आदि खिलाड़ी शामिल हैं।

खेलों को बढ़ावा देने के लिए बनाए 180 नोडल खेल केंद्र पत्राचार को किया पेपरलेस

# एजुकेशन पोर्टल की तर्ज पर स्कूल शिक्षा विभाग का स्पोर्ट्स मैनेजमेंट सिस्टम तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्कूल शिक्षा विभाग ने एजुकेशन पोर्टल की तर्ज पर स्पोर्टस मैनेजमेंट सिस्टम तैयार किया है। डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से विभाग की खेलकूद शाखा की गतिविधियों, प्रतियोगिता के आयोजन और उससे संबंधित पत्राचार को पेपरलेस कर दिया गया है। इस प्रकिया के चलते खेलों से जुड़ी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया गया है। शिक्षा विभाग के अंतर्गत मान्यता प्राप्त एमपी बोर्ड के विद्यालय, सीबीएसई के ऐसे स्कूल जो स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के और स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित विभिन्न खेलों की प्रतियोगिता में शामिल होना चाहते हैं, वे इस पोर्टल पर निश्चित पंजीयन शुल्क के साथ आवश्यक अभिलेख अपलोड करते हुए पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन 14 से 19 वर्ष से कम आयु वर्ग की प्रतियोगिताओं के लिए एक ही बार कराना होगा। स्पोर्टस मैनेजमेंट सिस्टम में प्रति वर्ष अपग्रेड किए जाने की सुविधा है। विद्यालय में अध्ययनरत नियमित खिलाड़ियों की दर्ज संख्या के मान से क्रीड़ा शुल्क का संकलन इसी पोर्टल के माध्यम से किए जाने की सुविधा दी गई है।

### गत वर्ष 500 खिलाड़ियों ने हासिल किए 600 पदक

सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को उच्च स्तर की खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश में स्थित शासकीय विद्यालयों में 180 नोडल खेल केन्द्रों की स्थापना की गई है। इन केन्द्रों के माध्यम से खेल अधोसंरचना के साथ उत्कृष्ट स्तर की खेल सामग्री खेल प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। पिछले वर्ष 500 खिलाड़ियों ने राज्य और संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में सहभगिता की और इसमें 600 पदक प्राप्त किए। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी प्रदेश के खिलाड़ियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930